Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 69
नई दिल्ली, सोमवार, 13 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

बांग्लादेशियों का अवैध दस्तावेज प्राप्त करना वोट जिहाद भाग-2 : फडणवीस

# कांग्रेस का शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 8,500 रुपये देने का वादा




नई दिल्ली में कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में 'युवा उड़ान योजना' की घोषणा करते कांग्रेस नेता सचिन पायलट, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन व अन्य। फोटोः रंजन डिमरी/द पायनियर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विधानसभा** चुनाव से पहले राजनीतिक दल सभी वर्गों के मतदाताओं को साधने के मकसद से चुनावी वादों को झड़ी लगा दी है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए युवा उड़ान योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत कांग्रेस के राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने पर शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल के लिए 8,500 रुपये का अब तक का सबसे बड़ा मासिक भत्ता देने का वादा किया गया है। पार्टी ने बेरोजगारी की बढ़ती समस्या को दूर करने के मकसद से यह बड़ी घोषणा की है। कांग्रेस संभवतः देश की पहली राजनीतिक पार्टी होगी जो अपनी रोजगार रणनीति के तहत इतनी बड़ी वित्तीय सहायता की पेशकश करेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस के विधानसभा चुनाव को धार देने के लिए सोमवार को पहली बार सीलमपुर में एक चुनाव जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे राष्ट्रीय और राज्य नेतृत्व के बीच मतभेद की अटकलों पर विराम लग जाएगा। वह पूर्वी दिल्ली में 'जय भीम-जय संविधान' जनसभा को संबोधित करेंगे। वर्ष 2013 में आप के सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस सत्ता में वापस आने की लगातार कोशिश कर रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की युवा उड़ान योजना कांग्रेस की तीसरी गारंटी है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को विवेकानन्द के जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस पर दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए अपनी तीसरी गारंटी युवा उड़ान का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहने वाले युवा और शिक्षित साथियों का साथ देना सरकार की जिम्मेदारी है। अगर युवा हतोत्साहित होता है, तो यह देश के लिए अच्छी बात नहीं है। कांग्रेस युवाओं की पहली नौकरी पक्की करेंगे जिसके तहत पार्टी दिल्ली में फैक्ट्रियां, कम्पनियों, (शेष पृष्ठ 9)

## भाजपा नुक्कड़ नाटक और फ्लैश मॉब से आप पर साधेगी निशाना

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**दिल्ली विधानसभा** चुनाव में भाजपा आम आदमी पार्टी और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को घेरने के लिए आने वाले दिनों में दिल्ली के लोगों को नुक्कड़ नाटक, फ्लैश मॉब, म्यूजिकल बैंड, मैजिक शो और कठपुतली शो से सच्चाई दिखाने का प्रयास करेगी। इसके लिए भाजपा



दिल्ली के 70 जिलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करे केजरीवाल पर विभिन्न घोटालों, 'शीशमहल' और चुनावी वादों को पूरा न करने का आरोप साबित करने को जोर लगाएगी। दिल्ली भाजपा रविवार को 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले चुनावी सरगर्मी को बढ़ाते हुए उन टीमों का चयन करेगी, जो प्रदर्शन करेंगी और पार्टी के संदेश को बड़ी संख्या में जनता तक पहुंचाएंगी। नुक्कड़ नाटकों के लिए करीब 350 टीमों ने ऑडिशन दिया है, जिनमें से सांस्कृतिक समिति 140 टीमों का चयन करेगी, जो केजरीवाल पर हमला करेगी और जिले के भाजपा उम्मीदवार को वोट देने की अपील करेगी। पांच लोगों की टीम द्वारा खेले जाने (शेष पृष्ठ 9)



## जयशंकर डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है। ट्रंप के 20 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि वाशिंगटन यात्रा के दौरान जयशंकर अमेरिका के आगामी ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें भी करेंगे। पिछले वर्ष नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में ट्रंप ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हराया था। जयशंकर ने पिछले महीने कहा था कि ट्रंप का भारत के प्रति सकारात्मक राजनीतिक दृष्टिकोण रहा है और भारत उनके प्रशासन के साथ गहरे संबंध बनाने और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई अन्य देशों की तुलना में अधिक लाभप्रद स्थिति में है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ट्रंप-वेंस शपथग्रहण समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। जे डी वेंस अमेरिका के नए उपराष्ट्रपति होंगे। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, विदेश मंत्री (जयशंकर) इस यात्रा के दौरान अमेरिका के भावी (शेष पृष्ठ 9)

# ढाका ने भारत की सीमा पर बाड़ लगाने की कार्रवाई का किया विरोध

**एजेंसी।** ढाका



**विदेश सचिव** मोहम्मद जशीम उद्दीन ने रविवार को यहां विदेश मंत्रालय में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा के साथ बैठक के दौरान हाल के सीमा तनाव को लेकर बांग्लादेश की ओर से गहरी चिंता व्यक्त की। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने पहले अपनी खबर में बताया था कि वर्मा को विदेश मंत्रालय ने सीमा पर बढ़ते तनाव पर चर्चा करने के लिए तलब किया था। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में हालांकि इस शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, विदेश सचिव राजदूत मोहम्मद जशीम उद्दीन ने आज विदेश मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा के समक्ष बांग्लादेश-भारत सीमा पर भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की हाल की गतिविधियों को लेकर बांग्लादेश सरकार की ओर से गहरी चिंता जताई। बीएसएस की खबर के अनुसार वर्मा अपराह्न लगभग तीन बजे (स्थानीय समयानुसार) विदेश मंत्रालय पहुंचे। विदेश सचिव के साथ उनकी मुलाकात लगभग 45 मिनट तक चली। वर्मा ने बैठक के बाद मीडिया से कहा, मैंने विदेश सचिव से मुलाकात कर अपराध मुक्त सीमा सुनिश्चित करने, तस्करी, अपराधियों की आवाजाही और मानव तस्करी की चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने संबंधी भारत की प्रतिबद्धता पर चर्चा की। उन्होंने कहा, सुरक्षा के लिए सीमा पर बाड़ लगाने के संबंध में हमारे बीच आपसी सहमति है। इस संबंध में बीएसएफ और बीजीबी (सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के बीच बातचीत जारी है। हम उम्मीद करते हैं कि आपसी सहमति को लागू किया जाएगा और अपराध से निपटने के लिए सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। यह घटनाक्रम (शेष पृष्ठ 9)

## पतंग महोत्सव



अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव के दौरान पतंग उड़ाते उत्साही लोग। पीटीआई

## विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से 22,194 करोड़ रुपए निकाले

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विदेशी** पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 22,194 करोड़ रुपए की निकासी की है। कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की संभावना, डॉलर में मजबूती तथा डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में शुल्क युद्ध तेज होने की आशंका के बीच एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले दिसंबर माह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार 15,446 करोड़ रुपए का निवेश किया था। वैश्विक और घरेलू मोर्चे पर अड़चनों के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में अपना निवेश घटा दिया है।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, भारतीय बाजारों से विदेशी कोषों की निकासी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की आशंका, ट्रंप प्रशासन में शुल्क युद्ध




की संभावना, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में सुस्ती, ऊंची महंगाई तथा भारत में ब्याज दरों में कटौती का दौर शुरू होने को लेकर असमंजस शामिल है।

इसके अलावा भारतीय रुपए का रिकॉर्ड निचला स्तर, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से भी एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (10 जनवरी तक) अबतक शेयरों से 22,194 करोड़ रुपए निकाले हैं। दो जनवरी को छोड़कर सभी कारोबारी सत्रों में एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, एफपीआई की लगातार बिकवाली का एकमात्र बड़ा कारण डॉलर इंडेक्स में लगातार बढ़ोतरी है, जो अब 109 से ऊपर है। (शेष पृष्ठ 9)



## एसकेएम गणतंत्र दिवस पर निकालेगा ट्रैक्टर मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संयुक्त किसान मोर्चा** (एसकेएम) ने 26 जनवरी को देश भर में ट्रैक्टर मार्च करने का रविवार को आह्वान किया और मांग की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के साथ उनकी लंबित मांगों पर चर्चा करें। एसकेएम का यह आह्वान किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है, जो गत 48 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

एसकेएम ने यहां जारी एक बयान में घोषणा की कि एमएसपी और कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचे (एनपीएफएएम) को खत्म करने सहित मांगों पर संयुक्त संघर्ष के लिए सोमवार को एक बैठक की जाएगी। एसकेएम ने बयान में कहा, एसकेएम ने किसानों से 26 जनवरी 2025 को 76वें गणतंत्र दिवस पर देश भर में जिला/उप-मंडल स्तर पर ट्रैक्टर/वाहन/मोटरसाइकिल परेड आयोजित करने का आह्वान किया है।

एसकेएम ने कहा, किसान इस मांग को लेकर परेड करेंगे कि प्रधानमंत्री तुरंत किसानों के मुद्दों पर सभी किसान संगठनों के साथ चर्चा के लिए बैठक बुलाएं और जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बचाएं, किसान विरोधी, संघवाद विरोधी एनपीएफएएम को तुरंत वापस लें और कानूनी रूप से गारंटीकृत खरीद के साथ एमएसपी के लिए कानून बनाएं। मांगों में किसानों और कृषि श्रमिकों के लिए व्यापक ऋण माफी योजना, बिजली का निजीकरण न करना, स्मार्ट मीटर न लगाना, 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का प्रावधान और एलएआरआर (भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता (शेष पृष्ठ 9)

## बीसीसीआई ने नए सचिव और कोषाध्यक्ष के नाम घोषित किए

**एजेंसी।** मुंबई

**देवजीत सैकिया** और प्रभतेज सिंह भाटिया को रविवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड की विशेष आम बैठक में निर्विरोध सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया। जय शाह और आशीष शेलार के त्यागपत्र देने के बाद यह दोनों पद रिक्त पड़े थे। सैकिया और भाटिया इन रिक्त पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार होने के कारण निर्विरोध चुने गए। पिछले महीने आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद शाह को सचिव पद छोड़ना पड़ा था जबकि शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। सैकिया असम और भाटिया छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। शाह के एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सैकिया सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारियां निभा रहे थे। वह संयुक्त सचिव थे और अब यह पद रिक्त हो गया है। चुनाव अधिकारी एके जोती ने परिणाम घोषित करते हुए कहा, पदाधिकारियों के दो पद सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ और इसलिए मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। शाह को बीसीसीआई ने शनिवार को सम्मानित किया था। उनका एसजीएम में भी स्वागत किया गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने एसजीएम के (शेष पृष्ठ 9)

# सड़क सुरक्षा पर यूपी सरकार की 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' नीति पर छिड़ी बहस

**बिस्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने दोपहिया वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के प्रयास में राज्य के सभी शहरों में हेलमेट नहीं, तो ईंधन नहीं नीति का प्रस्ताव दिया है। राज्य सरकार की इस नीति ने प्रदेश में एक नई बहस छेड़ दी है। अधिकारी, पेट्रोल पंप कर्मचारी और आम लोग इसके विपरीत विचार रख रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि हेलमेट जरूरी है, जबकि अन्य का तर्क है कि सरकार को नया कानून लागू करने के बजाय सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा पर भी विचार करना चाहिए। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने 8 जनवरी को लिखे पत्र मे कहा किदोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाओं में ज्यादातर मौतें इसलिए होती हैं क्योंकि वे हेलमेट नहीं पहनते हैं। यह नीति दो पहिया वाहन चालकों व सवारों को सजा दिलाने के मकसद से नहीं है बल्कि उनकी जान बचाने से संबंधित है।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी इस बात पर जोर दिया था कि राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के कारण हर साल 25,000-26000 लोगों की जान जाती है। यह आंकड़ा डरावना है लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। इस नीति का उद्देश्य लोगों की जान बचाना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हेलमेट पहनने से मौतों में काफी कमी आ सकती है। लखनऊ के इंदिरा नगर में पेट्रोल पंप पर सुखदेव चौधरी ने अपने रोजमर्रा के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि जब वह दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए कहते हैं या उन्हें पेट्रांल देने से इनकार करते हैं, तो वे नाराज हो जाते हैं। कुछ लोग तो चिल्लाते हुए कहते हैं कि पेट्रोल खरीदना उनका अधिकार है। लेकिन यह नीति हमें दृढ़ता से आग्रह करने में मदद करेगी।

पेट्रोल पंप प्रबंधक मनोज गुप्ता ने पहल का समर्थन किया और कहा कि वह हर दिन बिना हेलमेट के तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए देखते हैं। अगर ईंधन देने से मना करने पर वे दो बार सोचते हैं, तो इसे लागू करना उचित है। सरकार को टकराव कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर हमारा साथ देना चाहिए। हालाँकि, यात्रियों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएँ थीं। कॉलेज के एक छात्र अंकित वर्मा ने नीति का स्वागत करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि इस तरह की कोई नीति लागू की जाए। लोग सिर्फ जुर्माने से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। (शेष पृष्ठ 9)



## कोलकाता में नई गति सीमा लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल सरकार ने राज्य भर में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से वाहनों के लिए नई गति सीमा अधिसूचित की है, जो स्कूल और बाजार क्षेत्रों के आधार पर 10 किमी से लेकर 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी। अधिकारियों ने बताया कि बाजार और आवासीय क्षेत्रों से गुजरने वाली सभी शहरी और गैर-शहरी सड़कों पर गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा तक सीमित कर दी गई है, ताकि मृत्यु का जोखिम केवल 10 प्रतिशत तक सीमित रखा जा सके। स्कूल क्षेत्रों में इसे 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक सीमित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति सीमा 50 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है। बसों की गति सीमा 20 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है, जिसे शहर के कुछ इलाकों में घटाकर 10 किलोमीटर प्रति घंटा भी किया जा सकता है। एक अन्य अधिकारी ने बताया, यदि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सड़क हादसे होते रहे तो परिवहन विभाग और पुलिस इसकी जांच करेंगे और बसों की गति सीमा पर निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य ने वैज्ञानिक गति प्रबंधन नीति अपनाई है, जिसे आईआईटी-खड़गपुर के तकनीकी मार्गदर्शन के बाद तैयार किया गया है।

# दुनिया भर में कोलकाता, बेंगलुरु और पुणे का ट्रैफिक सबसे सुस्त

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**ट्रैफिक स्पीड** के मामले में दुनिया के 10 सबसे धीमे शहरों में से तीन शहर भारत में हैं। 2024 के टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स ने कोलकाता, बेंगलुरु और पुणे को दुनिया के शीर्ष पांच सबसे धीमे शहरों में रखा है। कोलम्बिया के बैरेंक्विला के बाद, कोलकाता 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे भीड़भाड़ वाला शहर है, और एशिया में सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला शहर है। इसके बाद गार्डन सिटी बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और पुणे शीर्ष तीन स्थान पर है। ज्ञात रहे कि पिछले साल, बेंगलुरु भारत का सबसे भीड़भाड़ वाला शहर था। आश्चर्यजनक रूप से इस बार दिल्ली को बहुत नीचे स्थान मिला। यह सूची में 122वें स्थान पर रहा। पिछले साल, दिल्ली दुनिया में 44वें स्थान पर था।

नीदरलैंड स्थित लोकेशन टेक्नोलॉजी फर्म टॉमटॉम द्वारा सड़कों पर यातायात और भीड़भाड़ पर किए गए नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार, शहर में ड्राइवरों ने 10 किमी की दूरी तय करने में औसतन 34 मिनट और 33 सेकंड का समय लगाया। जबकि भीड़भाड़ का प्रतिशत 32 है। कोलकाता के बाद बेंगलुरु का स्थान है, जहां ड्राइवरों ने 10 किमी की दूरी तय करने में 34 मिनट और 10 सेकंड का समय बिताया। यहां भीड़भाड़ का स्तर 38 प्रतिशत है। पुणे 33 मिनट और 22 सेकंड की यात्रा के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जिससे भारत के तीन शहर वैश्विक शीर्ष पांच में शामिल हो गए। यहां भीड़भाड़ का



स्तर 32 है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता में ड्राइवरों ने यातायात की भीड़भाड़ के कारण एक साल में 117 घंटे, बेंगलुरु में 110 घंटे और पुणे में 108 घंटे बर्बाद किए। टॉमटॉम सालाना दुनिया भर के प्रमुख शहरों में यातायात की स्थिति का मूल्यांकन करता है और इस साल की रिपोर्ट में कोलकाता, बेंगलुरु और पुणे को यातायात प्रवाह के लिए सबसे खराब माना गया है। शहरों में यात्रा समय (या औसत गति) में अंतर स्थिर और गतिशील कारकों के संयोजन से उत्पन्न होता है जो यातायात प्रवाह और समग्र ड्राइविंग स्थितियों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। आश्चर्यजनक रूप से, नई दिल्ली 10 किमी के लिए 23 मिनट की औसत यात्रा समय के साथ बहुत नीचे स्थान पर है। 2023 के सर्वेक्षण में दुनिया भर के 387 शहरों में से दिल्ली को 44वें सबसे भीड़भाड़ वाले शहर के रूप में स्थान दिया गया। 31 मार्च, 2023 तक, दिल्ली में 79.5 लाख वाहन थे, जिनमें से 20.7 लाख निजी कारें थीं। दिल्ली सांख्यिकी पुस्तिका 2023 के अनुसार, राजधानी में पंजीकृत वाहनों की कुल संख्या 1.2 करोड़ थी, जिनमें से 33.8 लाख निजी कारें थीं। वैश्विक स्तर पर शीर्ष 20 में दूसरा भारतीय शहर हैदराबाद (31.5 मिनट) था, जो 18वें स्थान पर है। एशिया में, चेन्नई 10 किमी के लिए 30 मिनट के औसत यात्रा समय के साथ 31वें स्थान पर रहा, जबकि मुंबई 10 किमी के लिए 28 मिनट के औसत यात्रा समय के साथ 39वें स्थान पर रहा। अहमदाबाद 29 मिनट के औसत यात्रा समय के साथ 43वें स्थान पर रहा।

एर्नाकुलम भी 28 मिनट के औसत यात्रा समय के साथ 50वें स्थान पर है। टॉम टॉम ट्रैफिक इंडेक्स से पता चला है कि कोलंबिया में बैरेंक्विला सबसे कम औसत गति वाला शहर है। बैरेंक्विला में ड्राइवरों ने 10.3 मील प्रति घंटे की औसत गति से यात्रा की और 10 किमी की यात्रा पूरी करने में 36 मिनट का समय लिया। वैश्विक स्तर पर, लंदन पहला यूरोपीय शहर है जिसने 14 किमी/घंटा की औसत गति के साथ सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले शहर के रूप में अपना स्थान 5वें स्थान पर बरकरार रखा। अन्य प्रमुख शहरों जैसे डबलिन (16 किमी/घंटा), मिलान (17 किमी/घंटा), लीमा (17 किमी/घंटा) और टोरंटो (18 किमी/घंटा) की औसत गति भी तीन शहरों कोलकाता, बेंगलुरु और पुणे की तुलना में धीमी बताई गई, जिससे शहरी यातायात भीड़भाड़ की व्यापक समस्या पर जोर दिया गया।

एशिया में, क्योटो, जापान और दावो सिटी, फिलीपींस भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। सूची में अग्रणी फ्रांसीसी शहर बोर्डो (24वां) है, जहां 10 किमी की दूरी तय करने में 31 मिनट और 8 सेकंड लगते हैं, जबकि पेरिस (45वां) में 28 मिनट और 53 सेकंड लगते हैं। (शेष पृष्ठ 9)

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 13 जनवरी , 2025



# कुंभ मेला जाने के लिए नोएडा से मिलेगी बस

● 24 जनवरी से सात फरवरी तक रोजाना 20 बसों का संचालन किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा रोडवेज 24 जनवरी से महाकुंभ में अपनी सुविधा देने जा रहा है। प्रबंधन ने बताया कि 24 जनवरी से सात फरवरी तक रोजाना 20 बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही अगर मुसाफिरों की भीड़ अधिक हो तो बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। अधिकारियों की ओर से दावा किया जा रहा है कि बसों का संचालन यात्री मिलने पर 24 घंटे किया जाएगा। नोएडा आरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया पूरे कुंभ मेले में बसों का संचालन होगा जिससे लोगों को दिक्कत न हो। इसके अलावा किसी भी समूह के लिए बुकिंग की सुविधा भी दी जा रही है। जोकि ऑन डिमांड बुक की जाएगी। इसे आज से शुरू किया जा रहा है। बस बुक कराने पर विभाग की ओर से रोडवेज छूट देने जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि अगर रोडवेज की कोई पूरी बस कुंभ जाने के लिए बुक करता है, तो दो यात्रियों के जितना किराया माफ किया जाएगा। बस बुकिंग की सुविधा को पूरे कुंभ के लिए रखा जाएगा।

हालांकि प्रबंधन ये भी कह रहा है कि अगर यात्री 13 जनवरी से मिलने शुरू हो जाएंगे तो उनके लिए बस उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा कई बसों को कौशांबी बस डिपो से नोएडा होकर निकाला जाएगा। ताकि मुसाफिर आसानी से कुंभ पहुंच सके। बर्शेते यात्रियों की संख्या कम नहीं होनी चाहिए।

# हल्की बूंदाबादी ने एनसीआर में बढ़ाई ठिठुरन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में शाम से लेकर रात तक रुक कर हल्की-हल्की बूंदाबांदी होती रही। 15 दिन में दूसरी बार मौसम बारिश से मौसम में बदलावा आया है। जहां सर्दी और भी बड़ गई है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के लिए 8 मिलीमीटर बारिश होने का अनुमान जताया है। अगले 2 दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। आज सुबह तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान है। दिन में बादल छाए रहने का अनुमान है, जहां बीच बीच में हल्की बारिश होने का अनुमान है। आज हवा की गति 11 किमी प्रति घंटा है। हवा सामान्य से तेज चलने से सर्दी बढ़ी है। शनिवार सुबह तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया, दिन में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से कोहरा रहा, दोपहर बाद भी हल्की धुंध रही। शाम से आसमान में बादल छाए, पहले किनकिन शुरू हुई, उसके बाद हल्की बूंदाबांदी। बारिश से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।लगातार शीतलहर जैसा मौसम है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पहाड़ों पर बर्फबारी का असर वेस्ट यूपी में भी दिखने को मिल रहा है। जिससे लगातार लोगों को गलन का सामना करना पड़ रहा है। दिन और रात के तापमान में 8 से 9 डिग्री सेल्सियस का असर है।

# केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

● जेसीबी की मदद से फैक्ट्री की दीवार तोड़कर अंदर फंसी 25 गायों को सुरक्षित बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र के दुजाना में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

फैक्ट्री में रखे केमिकल के ड्रम में लगातार धमाके होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई। दमकल की 32 गाड़ि यों ने 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि बचाव दल ने जेसीबी की मदद से फैक्ट्री की दीवार तोड़कर अंदर फंसी 25 गायों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में सुबह भीषण आग लग गई। यह आग इतनी भीषण थी की कुछ ही देर में इसने पूरी फैक्ट्री को अपने आगोश में ले लिया। इसके बाद आसपास से दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया और आग बुझाने की कोशिश की गई। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस आग पर जैसे तैसे काबू पाया गया, इस दौरान दमकल की 32 गाड़ियां इस आग बुझाने में जुटी रही। दरअसल ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में स्थित बांके बिहारी केमिकल प्लांट नाम की फैक्ट्री में सुबह करीब 3:30 बजे आग लगी।

आग लगने की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने पाया कि केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगी हुई थी। इसके बाद आसपास से दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान करीब 32 गाड़ियों को आग बुझाने के लिए बुलाया गया और इन 32 गाड़ियों ने इस आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन केमिकल फैक्ट्री में केमिकल होने की वजह से आग पर काबू पाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

केमिकल होने की वजह से आग और ज्यादा बढ़ती चली गई और आग और ज्यादा भीषण हो गई। हालांकि धीरे-धीरे कर इस आग पर जैसे तैसे काबू पाया गया।

करीब 5 से साढ़े घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की 32 गाड़ियों ने इस आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है, आग किस वजह से लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है लेकिन आग लगने की वजह से लाखों रुपए का केमिकल जलकर स्वाहा हो गया डीसीपी सेंट्रल शक्ति अवस्थी ने बताया- आग रविवार तड़ के 3.35 बजे लगी थी।

# पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर कैंटर पलटा, 4 कारें आपस में टकराईं

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह घने कोहरे के कारण एक बड़ा हादसा हो गया। गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास सुबह करीब 5:30 बजे हरियाणा से आ रहा एक कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे के बाद पीछे से आ रही चार कारें भी आपस में टकरा गईं। हादसे में कैंटर चालक शिवकरण सिंह (जिला प्रतापगढ़, थाना नबावगंज, गांव अहमदगंज निवासी) घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू किया। पुलिस ने बताया कि हादसे का मुख्य कारण सुबह का घना कोहरा था, जिसके कारण दृश्यता बेहद कम थी।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक की कार से टक्कर

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया है। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे एक परिवार की कार को रॉन्ग साइड से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार धर्मेंद्र की पत्नी उषा गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना शनिवार की देर रात की है, जब धर्मेंद्र अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ वृंदावन से घर लौट रहे थे। ईकोटेक प्रथम कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर सामने से गलत दिशा में आ रहे ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार ट्रक की नंबर प्लेट में फंस गई और काफी दूर तक घिसटती चली गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उषा के हाथ की हड्डी टूट गई और सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायल उषा को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



नॉएडा एक्सप्रेस पर स्पीड रडार से निर्धारित गति सीमा से तेज चलने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## सेक्टर 70 में शौर्य मिस्टीक बैंक्विट का उद्घाटन



**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 70 स्थित वसई गांव में सुविधाओं से लैस शौर्य मिस्टीक बैंक्विट का उद्घाटन बड़े समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शौर्य मिस्टीक के संस्थापक, पूर्व एमएलसी और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जितेंद्र यादव ने पुष्प देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्य केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, गौतम बुध नगर के सांसद महेश शर्मा, कारोबारी और पूर्व मंत्री डीपी यादव, दादरी विधायक तेजपाल नागर, वर्षा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, विक्रांत यादव ब्लॉक प्रमुख, गजेंद्र यादव सहित शहर की कई प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया। शौर्य मिस्टीक बैंक्विट अपने आधुनिक और भव्य स्वरूप के लिए चर्चा में है। बैंक्विट के मैनेजर रमन ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि इसका निर्माण पूरी तरह से आधुनिक आवश्यकताओं और सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। बैंक्विट की एंट्रेंस लॉबी की ऊंचाई 38 फीट है, जो नोएडा के अन्य बैंक्विट से अलग और आकर्षक है। यह बैंक्विट 50 से लेकर 1000 लोगों तक की गैदरिंग के लिए उपयुक्त है।

## भागवत कथा सुनकर भक्ति रस में डूबे भक्त



**गाजियाबाद।** वैशाली के प्राचीन श्री गौरीशंकर मंदिर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त भजन और कथा से अध्यात्म के रस में डूब गए। अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य श्यामकरण महाराज ने भरत चरित्र ध्रुव चरित्र, प्रहलाद आदि भक्ति मय कथाओं को प्रस्तुत किया। ज्ञात रहे कि संगीतमय श्रीमद्रभागवत पुराण कथा का शुभारंभ 10 जनवरी से भव्य कलश यात्रा से हुआ। यह कार्यक्रम ज्योतिषाचार्य पंडित विनय शास्त्री के निर्देशन में हो रही है। इस भागवत कथा के मुख्य यजमान गौरव गोविल और समस्त गोविल परिवार हैं। हर दिन बड़ी संख्या में भक्त गण कथा सुनने को पहुंच रहे हैं और प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष हेमंत त्यागी का स्वागत



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में भाजपा नंदग्राम मंडल में हेमंत त्यागी को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष हेमंत त्यागी का राजनगर एक्सटेंशन में भाजपा के किसान मोर्चे के उपाध्यक्ष नितिन त्यागी के कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस अव सर पर हेमंत त्यागी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उस पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। इस अवसर पर किसान मोर्चे के महानगर उपाध्यक्ष नितिन त्यागी ने कहा कि हम सभी मिलकर के भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का आम जनमानस के बीच प्रचार प्रसार करेंगे। इस अवसर पर एडवोकेट तेजवीर त्यागी, संदीप त्यागी नारंगपुर, नरवीन त्यागी, यज्ञदत्त त्यागी, नवीन त्यागी, सचिन त्यागी, सचिन शर्मा, भूषण त्यागी, नितिन त्यागी, सचिन त्यागी, धर्मेंद्र चौधरी, आशीष दूबे, संजीव गोस्वामी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कमरे में सो रहे दो युवकों की दम घुटने से मौत

● दोनों छोले-भटूरे की दुकान लगाते थे। रात के समय गैस पर उबलने के लिए छोला रख दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना फेस तीन क्षेत्र के बसई गांव में रहने वाले दो युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों छोले-भटूरे की दुकान लगाते थे। उन्होंने रात के समय गैस पर उबलने के लिए छोला रख दिया और सो गए। गैस जलती रही व छोला जलकर खाक हो गया। इसी बीच कमरे में जहरीली गैस बन गई।

उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया। थाना फेस- तीन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बसई गांव सेक्टर 70 मे रहने वाले एक व्यक्ति के मकान में किराए पर रहने वाले उपेंद्र 22 साल व शिवम 23 साल नामक दो युवक छोला भटूरा बेचने का काम करते थे।

उन्होंने बताया कि दोनों रात के समय अपनी दुकान बंद करके घर आए व सुबह की तैयारी में उन्होंने रसोई गैस को जलाकर उस पर उबलने के लिए छोला रख दिया। इसी बीच दोनों सो गए। गैस पूरी रात जलती रही। सुबह होते-होते छोला जलकर खाक हो गया। जले हुए छोले का धुंआ और रसोई गैस की वजह से कमरे में जहरीली गैस बन गई, जिसकी वजह से दोनों का दम घुट गया। सुबह के समय जब पड़ोस के लोग जगे तो उन्होंने देखा कि उनके कमरे से धुआं निकल रहा है, तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ा अंदर प्रवेश किया। पुलिस ने उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर डॉक्टरो ने उनको मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि इस मकान में रहने वाले पूर्व में दो लोग की भी अलग अलग समय पर संदिग्ध अवस्था में मौत हो चुकी है। एक व्यक्ति की छह माह पूर्व, जबकि एक व्यक्ति की डेढ़ वर्ष पूर्व इस मकान में संदिग्ध हालात मे मौत मृत हो चुकी है।

# अवैध रूप से सिक्योरिटी एजेंसी चलाने के आरोप में चार गिरफ्तार

**पायनियर सामचार सेवा।** गाजियाबाद

मसूरी पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के चार लोगों को अवैध रूप से सिक्योरिटी एजेंसी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शराफत अली, जफर इकबाल, मोहम्मद सफर (तीनों पूंछ निवासी) और मुमताज हुसैन (राजौरी निवासी) शामिल हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब कठुआ जिले के जिलाधिकारी के आदेश पर जम्मू-कश्मीर पुलिस एक आरोपी अब्बास को पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत गिरफ्तार करने गाजियाबाद पहुंची। इसके बाद गाजियाबाद पुलिस की जांच में यह मामला सामने आया।

डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी के अनुसार, आरोपी मसूरी क्षेत्र की फैक्ट्रियों में सिक्योरिटी गार्ड्स की आपूर्ति करते थे। जांच में पता चला कि आरोपी जम्मू-कश्मीर से युवाओं को लाकर उन्हें कम वेतन पर नौकरी देते थे, जबकि फैक्ट्रियों से मोटी रकम वसूलते थे। इन गार्ड्स का न तो चरित्र सत्यापन कराया गया था, न ही निवास सत्यापन या मेडिकल परीक्षण।

# पंजाबी विकास मंच पर साथ नजर आए सभी दलों के नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इस आयोजन के मंच पर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता तथा नोएडा के तमाम महत्वपूर्ण चेहरे एक साथ नजर आए। नोएडा में हुए इस आयोजन का कारण भी बहुत ही खास था। दरअसल यह आयोजन पंजाबी विकास मंच ने लोहड़ी पर्व के स्वागत में आयोजित किया था।

आयोजन को देखने वाले तमाम लोगों का कहना है कि, सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर एकत्रित करने का कमाल नोएडा शहर के चाणक्य कहे जाने वाले दीपक विग ही कर सकते हैं। शनिवार की शाम को नोएडा शहर में एक ही मंच पर तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं को देखकर नोएडा वासी आश्चर्यचकित रह गए। अवसर था लोहड़ी के सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का। पंजाबी विकास मंच के द्वारा लोहड़ी का पर्व धूमधास से मनाया गया। इस आयोजन संगीत व ढोल पर डांस भी किया। इस कार्यक्रम में पंजाबी समाज ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। नोएडा के इस खास समारोह में शामिल हुए अतिथियों में पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा, नेता कैप्टन विकास गुप्ता विपिन अग्रवाल और दिनेश यादव सपा आदि मौजूद रहे।

## जीआरपी ने 144 यात्रियों को गुम मोबाइल लौटाए

गाजियाबाद। गाजियाबाद जीआरपी पुलिस ने एक सराहनीय काम करते हुए रेल यात्रियों के चोरी और गुम हुए 144 मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापस लौटाए हैं।

सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता के अनुसार, इन फोनों की कुल कीमत 23 लाख 30 हजार रुपये है। पुलिस ने बताया कि कई फोन ईमानदार नागरिकों द्वारा स्टेशन पर जमा कराए गए थे। कुछ फोनों को ट्रैक करने के लिए सर्विलांस टीम ने आईएमईआई नंबर के माध्यम से लोकेशन का पता लगाया। फोन वापस पाने वालों में मनीष गुप्ता और देवी चरण जैसे यात्री शामिल हैं। देवी चरण का फोन मेरठ में ट्रेन में चढ़ते समय चोरी हुआ था। फोन पाने वाले यात्रियों ने जीआरपी की इस पहल की सराहना की।

# सुप्रीम सोसाइटी के सातवें फ्लोर से गिरा छात्र

● दोस्तों के साथ नोएडा की सोसाइटी में गया था, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा शहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल नोएडा के सेक्टर 99 में स्थित सुप्रीम टावर सोसाइटी के सातवें फ्लोर से गिरने से एक छात्र की मौत हो गई है।

बताया जा रहा है कि छात्र पढ़ाई कर रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच जारी कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, ये पूरी घटना सेक्टर-39 के थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जहां एक स्टूडेंट की 7वें फ्लोर से गिरकर मौत हो गई। मृतक अपने दोस्तों के साथ सेक्टर 99 में स्थित सुप्रीम टावर सोसाइटी गया था। छात्र की पहचान तापस के रूप में हुई है जो नोएडा के एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी पढ़ रहा था।

पुलिस के मुताबिक, युवक अपने कुछ साथियों के साथ फ्लैट पर गया था जहां इमारत से गिरने की वजह से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच में जुट गए। वहीं छात्र के मौत की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया और सबका रो-रोकर बुरा हाल है। कहा जा रहा है कि छात्र के पिता गाजियबाद में एडवोकेट हैं। हालांकि, अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि युवक 7वीं मंजिल से कैसे गिरा। फिलहाल पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस इस पूरी घटना की जांच गहनता से कर रही है। पुलिस जांच के दौरान मृतक के दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है। साथ ही पुलिस घर के लोगों से भी मामले के बारे में जानकारी ले रही है। पुलिस का कहना है कि परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# ठेकेदार की हत्या का खुलासा, एक धरा

● रास्ते में गाली देने से था आरोपी नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम क्षेत्र में एक ठेकेदार की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक होटल कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। एसीपी कवि नगर अभिषेक उपाध्याय के अनुसार, 11 जनवरी को मधुबन बापूधाम क्षेत्र में इंद्रजीत नाम के व्यक्ति का शव मिला था। जिसके शरीर पर चोट के निशान थे।

मृतक इंद्रजीत मकान बनाने का ठेका लेता था। उसकी बहन राजेश्वरी की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने एटा के रहने वाले रितिक शर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में रितिक ने बताया कि इंद्रजीत अक्सर उसके होटल पर खाना खाने आता था और गाली-गलौज करता था। घटना वाली रात भी इंद्रजीत नशे में था। जब रितिक घर जा रहा था, तब रास्ते में इंद्रजीत मिला और उसने गाली देना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, उसने रितिक के साथ हाथापाई भी की। गुस्से में आकर रितिक ने पास पड़े डंडे से इंद्रजीत की पिटाई कर दी, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। रितिक मौके से फरार हो गया और सारी रात सड़क पर पड़े रहने के कारण इंद्रजीत की मौत हो गई।



मधुबन बापूधाम थाना पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

## बच्चों के विवाद में युवक को पीटा

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दलेलगढ़ गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद कुछ दबंगों ने एक युवक को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा। अनुज ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

घटना की जानकारी के अनुसार, करीब तीन दिन पहले अनुज के भतीजों का पड़ोसी के बच्चों से खेलने के दौरान झगड़ा हो गया था। गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को बैठाकर मामले का निपटारा कर दिया था। शनिवार की रात जब अनुज ड्यूटी से घर लौट रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें जबरन रोक लिया और एक कमरे में ले जाकर डंडों और बेल्ट से बुरी तरह पीटा। पीड़ति के परिवार को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो वे बड़ी मुश्किल से अनुज को वहां से बचाकर लाए।

# पूर्व सांसद स्वर्गीय प्रकाशवीर शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद के तत्वावधान में हापुड़-गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद, स्वर्गीय प्रकाशवीर शास्त्री की प्रतिमा का त्यागी समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में अनावरण किया गया। राजनगर एक्सटेंशन चौराहे 'प्रकाशवीर शास्त्री चौक' (मेरठ रोड) गाजियाबाद पर प्रतिमा अनावरण से पहले विधि-विधान से हवन का आयोजन किया गया। प्रतिमा का अनावरण मुरादनगर के भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद ममता त्यागी, प्रसिद्ध डॉक्टर संजय त्यागी, बाबा विद्यानंद त्यागी, कनर्ल टीपी एस त्यागी, पुनीत त्यागी, सुरेश चंद त्यागी, भाजपा नेता राजेंद्र त्यागी, अजय त्यागी दिनकरपुर, अनिल त्यागी भदौली आदि के साथ त्यागी समाज के गणमान्य लोगों ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि हमें प्रकाशवीर शास्त्री जी के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने कहा कि प्रकाशवीर शास्त्री जी का पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित रहा है।

# आप ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया: पुरी


केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार अपने सभी प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है और उसने दिल्ली को बर्बाद कर दिया है।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यमुना की सफाई और दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने समेत 10 वादे गिनाए, जो आप ने 2020 के चुनाव से पहले किए थे, लेकिन ये पूरे नहीं हुए।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पुरी ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केवल झूठ फैलाते हैं और मतदाताओं से उनकी पार्टी द्वारा किए गए वादों को पूरा करने के लिए कोई प्रयास नहीं करते। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल यह कहते हुए राजनीति में आए थे कि वह बड़े सरकारी बंगले स्वीकार नहीं करेंगे और केवल अपनी वैगन आर का इस्तेमाल करेंगे लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान एक आलीशान जीवन जीने के लिए उन्होंने एक शीशमहल बनवा लिया। उन्होंने कहा, आप ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। पुरी ने पंजाब की आप सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने सीमावर्ती राज्य में नशे की बुराई को खत्म करने का वादा किया था लेकिन इसके बजाय इससे जुड़े माफियाओं को ज्यादा ऊर्जा मिल गई।

उन्होंने कहा, सुबह से शाम तक वे (आप) केवल टीवी चैनलों पर विज्ञापन चला रहे हैं। आपके पास अधिकार (विज्ञापन चलाने का) है क्योंकि आप उनके लिए भुगतान कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि टीवी चैनलों के मालिक पंजाब के नशा मुक्त नेतृत्व के बारे में विज्ञापन चलाकर राजस्व कमा रहे हैं। दिल्ली विधानसभा की 70 सीट के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी। साल 2015 और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप ने क्रमश: 67 और 62 सीट जीती थीं। भाजपा ने 2015 में तीन सीट और 2020 में आठ सीट जीतीं, जबकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

## सत्ता में आने पर भाजपा झुग्गियों को ध्वस्त कर देगी : केजरीवाल


शकूर बस्ती इलाके में भाजपा पर निशाना साधते आप प्रमुख केजरीवाल, साथ में सत्येंद्र जैन। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अमित शाह को दी चुनौती, 24 घंटे में झुग्गियों के केस वापस लें, उन्हें पुरानी जगह बसाएं, वह चुनाव नहीं लड़ेंगे

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह दिल्ली की सभी झुग्गी-बस्तियों को ध्वस्त कर देगी।

साथ ही विपक्षी पार्टी पर झुग्गीवासियों के कल्याण की बजाय भूमि अधिग्रहण को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती दी कि 24 घंटे में झुग्गियों के केस वापस लें, उन्हें पुरानी जगह बसाएं, वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने भाजपा की जहां झुग्गी वहां मकान योजना की भी आलोचना की और इसे दिखावा बताया। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, पिछले पांच वर्षों में भाजपा झुग्गीवासियों के लिए केवल 4,700 फ्लैटों का निर्माण किया है। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की योजना झुग्गीवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा किए बिना उनके कब्जे वाली जमीन पर कब्जा करने की है। केजरीवाल के साथ आप के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन भी थे, जो शकूर बस्ती निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार हैं। जैन वर्ष 2013, 2015 और 2020 में जीतने के बाद चौथी बार इस सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं।

# विस चुनाव: केजरीवाल की कर्मभूमि में आप का पूर्व कांग्रेस विधायक पर दांव

- सीमापुरी सुरक्षित सीट पर मुस्लिम और दलित मतदाता तय करेंगे प्रत्याशियों की किस्मत


वीर सिंह धिंगान


कुमारी रिंकू


राजेश लिलोठिया

**ज़ाहिद अली।** नई दिल्ली

सीमापुरी विधानसभा की झुग्गी बस्ती का इलाका पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कर्मभूमि रहा है। इस बार यहां से आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के तीन बार के पूर्व विधायक वीर सिंह धिंगान पर दांव लगाया है। धिंगान वाल्मिकी समुदाय से आते है। सीमापुरी इलाके में वाल्मिकी समुदाय खासी तादाद में हैं। आप ने पिछले तीन विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल थी, बावजूद सीमापुरी विधानसभा में वाल्मिकी मतदाताओं में सेंध नहीं लगा पाई थी। यह विधानसभा एक सुरक्षित सीट है। यहां करीब तीस प्रतिशत आबादी दलितों की है, जिसमें कोली, वाल्मिकी और जाटव समुदाय लगभग बराबर संख्या में है। पिछले तीन चुनाव में आम आदमी पार्टी ने मुस्लिम और दलित वोटों में सेंध लगाकर कांग्रेस को तीसरे नंबर पर धकेल दिया था। ज्ञात हो कि यहां अरविंद केजरीवाल ने अपने गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के सहारे न केवल सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान बनाई बल्कि राजनीति का पाठ भी पढ़ा। आप संयोजक का शुरुआती संघर्ष तब के तत्कालीन कांग्रेस विधायक वीर सिंह धिंगान के साथ हुआ था। आरटीआई कार्यकर्ता के रूप में यहां होने वाले भ्रष्टाचार का उजागर किया था। अब राजनीति विडंबना यह है कि 20 साल बाद वीर सिंह धिंगान आम आदमी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ रहे हैं।




### कांग्रेस से आयात किए उम्मीदवार से नाराजगी

सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी और पार्टी कार्यकर्ता, वीर सिंह धिंगान को टिकट मिलने से हैरान है। संघर्ष के दिनों में साथ देने वाले और कुछ कद्दावर नेता काफी निराश दिखे हैं।

इस सीट से पार्षद मोहनी जसवाल, रमेश बिसाइयां, व पूर्व पार्षद विमलेश कोहली, संतोष जाटव टिकट मांग रहे थे। यहां नाराजगी इस कदर हुई कि पूर्व पार्षद विमलेश कोली ने सूची जारी होते ही सीमापुरी विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि पार्टी के मनाने के बाद वह मान गई। हालांकि सूत्रों से पता चला है कि आम आदमी पार्टी की पुरानी टीम वीर सिंह धिंगान के प्रचार से बेरूखी दिखा रहे हैं।

### भाजपा समर्थकों में उत्साह

भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहले सूची में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट सीमापुरी से कुमारी रिंकू सिंह को मैदान में उतारा है। रिंकू जाटव समाज से आती है। इस समुदाय के मतदाता यहां बड़ी संख्या में हैं। इस बार स्थानीय स्तर पर आप के खिलाफ नाराजगी को देखते हुए भाजपा को काफी उम्मीदें है। हालांकि वर्ष 2013 से सीमापुरी सीट पर आम आदमी पार्टी का दबदबा है। तब यहां से सबसे पहले आप की धर्मेंद्र सिंह ने जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2015 और वर्ष 2020 के चुनाव में राजेंद्र पाल गौतम वजयी हुए थे। पिछले चुनाव में राजेंद्र गौतम को 88392 वोट मिले, जबकि वर्ष 2015 में उन्हें 79777 वोट मिले।

### मुस्लिम मतदाताओं का रूख

विधानसभा में करीब तीस प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। यह वोटर कभी कांग्रेस का परंपरागत समर्थक रहा था। आम आदमी पार्टी के उदय के बाद यहां के मतदाता आप के पाले में चला गया। कांग्रेस ने यहां से राजेश लिलोठिया को मैदान में उतारा है। बाहरी उम्मीदवार होने के कारण लिलोठिया के बारे में मुस्लिम मतदाता पूरी से अनजान नजर आएं। हालांकि कांग्रेस को यहां खाता खोलने की उम्मीद है।

### मुफ्त की योजनाओं का असर

इस विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में कामकाजी महिलाएं रहती हैं। वे कारखानों से लेकर घरों में साफ सफाई का काम करने के लिए उन्हें बसों में सफर करना पड़ता है। दिल्ली सरकार की मुफ्त योजनाओं का असर यहां के मतदाताओं पर साफ दिखाई देता है।

### इलाके की समस्याएं

*सीमापुरी इलाके में कपड़े, घरेलू सामान के साथ-साथ एक्सेसरीज की कई छोटी-बड़ी दुकानें हैं। वहीं सुंदर नगरी में कार के स्पेयर पार्ट्स की दुकाने हैं। यहां पर पुराने कारों के पुराने पार्ट्स बड़ी आसानी से मिल जाते हैं। सीमापुरी के लोग बुनियादी समस्याएं जैसे सड़क, पानी की कमी से परेशान हैं। यहां पर बिजली के अलावा कानून-व्यवस्था भी अहम मसला है।*

# दिनभर चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद मोहन बिष्ट को मुस्तफाबाद से टिकट



- करावल नगर से टिकट नहीं मिलने पर भावुक भाजपा विधायक की छलक पड़ी थी आंखे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार शाम जारी 29 प्रत्याशियों की सूची में करावल नगर से कपिल मिश्रा को टिकट देने के बाद निवर्तमान भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट के समर्थकों में खासा रोष और गुस्सा देखा गया। जिसके चलते रविवार पूरे दिन हाई वोल्टेज ड्रामे के साथ भावनाओं का ज्वार भी उस समय देखने को मिला जब भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट की आंखे छलक पड़ी। हालांकि पार्टी ने सियासी समीकरण को बनाए रखने के लिए देर शाम मुस्तफाबाद से मोहन सिंह बिष्ट को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा कर दी।

भाजपा की दूसरी सूची में करावल नगर से मोहन सिंह बिष्ट की जगह कपिल मिश्रा का नाम होने के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं व पार्टी के एक धड़े में नाराजगी देखी गई। हालांकि मोहन सिंह बिष्ट ने टिकट जारी होने के बाद कहा कि पार्टी जो कहेगी वही फैसला सर्वोपरि होगा और हम सब मानेंगे।

मैं करावल नगर सीट से 5 बार से लगातार विधायक हूं। अब मैं जिस जगह पर जा रहा हूं (मुस्तफाबाद), वो भी मेरी ही सीट है। 2008 में वह सीट बदल गई थी, लेकिन 15 साल से वहां के लोगों से मेरा जुड़ा नहीं रहा इसलिए दुख होता है। मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद सीट से साल 2008 तक 10 साल के विधायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियां और जातीय समीकरण ठीक न होने की वजह से भाजपा की यहां हार रही थी, इसलिए मेरी पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है और मैं यह सीट जीत कर दिखाऊंगा।

मोहन सिंह बिष्ट ने 2020 में आप के दुर्गेश पाठक को हराया था, बीजेपी ने 2015 में भी उन्हें टिकट दिया था लेकिन तब वह कपिल मिश्रा से हार गए थे। उस वक्त कपिल मिश्रा आप के सदस्य थे। कपिल मिश्रा ने 2015 में बड़े वोटों के अंतर से मोहन सिंह बिष्ट को हराया था।

करावल नगर विधायक ने कहा, मेरा कपिल मिश्रा से मतभेद रहा है, यह बात स्वाभाविक है. मेरी जगह कोई भी होता तो ऐसा ही होता। मेरा जनता से बहुत लगाव है। अब सीट छोड़नी पड़ेगी तो दुख होता है। भाजपा हाईकमान के फैसले को सर्वोपरि मानते हुए अब मैं मुस्तफाबाद से ही चुनाव लड़ूंगा। रविवार दिन में भावुक होकर मोहन सिंह बिष्ट बोले, जो व्यक्ति मेहनत करता है, लेकिन फिर मन मुताबिक रिजल्ट ना आए तो बहुत दुख होता है, लेकिन पार्टी जो कहेगी मैं वही करूंगा। जिस खेत को हमने जोता, जिस बाग में हमने बागवानी लगाई है, वहां नुकसान हो ये कोई नहीं सोच सकता।

दिल्ली में निश्चित रूप से बीजेपी की सरकार बनेगी और मैं सरकार में आऊंगा। इससे पहले, मोहन सिंह बिष्ट ने कहा था कि वह करावल नगर सीट से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। बिष्ट ने कहा, भाजपा सोचती है कि वे किसी को भी मैदान में उतारेंगे और वह जीत जाएगा। यह एक बड़ी गलती है। बुराड़ी, करावल नगर, घोंडा, सीलमपुर, गोकलपुरी और नंद नगरी सीटों पर क्या होगा, यह तो समय ही बताएगा।

# दिल्ली-एनसीआर से हटी ग्रैप-3 की पाबंदिया

- ग्रैप एक और दो के प्रतिबंध बरकरार रहेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में बारिश के बाद हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ जिसके कारण ग्रैप -3 की पाबंदियां हटा दी गई हैं। लेकिन ग्रैप एक और दो के प्रतिबंध बरकरार रहेंगे। अब निर्माण कार्यों पर लगी रोक हट गई है और बीएस-4 या पुराने मध्यम आकार वाले एमजीवी वाहनों से भी रोक हट गई है और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति वाले वाहनों पर लगी रोक भी हटा दी गई है।

शनिवार को हुई वर्षा के असर से एक्यूआई में हो रहे सुधार के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप समिति ने रविवार को दिल्ली और एनसीआर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) तीन के नौ सूत्री प्रतिबंध तीन ही दिन बाद तत्काल प्रभाव से वापस ले लिए। इससे दिल्ली व एनसीआर के चार जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर में बीएस तीन पेट्रोल एवं बीएस चार डीजल वाहनों के इस्तेमाल पर रोक खत्म हो गई है। साथ ही हर तरह के निर्माण व विध्वंस से संबंधित हर तरह के कार्य भी हो सकेंगे। दिल्ली और एनसीआर के उक्त चारों जिलों में पांचवीं कक्षा तक स्कूल हाइब्रिड मोड में चलाने की अनिवार्यता भी खत्म हो गई है। सीएक्यूएम का कहना है कि रविवार शाम चार बजे दिल्ली का एयर इंडेक्स घटकर 278 व शाम साढ़े पांच बजे 276 हो गया। अनुमान है कि अभी आगे इसमें और गिरावट होगी। मंगलवार और बुधवार को भी पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। ऐसे में अगले कुछ दिनों तक दिल्ली में एयर इंडेक्स खराब ही रहने की संभावना है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एयर इंडेक्स 350 से 400 होने पर ग्रैप तीन एवं ग्रैप चार के प्रतिबंध जरूरी है। एयर इंडेक्स 350 से कम होने के कारण ग्रैप तीन के प्रतिबंध हटाए गए हैं।

## आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए लोगों से मांगा चंदा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री और कालकाजी से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार आतिशी ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए रविवार को चंदा अभियान शुरू किया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोग उनकी पार्टी की काम और ईमानदारी की राजनीति का समर्थन करेंगे। चुनाव लड़ने के लिए उन्हें 40 लाख रुपए की जरूरत है। आतिशी ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा छोटे-छोटे दान की मदद से चुनाव लड़ा है, जिससे उसे काम और ईमानदारी की राजनीति करने में मदद मिली है। आतिशी से जब भाजपा के इस दावे के बारे में पूछा गया कि कैग ने दिल्ली सरकार की रद्द हो चुकी आबकारी नीति के कारण 2,026 करोड़ रुपए का घाटा होने का अनुमान लगाया है, तो उन्होंने कहा, दिल्ली में 10 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद आप के पास भ्रष्टाचार का कोई पैसा नहीं है। हम दिल्ली और देश के लोगों के समर्थन से चुनाव लड़ेंगे, जैसा कि पिछले चुनावों में किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक घायल

- एसयूवी डिवाइडर से टक्कराई, विपरित दिशा से आ रही दो कारों से टकराई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





पूर्वी दिल्ली में मयूर विहार के पास एक एसयूवी के सड़क पर बने डिवाइडर से टकराने और फिर विपरीत मार्ग में आ रही दो कारों से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नोएडा लिंक रोड पर हुए इस हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हो गया। एसयूवी से टकराने वाली कारों में से एक के चालक आकाश द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, दुर्घटना एक बोलेरो की वजह से हुई जो दिल्ली से नोएडा की ओर आ रही थी। शिकायत में कहा गया है कि रात के करीब एक बजकर 14 मिनट पर बोलेरो सड़क के बीच में बने डिवाइडर से टकरा गई और विपरीत लेन में चली गई और आकाश की बलेनो कार से टकरा गई और फिर एक टैक्सी पर पलट गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में टैक्सी चालक अर्जुन सोलंकी और टैक्सी में सवार सुमन धूपरा की मौत हो गई। धूपरा के पति संजीव गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलबीएस अस्पताल भेज दिया गया है।

मयूर विहार पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बोलेरो चालक घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कुंभ मेले के विभिन्न पहलुओं को बयां करती किताब




**नई दिल्ली।** महाकुंभ पर एक नई सचित्र पुस्तक इस विशाल आयोजन की पौराणिक कथाओं, जीवंत अनुष्ठानों और गहन आध्यात्मिकता पर प्रकाश डालती है। प्रयागराज में सोमवार से महाकुंभ की शुरुआत होगी। दीपक कुमार सेन द्वारा लिखित द डिवाइन कुंभ: इकोज ऑफ इटर्निटी : गंगा, शिप्रा, गोदावरी एंड संगम किताब मेले के शाश्वत सार पर प्रकाश डालती है, साथ ही उन आधुनिक नवाचारों की खोज करती है, जिन्होंने इस आयोजन को एक वैश्विक आकर्षण में बदल दिया है। इस साल यह आयोजन और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि महाकुंभ हर 12 साल में एक बार होता है और इसे सभी कुंभ मेलों में सबसे पवित्र माना जाता है। कुंभ मेला बारी-बारी से हर तीन साल में हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में आयोजित किया जाता है। कुंभ मेले को धरती पर लोगों के सबसे बड़े जमावड़े में से एक माना जाता है।

### चांदनी चौक पहुंची मलाइका अरोड़ा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऐतिहासिक चांदनी चौक में रविवार को फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पहुंचीं। वे ओमैक्स चौक में होम डेकोर ब्रांड 'हाउस ऑफ सूर्या' के उद् घाटन के अवसर पर यहां पहुंची थी। यहां बॉलीवुड की ग्लैमरस अदाकारा मलाइका अरोड़ा ने अपनी मौजूदगी से इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर मलाइका ने कहा देश के सबसे प्रसिद्ध चांदनी चौक में आना मेरे लिए एक खास अनुभव है। इस मौके पर ओमैक्स एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जतिन गोयल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### टैक्सी छीनने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तीनों लोगों को गिरफ्तार कर यहां द्वारका में टैक्सी छीनने के मामले को सुलझाने का दावा किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर यशोभूमि के पास 31 दिसंबर 2024 को यह घटना हुई थी। शिकायतकर्ता रोहित (26) ने पुलिस को बताया था कि मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने उसे रोका और उसकी टैक्सी छीन ली। रोहित हरियाणा के महेंद्रगढ़ का रहने वाला है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की गई तथा टैक्सी मालिक द्वारा उपलब्ध कराए गए जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम की मदद से इस गाड़ी के गुरुग्राम में होने का पता चला।

# वोटर बोले, लैंडफिल, स्वास्थ्य और खराब बुनियादी ढांचा चुनावी मुद्दा

- गाजीपुर के लोग उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के मुकाबले मुद्दों को प्राथमिकता देने की कर रहे अपील



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के गाजीपुर लैंडफिल (कूड़े के पहाड) के आसपास रहने वाले लोगों के लिए खांसी, बुखार और अन्य सांस संबंधी बीमारियां पूरे साल की स्वास्थ्य समस्याएं हैं। यह कहना है, इस क्षेत्र में पैदा हुई और पली-बढ़ी 28-वर्षीय अंजना कुमारी का। दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही गाजीपुर लैंडफिल के साए में रहने वाले लोग उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से अपने मुद्दों को प्राथमिकता देने की अपील कर रहे हैं, क्योंकि वे प्रदूषण, स्वास्थ्य समस्याओं और अपर्याप्त बुनियादी ढांचे से जूझ रहे हैं।

अपनी ऊंचाई और जहरीले उत्सर्जन के लिए कुख्यात यह लैंडफिल क्षेत्र के बाशिंदों के लिए पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी खतरों का लगातार स्रोत रहा है। मानसून के दौरान नालियों का जाम होना, उनसे गंदे पानी का बाहर आ जाना, दूषित जल और सांस संबंधी बीमारियां जैसी समस्याएं क्षेत्र के लोगों को परेशान करती हैं। कई लोगों को ऐसा महसूस होता है कि उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों ने उन्हें उनके भाग्य पर छोड़ दिया है।

गाजीपुर निवासी शिव कुमार (30) ने कहा कि लैंडफिल के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, यहां लोग बीमार पड़ते हैं, लेकिन बहुतों को यह एहसास ही नहीं होता कि यह लैंडफिल के प्रदूषण के कारण है। मेरे चेहरे पर फंगल संक्रमण हो गया है, जो यहां आम बात है।

स्थानीय प्रशासन के प्रति निराशा व्यक्त करते हुए कुमार ने कहा, यदि हम अपने मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिनिधियों को वोट दे रहे हैं, तो फिर हम अकेले ही उनसे क्यों निपट रहे हैं।

हम राजनेताओं पर जो भरोसा करते हैं, उस भरोसे का उन्हें सम्मान करना चाहिए। गर्मियों में लोगों के सामने आने वाली दुश्वारियों का जिक्र करते हुए 28 वर्षीय अंजना ने कहा कि लैंडफिल में अक्सर आग लग जाती है और जहरीला धुंआ निकलता है। अंजना ने कहा कि मानसून के दौरान नालियों का गंदा पानी गलियों में बहने लगता है, जिससे उनके क्षेत्र में जलभराव की स्थिति और खराब हो जाती है। उन्होंने कहा, गर्मियों के दिनों में अक्सर लैंडफिल में आग लग जाती है और उस दौरान कोई भी अपने घरों से बाहर नहीं निकल सकता। यहां तक कि बरसात में भी नालियों का गंदा पानी बाहर आ जाता है।

यहां साल भर खांसी और बुखार आम बात है। हमें अगली सरकार से नालियों की सफाई और सीवर की मरम्मत करवाने की जरूरत है।

गाजीपुर लैंडफिल के पास चार दशकों से अधिक समय से रह रहे 63-वर्षीय सुखबीर सिंह ने बताया कि प्रदूषण और खराब सफाई व्यवस्था के कारण उन्हें सांस संबंधी समस्याएं हो गई हैं। बीस वर्षीय सोमा सैफी ने बुनियादी साफ-सफाई की कमी की ओर इंगित किया और दावा किया कि लैंडफिल के कारण क्षेत्र के कई लोगों के फेफड़ों में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं।

## पैरोल पर रिहाई के बाद फरार हुआ रेप का दोषी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गए बलात्कार के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति को बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

पुलिस ने बताया कि गीता कॉलोनी के रहने वाले दोषी राहुल को कोविड-19 महामारी के दौरान मार्च 2020 में पैरोल पर 90 दिन के लिए रिहा किया गया था और इसके बाद वह फरार हो गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, उसने पैरोल की अवधि समाप्त होने पर भी आत्मसमर्पण नहीं किया और लगभग पांच साल तक फरार रहा। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी गाजियाबाद के वसुंधरा में रह रहा है।

# गुरुग्राम की आशियाना सोसाइटी में घुसा तेंदुआ, रेस्क्यू करने के बाद अरावली में छोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- तेंदुए की सूचना पाकर घरों में छिपे लोग
- वन विभाग की टीम ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद किया काबू

खंड सोहना के पास शनिवार की देर रात अरावली से निकलकर तेंदुआ एक रिहायशी सोसायटी में घुस गया। तेंदुआ आने की सूचना पाकर सोसायटी के लोगों में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों में कैद हो गए। सूचना पाकर वन विभाग व वाइल्ड लाइफ की टीम सोसायटी में पहुंची। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फव्वारा व गेट को काटकर तेंदुआ पकड़ा गया।

जानकारी के अनुसार सोहना के साथ स्थित आशियाना सोसायटी में शनिवार की देर रात तेंदुआ घुस गया। लोगों ने तेंदुए को देखा तो शोर मच गया। लोग दहशत में आ गए। बच्चों के साथ सभी लोग अपने घरों में कैद हो गए। तेंदुआ सोसायटी में बनाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में घुसकर बैठ गया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग व वाइल्ड लाइफ की टीमें सोसायटी में पहुंची और तेंदुए की तलाश शुरू की। सोसायटी के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। तेंदुआ सोसायटी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में जाकर बैठा हुआ था। उसका रेस्क्यू करने में टीमों को करीब पांच घंटे का समय लगा। उसे पकड़ने के लिए पानी के फव्वारे और गेट को काटा गया। खास बात यह रही कि टीम के सदस्यों ने पूरी हिम्मत से काम लेते हुए बिना उसे बेहोश किए ही पिंजरे में बंद कर लिया।


आशियाना सोसाइटी से वन विभाग व वाइल्ड की टीम द्वारा पकड़ा गया तेंदुआ।

> सोसाइटी में एक नर तेंदुआ घुसा था, जिसकी उम्र करीब सात साल है। उसे कड़ी मशक्कत से सुरक्षित पकड़ा गया। किसी तरह से जान-माल का कोई नुकसान नहीं होने दिया। जब तक उसे पकड़ा नहीं गया, तब तक लोगों की सांसें अटकीं रहीं।
>
> **कृष्ण कुमार, निरीक्षक वन विभाग**

### कई सोसाइटी हो गई हैं विकसित

**वैसे तो वन्य प्राणियों के आसपास किसी तरह की गतिविधि होना नियमों के खिलाफ हैं, लेकिन अरावली क्षेत्र में काफी स्थानों पर रिहायशी सोसायटियां व अन्य गतिविधियां हो रही हैं। ऐसे में वन्य प्राणियों को भी परेशानी हो रही है। वे विचरते हुए आबादी के बीच पहुंच जाते हैं। कई बाद ऐसा हो चुका है। एक बार हिंसक हुए एक तेंदुए को तो ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार ही दिया था। अरावली क्षेत्र बहुत बड़े क्षेत्रफल में है। ऐसे में यहां पर्यटक भी काफी आते हैं। सरकार की ओर से भी अरावली क्षेत्र में जंगल सफारी बनाने की घोषणा की गई है। विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए यहां पर देशी, विदेशी प्रजातियों के जंगली-जानवरों का वास होगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने कार्यकाल के दौरान जंगल सफारी विकसित करने के लिए दुबई के शारजाह के जंगल में भी गए थे। उन्होंने अधिकारियों के दल के साथ वहां से काफी जानकारियां हासिल कीं। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार इस काम की ओर तेजी से बढ़ रही है।**

## पशु पालक सीवर लाइन में न डालें गोबर: निगम

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार जनहितैषी कार्य किए जा रहे हैं। उसी दिशा में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर निगम मुख्यालय के सभागार में चल रहे समाधान शिविर में आज निगम के चीफ इंजीनियर बीके कर्दम ने जन समस्याएं सुनी। गौरतलब है कि यह समाधान शिविर हर कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक सभी सरकारी कार्यालयों में लगाए जा रहे हैं और लोगों को समाधान शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। समाधान शिविर में डबुआ कालोनी से आई शिकायत पर पशु पालन करने वाले लोगों को कहा कि अपने पशुओं के गोबर को सीवरेज में न डालें।

# दस साल में तेजी से आगे बढ़ा देश: उपराष्ट्रपति

## बतौर मुख्य अतिथि मास्टर्स यूनियन प्रबंधन संस्थान के दीक्षांत समारोह में पहुंचे जगदीप धनखड़

- विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को लेना होगा संकल्प

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के मास्टर्स यूनियन प्रबंधन संस्थान के दीक्षांत समारोह में छात्र को डिग्री देते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने कहा कि पिछले दशक में दुनिया में कोई भी देश इतनी तेजी और स्थिरता से नहीं बढ़ा है, जितना भारत बढ़ा है। अब लोगों की अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। इन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। आपको आउट ऑफ बॉक्स सोचना होगा। आज हमारा भारत दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। उपराष्ट्रपति रविवार को साइबर पार्क स्थित प्रबंधन शिक्षण संस्थान मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों का डिग्रियां वितरित कीं।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि युवा इच्छा शक्ति के आधार पर सपनों को साकार करने में अवश्य सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है। अब उनकी उन्नति की उम्मीदें और बढ़ गई है। हमारा भारत बदल रहा है। यह इतना बदल चुका है कि हम जैसे लोग कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को खुद पर विश्वास करना चाहिए। लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में युवाओं की भूमिका और संसद के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों के कर्तव्यों को दोहराते हुए उप राष्टपति ने कहा कि आप मुझे संविधान सभा की याद दिलाते हैं। जिन्होंने कठिन मुद्दों पर चर्चा की।

उपराष्टपति ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप शासन के सबसे प्रभावशाली हिस्सेदार हैं। आप विकास के इंजन हैं। अगर भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट बनाना है, तो चुनौती बहुत बड़ी है। हम पहले ही पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन चुके हैं, लेकिन आय आठ गुना बढ़ानी होगी। यह एक बड़ी चुनौती है। स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि उठो, जागो और तब तक मेहनत करो, जब तक कि आप मंजिल तक पहुंच नहीं जाते। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को मैनेजमेंट पाठ्यक्रम पूरा करने की शुभकामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश करीब पांच हजार साल पुरानी सभ्यता की विरासत को साथ लेकर चल रहा है।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के साथ मंच पर हरियाणा प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल, मास्टर्स यूनियन के संस्थापक प्रथम मित्तल, जिला परिषद की चेयरमैन दीपाली चौधरी, गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार, डीसीपी नाजनीन भसीन, एसडीएम रविंद्र कुमार, नायब मौजूद रहे।

### गुरुग्राम शहर को ग्रीन ग्राम भी बनाना है

**उपराष्ट्रपति ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और उपायुक्त अजय कुमार से कहा कि गुरुग्राम में सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इसे ग्रीन ग्राम भी बनाना है। लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं देनी हैं। जिला प्रशासन से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। जितनी भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दूर करने में लोगों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वर्ष 2023-24 में कर्तव्य पथ पर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया गया। मास्टर्स यूनियन संस्थान परिसर में उपराष्ट्रपति व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे भी लगाए।**

# लोहड़ी व मकर संक्रांति समारोह मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के आर्य समाज मंदिर सेक्टर-7 में एक भव्य लोहड़ी एवं मकर संक्रांति परिवार मिलन समारोह में बोलते वक्ता।

हरियाणा वनवासी कल्याण आश्रम ने रविवार को आर्य समाज मंदिर, सेक्टर-7 में एक भव्य लोहड़ी एवं मकर संक्रांति परिवार मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें काफी संख्या में महिलाओं, बच्चों और स्थानीय समाज के विभिन्न वर्गों ने भाग लिया। कार्यक्रम में देशभक्ति और धार्मिक गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और माहौल को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

इस मौके पर वनवासी कल्याण आश्रम के संरक्षक प्रीतम मुंजाल, प्रसिद्ध समाज सेवी विनोद उप्पल, डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष एवं महनगर संघचालक जगदीश ग्रोवर, विभाग संयोजक जगदीश कुकरेजा, समाज सेविका विधु कालरा, अर्जुन मडल के अध्यक्ष धर्मेंदर बजाज समेत अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक गीतों से हुई, जिसमें बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों व गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया।

जगदीश कुकरेजा ने समाज के विकास के लिए वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने समाज के प्रति दायित्व को समझने और एकजुट होकर समाज सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने विवेकानंद जयंती की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने की अपील की और कहा कि युवाओं को विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर ही हम एक सशक्त और संगठित समाज का निर्माण कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि विनोद उपाध्याय ने भारतीय पर्वों के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पारिवारिक और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं और हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखते हैं। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक विशेष प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसका संचालन नीशी गंडोत्रा ने किया। उन्होंने लोहड़ी पर्व एवं वनवासी कल्याण आश्रम से संबंधित रोचक सवाल पूछे, जिनका उत्तर देकर प्रतिभागियों ने जानकारी का प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त समाचार


चुने गए पदाधिकारी।

### सुब्रोश श्रमिक यूनियन की कार्यकारिणी का हुआ चुनाव

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर स्थित सुब्रोश श्रमिक यूनियन की आमसभा का आयोजन श्रमिक संगठन एटक के कार्यालय में किया गया, जिसमें चुनाव अधिकारी कामरेड बलवीर कंबोज की देखरेख में यूनियन के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस दौरान हरीश कुमार प्रधान, गौरव कुमार उप प्रधान, विनोद कुमार महासचिव, धर्मपाल सिंह सचिव, रामप्रताप गर्ग प्रचार सचिव, मदनमोहन संगठन सचिव, शिवराम गोला कोषाध्यक्ष व अनिल पंवार को कानूनी सलाहकार चुना गया। कामरेड अनिल पवार ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे एकजुट रहें और अपनी जायज मांगों की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूती के साथ आगे बढ़ें। संगठन में ही शक्ति है। एटक की राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर इन मुद्दों को जोरशोर से उठा रही हैं। प्रधान हरीश कुमार का कहना है कि श्रमिक यूनियन द्वारा शीघ्र ही श्रमिकों से संबंधित सामूहिक मांगपत्र प्रबंधन को सौंपा जाएगा। यूनियन का प्रयास रहेगा कि प्रतिष्ठान में शातिंपूर्ण वातावरण रहे और श्रमिकों की समस्याओं का जल्द निपटारा हो। इस अवसर पर सभा को बलवीर कंबोज, विनोद कुमार, गौरव, धर्मपाल, चतर सिंह संत कुमार, रमेश कुमार, शिव कुमार आदि ने भी संबोधित किया।



### कश्मीरी युवाओं ने औद्योगिक स्थलों का दौरा किया

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद द्वारा सतयुग दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है 'वतन को जानो' नामक इस युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत कश्मीर से आए युवा फरीदाबाद की ऐतिहासिक क्रांति धरा और हरियाणा की संस्कृति को करीब से जानने पहुंचे हैं। नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने बताया कि यह कार्यक्रम 8 जनवरी से 13 जनवरी तक चलेगा जिसका आज पांचवां दिन है इस दौरान युवा फरीदाबाद और आस-पास के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक औद्योगिक स्थलों का दौरा किया देशभर में कुल 15 स्थानों पर 'वतन को जानो' कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। श्रीनगर, पुलवामा, अनंतनाग, बारामूला, बडगाम, और कुपवाड़ा जैसे कश्मीर के विभिन्न जिलों से 132 युवाओं का दल मेरठ पहुंचा है इनमें 104 छात्र, 28 छात्राएं सहित 12 टीम लीडर शामिल हैं। कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के पांचवे दिन की शुरुआत योग अभ्यास से हुई जिसके बाद विभिन्न सत्रों की शुरुआत की गई। पहले सत्र में पैरा ओलंपिक कंचन लखानी ने युवा को फिट इंडिया के संदर्भ में वक्तव्य दिया और युवाओं को खेल के माध्यम से स्वस्थ राष्ट्र-समृद्ध राष्ट्र जड़ को मजबूत बनाने की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित कराया। दूसरे सत्र में कोमल वत्स ने स्वामी विवेकानंद के जीवनशैली से युवाओं को अवगत कराया।

## दो बहनों की मौत मामले में परिवार ने साजिश का आरोप लगाया

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम के सेक्टर 40 में एक व्यापारी के मकान में चौथी मंजिल से गिरकर 20 साल से अधिक उम्र की दो बहनों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मकान मालिक के परिवार ने दावा किया कि चोरी की कोशिश के बाद भागने की कोशिश में वे बालकनी से गिर गईं, जबकि मृतकाओं के परिवार ने मौतों के पीछे साजिश का आरोप लगाया है। पुलिस ने कहा कि वैसे अभी तक हत्या की कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उसके अनुसार, दोनों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी चांदनी (23) और रश्मि (21) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि चांदनी व्यापारी के घर पर घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी और करीब एक माह पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। दोनों बहनें इस मकान में नौकरों के निर्धारित कमरे में रहती थीं।

# केएमपी एक्सप्रेसवे पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर नेशनल हाईवे-19 के फ्लाईओवर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल चल रहे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, जिला अलवल (राजस्थान) दयानगर निवासी मंगलराम ने दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा अक्षय कुमार दस जनवरी को अपनी ससुराल औरंगाबाद गांव गया था। उनके पास रात्रि में करीब साढ़े दस बजे सूचना आई की अक्षय का एक्सीडेंट हो गया है और उसकी मौत हो गई है। सूचना मिलने पर वह अपने अन्य परिजनों के साथ पलवल पहुंचा और जिला नागरिक अस्पताल में शव की पहचान अपने बेटे अक्षय कुमार के रूप में कर दी। उन्होंने बताया कि केएमपी एक्सप्रेस-वे के फ्लाई ओवर से नीचे उतर कर नेशनल हाईवे-19 की तरफ जा रहा था। इसी दौरान किसी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद उसे जिला नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कैंप थाना पुलिस ने मंगलराम की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि उनकी टीम दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश में जुटी हुई है, जल्द ही सुराग लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## महाकुंभ में जाने को लेकर हुई बैठक

**फरीदाबाद।** महाकुंभ 2025 मेले की तैयारियों को लेकर सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 के प्रांगण में, मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भाटिया सेवक समाज व श्री शक्ति सेवा दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और स्वयंसेवकों की जिम्मेवारियां लगाई गई। सर्वसम्मति से महाकुंभ मेले के सेवा शिविर के लिए सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर के बैनर तले स्वयंसेवकों को भेजा जा रहा है। प्रधान राजेश भाटिया (9810027151) के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया है। भाटिया ने बताया कि सभी संस्थाएं एकजुट होकर 25 जनवरी 2025 को महाकुंभ मेले प्रयागराज उत्तप्रदेश के लिए प्रस्थान करेगी।

# मकर संक्रांति पर बुजुर्गों का सम्मान समारोह किया आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जाट समाज के सौजन्य से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आज गांव खेड़ी कलां में सभी जातियों के बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों बुजुर्गों ने समारोह में हिस्सा लेकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया।

जाट समाज द्वारा सम्मान स्वरूप सभी बुजुर्गों को कंबल वितरित किए गए। ग्राम वासियों द्वारा सभी बुजुर्गों को गर्म गर्म चाय पिलाई गई और लड्डू खिलाए गए। सत्यपाल नरवत ने बताया कि गांव खेड़ी कलां का कोई भी बुर्जुग वृद्धाश्रम में नहीं रहता यह खुशी की बात है। जाट समाज के महासचिव शिक्षाविद एच. एस. मलिक व अपने सहयोगी टीएस दलाल, रमेश चौधरी, जितेंद्र चौधरी, कमल चौधरी, शिवराम तेवतिया, रतनसिंह सिवाच, अजय नरवत के साथ खेड़ी कलां गांव में सम्मान समारोह में पहुंचे।

# प्रजापति समाज ने भाजपा से मांगा मेयर का टिकट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

महाराजा दक्ष प्रजापति चौपाल में रविवार को प्रजापति समाज समिति की बैठक हुई। समिति के प्रधान सुरेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में हुई बैठक में गुरुग्राम से मेयर पद के लिए प्रजापति समाज से महिला को टिकट की मांग की गई।

पूर्व पार्षद धर्मवीर बाघोरिया ने कहा कि अब तक प्रजापति समाज को दक्षिण हरियाणा में राजनीति में कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है, जबकि यहां पर प्रजापति समाज बड़ी संख्या में है। समाज के बहुत से कार्यकर्ता पिछले कई वर्षों से भाजपा के सच्चे सिपाही के रुप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम की मेयर की सीट सरकार ने पिछड़ा वर्ग-ए की महिला के लिए आरक्षित की है। भाजपा को प्रजापति समाज की सुयोग्य महिला को टिकट देनी चाहिए। पिछड़ा वर्ग सैल के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर कारठावाल ने कहा कि भाजपा प्रजापति समाज की जिस भी महिला को टिकट देगी, पूरा समाज तन-मन-धन से उसको सहयोग करेगा। समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के सदैव आभारी रहेंगे।


गुरुग्राम के पटौदी चौक स्थित महाराजा दक्ष प्रजापति चौपाल बैठक करते समाज के लोग।

# एनईपी-2020 शिक्षा प्रणाली में ला रही परिवर्तनकारी बदलाव: पवन

- गुरुग्राम विवि में हुए परामर्श सम्मेलन में छह जिलों के सभी विवि और कॉलेज-स्कूलों के प्राचार्य, छात्र, शिक्षक और अकादमिक लीडर्स ने लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एनईपी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए छात्रों, शिक्षकों और अकादमिक लीडर्स, आम जनता से सुझाव आमंत्रित करने के उदेश्य से गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में रविवार को एक दिवसीय परामर्श सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. डीपी भारद्वाज, माध्यमिक शिक्षा हरियाणा के निदेशक डॉ. जितेन्द्र दहिया, विधायक मुकेश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव विशिष्ठ अतिथि एवं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के निदेशक आईक्यूएसी प्रोफेसर पवन शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। जीयू के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। सम्मलेन का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: भारतीय शिक्षा, संस्कार, मूल्य और आपके सुझाव विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, पलवल, नूहं के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों, स्कूलों के प्राचार्य, छात्र, शिक्षक और अकादमिक लीडर्स ने भाग लिया।

# लघु उद्योगों की मजबूती के लिए बजट में हो प्रावधान: पंकज

- कहा-एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में वित्त मंत्री करें घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कांग्रेस केवरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि केंद्रीय बजट को भले ही आम बजट का नाम दिया जाता हो, लेकिन जब तक वह जनता के हित में नहीं होगा तब तक उसे आम नहीं कहा जा सकता। आम आदमी और लघु उद्योगों को केंद्रीय बजट में इस बार विशेष पैकेज, छूट मिलनी चाहिए। उम्मीद है कि एक फरवरी 2025 को संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाने वाला बजट राहत भरा होगा।

रविवार को यहां जारी बयान में पंकज डावर ने कहा कि हरियाणा में करीब साढ़े छह करोड़ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाइयां हैं। महंगाई के दौर में ये इकाइयां काफी प्रभावित हो चुकी हैं। सरकार के स्तर पर इन इकाइयों को कभी कोई राहत नहीं मिलती। केंद्र की सरकार भले ही वोकल फॉर लोकल की बात करती हो, लेकिन इसे बढ़ावा देने के लिए छोटी इकाइयों को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी बजट को बैक डोर से पूजीपतियों के लिए लाभकारी ना बनाकर सरकार को सीधे देश के आम, गरीब, मध्यमवर्गीय व्यक्ति को राहत देने पर काम करना होगा। छोटे उद्योगों का अस्तित्व बचाने के लिए भी सरकार बजट में प्रावधान करे।

पंकज डावर ने कहा कि बीते बजट में सरकारी बैंकों को अपना क्रेडिट असेसमेंट मॉडल बनाने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही गई थी। आरबीआई ने बजट में शामिल इस प्रावधान पर कुछ काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार ने बिना कुछ गिरवी रखे ही छोटी इकाइयों को ऋण देने की घोषाा की हुई है, जबकि ऐसा हो नहीं पाता। बैंक इस बात पर अड़े रहते हैं कि जब तक निजी संपत्ति गिरवी नहीं रखी जाएगी, तब तक वे ऋण नहीं देंगे।

# हर ब्लॉक में खोलेंगे एक आईटीआई: मुख्यमंत्री

## सीएम नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक साथ 250 जिम का किया उद्घाटन

- वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो व क्रिकेट खिलाड़ियों को मुफ्त मिलेंगे उपकरण



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती के अवसर पर ग्रामीण युवाओं के लिए एक साथ 250 ज़िम का उद्घाटन करने के बाद आठ अधिसूचित खेलों के लिए मुफ्त खेल उपकरण तथा राज्य के वार्षिक खेल कैलेंडर में अंतर युवा क्लब खेलों को शामिल करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर ब्लॉक में कम से कम एक आईटीआई खोलने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न देशों की भाषाओं में युवाओं को दक्ष बनाने के लिए एक खास नीति बनाने और उसे संबंधित एंजेसी से प्रमाणित करवाने का खर्च भी सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की। उन्होंने आईटीआई के प्रशिक्षुओं को जॉब के ऑफर लैटर भी प्रदान किए। उन्होंने एनएसएस के अवार्डी युवाओं और वालंटियर्स को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 10 सालों में एक लाख 71 हजार से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं और तीसरे कार्यकाल में 2 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर पक्की सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने डोंकी रुट से युवाओं के विदेश भेजने पर चिंता जाहिर करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस ग़लत प्रक्रिया से बचाएं। उन्होंने बताया कि विदेशों में रोजगार की तलाश करने वाले युवाओं की मदद के लिए विदेश सहयोग विभाग बनाया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं के लिए कई घोषणाएं करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2024-25 के तहत खेलों के मुफ्त खेल उपकरण देती है,अब इस योजना में युवा क्लबों को भी शामिल किया जाएगा। भविष्य में राज्य के वार्षिक खेल कैलेंडर में अंतर युवा क्लब खेलों को शामिल किया जाएगा। खेल विभाग इन खेलों का आयोजन हर साल करेगा। उन्होंने बताया कि 8 अधिसूचित खेलों के लिए मुफ्त खेल उपकरण दिए जाएंगे। इन खेलों में वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो और क्रिकेट शामिल हैं। हर साल खेल विभाग युवा क्लबों के लिए दो साहसिक खेल शिविरों का आयोजन करेगा।

नायब सिंह ने यह भी घोषणा की कि हरियाणा के हर ब्लाक में कम से कम एक आई.टी.आई. खोली जाएगी। राज्य के 142 ब्लाक में से 26 ब्लाक ऐसे हैं जहां आई.टी.आई. नहीं है। इनमें से 6 ब्लॉकों में नए सरकारी आई.टी.आई. खोलने का प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत हो चुका है और भवन निर्माण प्रक्रिया में है। शेष 20 ब्लाकों में भी आई.टी.आई. खोले जाएंगे जिन पर 400 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

### मानक टबरा व्यायामशाला में सूर्य नमस्कार आयोजित

**पंचकूला।** पंचकूला जिला के गांव मानक टबरा की व्यायामशाला में आयुष विभाग हरियाणा के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ.राजकुमार ने ग्रामीण अंचल के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की सबसे पुरानी विधा है। योग आधारित तपस्वी जीवन को अपनाना ऋषि संस्कृति है। प्रकृति के माध्यम से जो फल व सब्जी पैदा होता है उसे कृषि संस्कृति की संज्ञा दी गई है। स्वामी विवेकानंद का समूचा जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनके जीवन से संबंधित प्रत्येक घटनाक्रम का युवा जीवन के लिए बेहद महत्व है। इस अवसर पर आयुष विभाग के योगाचार्य अरुण आर्य ने ग्रामीण युवाओं व बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाते हुए कहा कि आयुष विभाग द्वारा योग आयोग के माध्यम से गांव-गांव योग की अलख जगाने का यह अभियान शुरू किया गया है। जिसके माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोगों को सैकड़ों साल पुरानी विधा के साथ जोड़ा जा रहा है।



## खेल मंत्री ने दी बास्केटबॉल की विजेता टीमों को बधाई

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

खेल मंत्री गौरव गौतम ने ऑल इंडिया बास्केटबॉल सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता की हरियाणा की महिला व पुरुषों की विजेता टीमों को बधाई दी। विजेता टीमों के खिलाड़ी रविवार को खेल मंत्री से चंडीगढ़ निवास पर मिले। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि सरकार की खेल नीति का खिलाड़ियों को लाभ मिल रहा है।

हमारे खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। ऑल इंडिया बास्केटबॉल सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता 3 से 8 जनवरी को दिल्ली में आयोजित की गई थी, जिसमें हरियाणा की पुरुषों की टीम ने कांस्य पदक और महिलाओं की टीम ने रजत पदक जीता।

पुरुषों की टीम के कप्तान जींद के वरिष्ठ कोच अनिल आर्य रहे। इस प्रतियोगिता में पुरुषों की टीम ने पहली बार पदक जीता है। इस मौके पर बास्केटबॉल कोच अमरजीत कौर व हर्ष, फेंसिंग कोच कोमल, हैंडबॉल कोच मनोज कुंडू व अन्य कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

## संस्कृति व सभ्यता को सहेजना जरूरी: सुमन

- सुमन सैनी ने लोहड़ी-मकर संक्रांति समारोह का किया शुभारंभ



पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए प्राचीन संस्कृति, सभ्यता और शिक्षा को सहेजने की जरूरत है। इस देश की संस्कृति और संस्कारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद एक अहम भूमिका अदा कर रही है। इसलिए परिषद की तरफ से लोहड़ी और मकर संक्रांति जैसे पर्व को युवा पीढ़ी के साथ मनाने का काम कर रहा है।

सुमन सैनी रविवार को देर सायं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की तरफ से बाल भवन में आयोजित लोहड़ी और मकर संक्रांति के राज्यस्तरीय समारोह में बोल रही थी। इससे पहले सुमन सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से लोहड़ी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सभी मेहमानों ने परम्परा अनुसार लोहड़ी की रस्म को पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न किया। इस रस्म के साथ ही सभी मेहमानों ने प्रदेश भर से आई बेटियों और आमजन के साथ लोहड़ी का जश्न मनाया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फरीदाबाद।** आईएमटी चौकी इलाके में शनिवार रात बाइक सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे लगी चोटों के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ के ब्यौहरा निवासी पन्नालाल यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 जनवरी को समय करीब 8 बजे रात में उसका भाई जियालाल यादव अपनी कंपनी नवदीप टुल आईएमटी बल्लभगढ़ जा रहा था। जब उसका भाई बाइक से आईएमटी गोल चक्कर के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन से मेरे भाई की मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी और मौका से भाग गया। टक्कर लगने से मेरा भाई मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया जिससे मेरे भाई को काफी चोट आई।

## ‘भाजपा सरकार बल्लभगढ़ के विकास को लगाएगी चार चांद’

- 36 गज पॉकेट 2 सेक्टर 3 में पार्क की रखी आधारशिला

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा की पूरी उमंग और उत्साह के साथ बल्लभगढ़ के विकास को केंद्र और प्रदेश की सरकार के साथ मिलकर पूरा कराएंगे ।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भविष्य के नगर निगम के चुनावों में भी भाजपा की जीत होगी।

ये शब्द पूर्व केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने 36 गज पॉकेट 2 सेक्टर 3 के हरितिमा पब्लिक स्कूल के सामने पार्क के निर्माण कार्य के शिलान्यास मौके पर कहे।



पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ का चौमुखी विकास करना ही उनका उद्देश्य रहा है और बड़ी-बड़ी योजनाएं बल्लभगढ़ विधानसभा में मंजूर कराकर कार्य को गति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ सेक्टर 3 में लगभग सभी पार्कों का सौंदर्य करण किया गया जा चुका है,तो कुछ नए पार्क भी बनवाए गए हैं जिसमें से यह पार्क भी एक पार्क है। उन्होंने कहा कि सेक्टर 3 के नाले को पक्का बनवाया जा रहा है कार्य चला हुआ है और गुड़गांव केनाल की तरफ से खाटू श्याम मंदिर होते हुए तिगांव रोड की ओर जाने वाली सड़क को भी जल्द चौड़ीकरण करवाया जाएगा ताकि लोगों को बिना किसी परेशानी के यहां से आने जाने में सहूलियत मिले सके। उन्होंने सेक्टर तीन के निवासियों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने तीसरी बार बल्लभगढ़ से विधायक बनाकर जो विश्वास जताया है वह उसे पूरा करेंगे।

विधायक पंथ मूलचंद शर्मा ने कहा कि सेक्टर 3 के चारों तरफ सुंदर और चौड़े रोड बनवाए गए हैं सेक्टर 3 की मार्केट को भी सुंदर बनवाया गया है। सेक्टर 3 पहुंचने पर सेक्टर वासियों ने उनका स्वागत किया इस मौके पर स्थान निवासियों के हाथों नारियल तुड़वाकर पार्क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, सेक्टर 3 से प्रधान ज्ञानपाल खटाना, पीएल शर्मा, नवीन चेची, जितेंद्र शर्मा, कर्मवीर सिंह प्रधान, स्वराज भाटी, सुरेंद्र दुबे, सुष्मिता भौमिक, पवन गोयल, संजीव शर्मा, शिवानी दीक्षित, प्रमोद बैंसला सहित सेक्टर 3 के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ‘भारत को विश्व गुरु बनाने का फार्मूला शिक्षक के हाथ में’

- शिक्षा मंत्री ने कुवि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को बेहतर बनाने और जन-जन तक पहुंचाने का किया शुभारंभ
- यूनिवर्सिटी प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



सौरभ चौधरी। कुरुक्षेत्र

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने का सबसे बड़ा फार्मूला शिक्षक के हाथ में है। इस फार्मूले के तहत् शिक्षक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जन-जन तक पहुंचाने की कमान संभालनी होगी। इस प्रदेश में शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा जगत में नई क्रान्ति का सूत्रपात किया जाएगा। इसका आगाज स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के तीन अन्य जिलों से किया गया है।

ढांडा रविवार को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत भारतीय शिक्षा, संस्कार, मूल्य और आपके सुझाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। इससे पहले शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, हरियाणा स्कूल शिक्षा के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के वाईस चेयरमैन प्रो. सुरेन्द्र गक्खड, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और श्रीमद्भगवद्गीता सदन में दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

ढांडा ने प्रदेशवासियों को स्वामी विवेकानंद जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला राज्य होगा। वर्ष 2025 तक शिक्षा नीति-2020 लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खामियों को दूर करने के लिए प्रत्येक वर्ग, नागरिक से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

### क्यू आर कोड बदलकर दुकानदार से धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एनआईटी पांच में ठगों ने क्यूआर कोड बदलकर तीन दुकानदारों के साथ 2840 रूपये की धोखाधडी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ठगो ने एनआईटी क्षेत्र में दुकानदारों सहित रेहड़ी वालों को भी अपना निशाना बनाया है। पीड़ितों को ठगी का पता तब चला, जब ग्राहकों द्वारा भुगतान की राशि उनके बैंक खाते में न जाकर किसी दूसरे खाते में पहुंच गई। दुकान पर लगे क्यूआर कोड की जांच करने पर पता चला कि उनके असली क्यूआर कोड स्कैनर के ऊपर दूसरा स्कैनर चिपका हुआ है। बाजार में चाय की दुकान चलाने वाले से 2000 रुपए, कचौड़ी की रेहड़ी वाले से 800 रुपए, और खाने की रेहड़ी वाले से 40 रुपए की ठगी हुई है।

## ‘वंचित समाज की चिंता सभ्य समाज के लिए जरूरी’

- वनवासी रक्षा परिवार के संस्कार परिवार मिलन जागो हिंदुस्तानी समारोह में बोले वीरेंद्र
- संसाधन सभी के लिए इसलिए हम सभी इसमें सहयोग करें: रूंगटा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन जागो हिंदुस्तानी समारोह संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता वीरेंद्र उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि फाउंडेशन के सेवा कार्य संबंधित



तमाम गतिविधियां समाज के प्रति समर्पण भाव को अभिव्यक्त करती हैं। संगठन प्रभारी वीरेंद्र ने कहा कि हमारी संस्कृति विश्व कुटुंब भाव वाली रही है।

सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दु:ख भाग्भवेत् वाली सोच के साथ हम सभी के भले के लिए कार्यरत रहते हैं। अंतोदय के विकास के लिए समर्पित हैं क्योंकि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उद्धार के बिना विकास के कोई मायने नहीं है। उन्होंने कहा कि वंचित, शोषित वर्ग की चिंता करना उनके भले की सोचना एक सभ्य समाज के लिए आवश्यक है। सभी को साथ लेकर चलने से ही चहुंमुखी विकास के साथ राम राज्य की परिकल्पना सार्थक होगी।

## किसानों में उत्साह भरने के लिए शास्त्री ने खुद चलाया था हल: सिंह

- सादगी, देशप्रेम व नैतिकता की मिसाल रहे पूर्व प्रधानमंत्री को कृषि वैज्ञानिक ने किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सीबी सिंह ने रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 59 वीं पुण्यतिथि पर याद करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत के दूसरे प्रधानमंत्री और जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री को पूरा देश याद कर रहा है। अपनी साफ-सुथरी छवि और सादगी के लिए प्रसिद्ध शास्त्री ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद नौ जून 1964 को प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया था।

वह करीब 18 महीने तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने 1965 की जंग में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। डा. सिंह ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने 1965 की जंग में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

## कुमाऊं संघ ने मनाया उत्तरायणी कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कुमाऊं संघ की ओर से एनएच 5 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में उत्तरायणी कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। अध्यक्षता अम्बा दत्त जी ने की।

कार्यक्रम में संस्था के गणमान्य व्यक्तियों फाउंडर मेंबर प्रयाग दत्त पंत, कुंवर सिंह बिष्ट, जगन्नाथ जोशी , हेम चंद बेलवाल और वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन किया। मंच संचालन महेश बिष्ट, सतीश जोशी और प्रियंका बोरा ने किया। इस रंगारंग कार्यक्रम में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक-गायक शिव दत्त पंत जी और श्रीमति लीला बिष्ट द्वारा सुंदर लोक



संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं। कुमाऊं संस्था के सदस्यों ने भी शानदार उत्तराखंड की पारंपरिक नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियां दीं।

उत्तराखंड के इस शानदार लोक पर्व की शोभा देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस कौतिक में, हर साल की तरह, कुमाऊँ के पारंपरिक रिवाज के अनुसार खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। करीब 5000-6000 लोगों के जनसमूह में संस्था द्वारा शानदार खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

## अब एक साथ होगी आईएएस व आईपीएस की बैठक

- मुख्यमंत्री ने करनाल में 17 जनवरी को बुलाई बैठक
- नशा तस्करों के विरूद्ध चलाएंगे साझा ऑपरेशन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के आईएएस व आईपीएस अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकों का आयोजन कर चुके मुख्यमंत्री नायब सैनी अब इन अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करने जा रहे हैं। प्रदेश की अफसरशाही को कड़ा संदेश देते हुए आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को कई मामलों में साझा रणनीति बनाकर काम करने के निर्देश दिए जाएंगे। यह बैठक 17 जनवरी को करनाल में रखी गई है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 10 जनवरी को पंचकूला में हरियाणा के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों, रेंज के आईजी, डीआईजी, एडीजीपी व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। करीब छह घंटे चली बैठक का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। शनिवार को हरियाणा पुलिस ने एक साथ तीन जिलों में मुठभेड़ करके अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

## उत्कृष्ट फरीदाबाद के नारे के साथ कैबिनेट मंत्री ने समर्पित किए 2.82 करोड़ रुपये के विकास कार्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल भी 100 दिनों के भीतर फरीदाबाद क्षेत्र और अपने मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों में परिवर्तनकारी विकास कार्य करने की योजना पर काम कर रहे हैं। कुछ समय पहले कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने 10 करोड़ से भी अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। अब, रविवार को उन्होंने 2 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का आयोजन ओल्ड फरीदाबाद के गढ़ी मोहल्ला चौक में किया गया, जहां सड़क निर्माण, सीवर लाइन मेंटेनेंस एवं निर्माण, ट्यूबवेल के कार्य और पार्कों के सौंदर्यीकरण से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ।



कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल लगातार अपने मंत्रालय और क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और उन्नति के लिए सर्वांगीण एवं सर्वस्पर्शी विकास के सिद्धांतों पर काम कर रहे हैं। 27 जनवरी को इस सरकार के 100 दिन पूरे होंगे, और विपुल गोयल का लक्ष्य है कि कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने प्रस्तुत कर एक पारदर्शी प्रशासन का उदाहरण पेश करें।

## ‘सभी बूथों पर सुना जाएगा मन की बात कार्यक्रम’

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- 19 को प्रसारित होगा प्रेरणादायक व नवविचारों वाला कार्यक्रम: कमल

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने रविवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में पार्टी के आईटी, सोशल मीडिया व मन की बात के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कमल यादव ने आगामी 19 जनवरी को होने वाले मन की बात कार्यक्रम को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। गुरुग्राम जिला के सभी 1504 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना जाए इसकी रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक हरविंद कोहली, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला सचिव एवं मन की बात जिला संयोजक निधि कोटिया, आईटी प्रमुख सुमित वोहरा, जिला मीडिया प्रमुख पवन यादव, जिला प्रवक्ता प्रदीप सैनी और सभी विधानसभाओं के संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष मंडल के संयोजक और उनकी टीम उपस्थित रही। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम 19 जनवरी को सुना जाएगा। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि इस बार 19 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम जिला के सभी 1504 बूथों पर अधिक से अधिक लोगों के साथ सुना जाए। तुरंत सरल पोर्टल पर अपलोड भी किया जाए। मन की बात समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी वाला एक प्रेरणादायक एवं नवविचारों वाला लोकप्रिय कार्यक्रम है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि दिसंबर में संगठन पर्व के दौरान वर्ष के आखिरी रविवार के मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा में गुरुग्राम जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### बागवानी पर मिलेगा 50 प्रतिशत का अनुदान: डीसी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में किसानों को मशरूम प्रोडक्शन व कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

बेदखली सूचना

मैं, हरिओम शर्मा पुत्र स्व जगमोहन शर्मा निवासी बी-26 गली न02 राम विहार जौहरी पुर विस्तार दिल्ली 94 अपने पुत्र गिरीश दत्त शर्मा उर्फ विक्की व बहू उपासना शर्मा को उनके अभद्र व्यवहार और उनके नियंत्रण में ना होने के कारण अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने संबंध विच्छेद कर दिया हैं भविष्य में इनके बेटे व बहू के किसी भी कृत्य, अपकृत्य, दीवानी और फौजदारी मुकदमे के लिए हरिओम शर्मा व उनके संबंधी जिम्मेदार नहीं होंगे।

PD(1243)C

## रक्षा क्षेत्र

### परिवर्तनकारी वर्ष

**रक्षा** क्षेत्र में 'परिवर्तन का वर्ष' रक्षा विनिर्माण तथा खोज को आवश्यक गति दे सकता है। भारत के रक्षा क्षेत्र में 2025 में परिवर्तनात्मक बदलाव हो सकता है। रक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष महत्वाकांक्षी लक्ष्य बनाया है जिसमें खरीद प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण, स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार तथा शोध एवं विकास-आरएंडडी को बढ़ावा देना शामिल हैं। इस वर्ष को 'परिवर्तन का वर्ष' घोषित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा अन्य सर्वोच्च अधिकारियों ने दीर्घकालीन चुनौतियों को संबोधित करने का एक दृष्टिकोण सामने रखा है तथा रक्षा क्षेत्र में देश को ज्यादा आत्मनिर्भर व प्रतियोगी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार के प्रमुख लक्ष्यों में से एक रक्षा अधिग्रहर प्रक्रियाओं-डीएपी का पुनर्गठन करना है। जटिलता और अक्षमता के कारण इन प्रक्रियाओं की आलोचना होती रही है। अब इनको ज्यादा सहज, हल्की तथा ज्यादा तेज प्रक्रिया में बदला जाएगा। इसका उद्देश्य सरकारी समयसीमाओं में कमी करना तथा लंबे समय से रक्षा आधुनिकीकरण में बाधा बनी नौकरशाही बाधाओं को हटाना है। नए ढांचे से न केवल व्यवस्था ज्यादा सक्षम बनेगी, बल्कि इससे स्थापित पक्षों तथा रक्षा क्षेत्र में आने वाले नए उद्यमों के लिए समान कार्य आधार भी बनेगा। खरीद में सुधार के साथ ही सरकार ने स्वदेशी विनिर्माण व आरएंडडी को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

भारत जहां दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी विनिर्माण अर्थव्यवस्था है, वहीं इसकी रक्षा विनिर्माण क्षमता समग्र आर्थिक स्थिति की तुलना में काफी छोटी है। यह कमी दूर करने के लिए सरकार ने रक्षा आरएंडडी के लिए ज्यादा संसाधन आबंटन की योजना बनाई है। रक्षा शोध एवं विकास संगठन-डीआरडीओ ने आरएंडडी खर्च को आने वाले वर्षों में रक्षा बजट के 5 प्रतिशत से बढ़ा कर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। एयरो इंजनों के विकास जैसे क्षेत्र पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। भारत को इन महत्वपूर्ण तकनीकों के देश में विकास पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार ने विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं-ओईएम के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने के संकेत दिए हैं जो इस क्षेत्र में प्रगति के लिए जरूरी होगा। हालांकि, इसके लिए भारी निवेश आवश्यक होगा जो 50,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है। सरकार ने ढांचागत संरचनायें बनाने के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इसके साथ ही एयरो इंजनों तथा संबंधित तकनीकों के सफल सह-विकास के लिए व्यापक स्तर पर विशेषज्ञता की जरूरत होगी। सरकार की एक और महत्वपूर्ण पहल ज्यादा प्रतियोगी रक्षा उद्योग इकोसिस्टम स्थापित करना है। वर्तमान समय में भारत का रक्षा क्षेत्र अधिकांशत: सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों द्वारा संचालित है। सरकार का उद्देश्य इस क्षेत्र में स्टार्टअप तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों की सहभागिता को बढ़ावा देना है। इसके लिए आवश्यक नीतिगत परिवर्तन किए जाएंगे। हालांकि, इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के बावजूद भारत के रक्षा इकोसिस्टम को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से एक बड़ी बाधा तुलनात्मक रूप से एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में छोटा विनिर्माण आधार है। यहां भारत को अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा अद्यतन तकनीकों का विकास करने की असीम संभावना है, पर अब तक इसका प्रयोग नहीं किया गया है। इसके साथ ही भारत में रक्षा क्षेत्र के समक्ष पुरानी पड़ चुकी नीतियों तथा प्रस्ताव तैयार करने में विलंब की बाधायें भी हैं जिनके कारण अक्सर प्रक्रियायें जटिल होती हैं और समयसीमा लंबी खिंचती जाती है। यदि भारतीय रक्षा क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतियोगी तथा खोजी बनाना है तो इन स्थितियों में बदलाव बहुत जरूरी हो गया है। वैसे भारतीय रक्षा क्षेत्र विनिर्माण में विकास का प्रमाण रक्षा निर्यात के रूप में सामने आया है जिसमें भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। पिछले दशक में डीआरडीओ का योगदान भी अधिकतम रहा है।



# पर्यावरण मौसम विज्ञान में आईएमडी का योगदान

## आईएमडी मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान केंद्रित करने से विकसित होकर जलवायु अनुसंधान, आपदा प्रबंधन और वायु गुणवत्ता निगरानी में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है



**राजेश वर्मा**

(लेखक, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष हैं)



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गौरव की बात है। 1875 में स्थापित भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भारत में मौसम विज्ञान और वायुमंडलीय अध्ययनों में अग्रणी भूमिका निभाई है। शुरुआत में मौसम पूर्वानुमान और भूकंप विज्ञान पर केंद्रित विभाग ने धीरे-धीरे जलवायु अनुसंधान, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण निगरानी को शामिल करने के लिए अपने दायरे का विस्तार किया। आईएमडी संभवत: भारत का पहला संस्थान है जिसने सौर विकिरण, वर्षा रसायन विज्ञान, ओजोन, एरोसोल ऑप्टिकल और भौतिक गुणों के व्यवस्थित रूप से दीर्घकालिक मापन का शुभारंभ किया। वायुमंडलीय संरचना के महत्व को पहचानते हुए, आईएमडी वैश्विक वायुमंडलीय पर्यावरण निगरानी और अनुसंधान कार्यक्रमों में एक सक्रिय भागीदार बन गया और ओजोन छिद्र, वायु गुणवत्ता, वर्षा रसायन विज्ञान, जलवायु परिवर्तन, सौर मंदता एवं प्रभासन अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पूर्व-औद्योगिक युग से पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में स्पष्ट रूप से बदलाव आया है। जलवायु परिवर्तन और परिवर्तनशीलता के विज्ञान के साथ-साथ अनुकूलन और शमन रणनीतियों को समझने के मामलें में आईएमडी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह जलवायु सूचना, परिणामों और सेवाओं के व्यापक उपयोग को सुविधाजनक बनाने में प्रमुख भूमिका निभाता है। आईएमडी को राष्ट्रीय मौसम संबंधी अवलोकन प्रणालियों को संचालित करने; डेटा अभिलेखागार विकसित और बनाए रखने; जलवायु निगरानी करने; जलवायु निदान, जलवायु विश्लेषण और जलवायु आकलन करने का दायित्व सौंपा गया है।

150 वर्षों की अवधि में एकत्र किए गए इन सभी विश्वसनीय और प्रामाणिक आंकड़ों और सूचनाओं ने भारत में जलवायु परिवर्तन का उचित आकलन प्रदान किया है और अनुकूलन एवं शमन उपायों के लिए नीति निर्माण में भी सहायता प्रदान की है। वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान और मूल्यांकन प्रणाली देश में सीएक्यूएम और अन्य प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरणों को जीआरएपी के कार्यान्वयन सहित वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय लेने में सहायता प्रदान करती है।

संगणनात्मक संसाधनों में प्रगति ने उन्नत नियतात्मक रासायनिक परिवहन मॉडल के उपयोग की अनुमति दी, जिससे पहले के अनुभवजन्य और सांख्यिकीय दृष्टिकोण की जगह अधिक सटीक वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान मिले है, जिसमें पहले कुछ सीमाएं थीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से उन्नत वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) विकसित की है।

उन्नत मॉडलिंग प्रारूप में एक उच्च-रिज़ॉल्यूशन पूरी तरह से युग्मित अत्याधुनिक मौसम अनुसंधान और पूर्वानुमान मॉडल शामिल है जो रसायन विज्ञान (आमतौर पर डब्ल्यूआरएफ-चैम के रूप में जाना जाता है) के साथ जुड़ा हुआ है और पूर्वानुमानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक डेटा आत्मसात तकनीकों का उपयोग करके अधिक सटीक प्रारंभिक स्थितियां बनाने के लिए एयरोसोल ऑप्टिकल गहराई पर उपग्रहों से डेटा, भारत भर में वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों से सतह डेटा और धूल एवं पराली जलाने सहित विभिन्न नए और प्राकृतिक स्रोतों से उ'च-रिज़ॉल्यूशन उत्सर्जन को शामिल करता है।

सिस्टम के पूर्वानुमान भाग में दो मॉडलिंग कार्यतंत्र शामिल हैं, एक एनसीएआर वायुमंडलीय रसायन परिवहन मॉडल (डब्ल्यूआरएफ-चैम ) पर आधारित है और दूसरा फिनिश मौसम विज्ञान संस्थान मॉडल एसआईएलएएम (वायुमंडलीय संरचना के एकीकृत मॉडलिंग के सिस्टम) पर आधारित है। यह मॉडल दिल्ली में नवीनतम भूमि उपयोग भूमि कवर (एलयूएलसी) परिवर्तन की जानकारी, पृष्ठभूमि एरोसोल और प्रदूषक, धूल भरी आंधी से उत्पन होने वाली धूल, लंबी दूरी के परिवहन और पराली जलाने से उत्पन प्रदूषित अवयवों को ध्यान में रखते हैं।

दिल्ली क्षेत्र के लिए 400 मीटर रिज़ॉल्यूशन पर 72 घंटे की लीड टाइम तक और 10 किमी रिज़ॉल्यूशन पर 10 दिन पहले पूर्वानुमान उपलब्ध हैं। इनमें चेतावनी प्रणाली (ए) दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के लिए 400 मीटर पर वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान, (बी) 400 मीटर रिज़ॉल्यूशन पर दिल्ली/एनसीआर के प्राथमिक और माध्यमिक दबाव पर वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान, (सी) पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए 10 किमी रिज़ॉल्यूशन पर वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान, (डी) दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के वास्तविक समय के अवलोकन, (ई) विभिन्न उपग्रह डेटासेट का उपयोग करके धूल (धूल भरी आंधी) और प्रदूषक अवयवों जैसे प्राकृतिक एरोसोल के बारे में विवरण, (एफ) भारत भर में वास्तविक समय की अग्नि से जुड़ी जानकारी, (जी) गैर-स्थानीय अग्नि उत्सर्जन के योगदान का पूर्वानुमान शामिल है। मॉडल के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासों की आवश्यकता है। पर्यावरण मौसम विज्ञान के क्षेत्र में परिवर्तनकारी नवाचार देखे गए हैं, जिसमें अत्याधुनिक तकनीकों ने वायुमंडलीय गतिशीलता और वायु गुणवत्ता में सटीक, वास्तविक समय का उल्लेख करने की अंतर्दृष्टि प्रदान की है

पर्यावरण मौसम विज्ञान के क्षेत्र में परिवर्तनकारी नवाचार हुए हैं, जिसमें अत्याधुनिक तकनीकों ने वायुमंडलीय गतिशीलता और वायु गुणवत्ता के बारे में सटीक, वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त करना संभव बनाया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) वायु गुणवत्ता और मौसम से जुड़ी घटनाओं का सटीक और तेज़ पूर्वानुमान देने के लिए उपग्रह इमेजरी, ग्राउंड-आधारित अवलोकन और वायुमंडलीय मॉडल से विशाल डेटासेट को संसाधित करके पर्यावरण मौसम विज्ञान को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों और आर्थिक लागतों को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान की सटीकता आवश्यक है। आईएमडी और संबद्ध संस्थान पर्यावरण निगरानी और वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान में सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

आईएमडी के ऐतिहासिक योगदान ने न केवल भारत की विशिष्ट वायुमंडलीय स्थितियों की वैज्ञानिक समझ में सुधार किया है, बल्कि वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मौसम और जलवायु के क्षेत्र में आईएमडी को वैश्विक रुप से प्रमुख बनाने में उनके अथक परिश्रम के लिए मौसम विज्ञान समुदाय को बहुत-बहुत बधाई।

# म्यांमार में सैन्य शासकों पर संकट

**हिरण्यमय कार्लेकर**

(लेखक, दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



इस बात के सभी संकेत हैं कि वर्ष 2025 सैनिक रूप से म्यांमार में सत्तारूढ़ सैनिक शासन के लिए निराशाजनक होगा। वह स्पष्ट रूप से विपक्षी नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट-एनयूजी तथा उसकी सशस्त्र शाखा-पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ, नस्ली सशस्त्र संगठनों-ईआरओ तथा थ्री ब्रदरहुड एलायंस से लड़ाई में हार रहा है जिसमें म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए शामिल है। यह उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय है। इसके साथ ही तलांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए भी शान राज्य में तथा देश के पश्चिमी हिस्से के राखीन राज्य में सक्रिय अराकान आर्मी-एए भी पीडीएफके गठबंधन में अन्य सेनाओं के साथ शामिल हैं। हालांकि, भविष्य का अनुमान लगाना जोखिक का विषय हो सकता है, पर इस युद्धग्रस्त देश में बदलती घटनाओं से यह अनुमान लगाया जा सकता है। खबरिया वेबसाइट 'इरावडी' में 6 जनवरी, 2025 को एक खबर छपी है-'केवल एक तिहाई म्यांमार में ही सैनिक शासन प्रभावी: एनयूजी'। इसमें एनयूजी के हवाले से बताया गया है कि सैनिक शासन का देश के 330 कस्बों में से केवल 107 पर नियंत्रण रह गया है। पीडीएफ और ईआरओ ने 144 कस्बों या देश के 44 प्रतिशत हिस्से पर पूर्ण या आंशिक नियंत्रण स्थापित कर लिया है। अत्यधिक विश्वसनीय मानी जाने वाली इस वेबसाइट ने 8 जनवरी, 2025 को मौंग कावी का एक लेख-'म्यांमार जुंटा द्वारा जमीनी स्तर पर राष्ट्रव्यापी विरोध को देखते हुए सरकार समाप्त होने की चेतावनी' प्रकाशित किया। इसमें एनयूजी का यह दावा पेश किया गया है कि सैनिक शासक के लगभग 1,500 सैनिक और पुलिस कर्मचारी नागरिक नाफरमानी आंदोलन के साथ आ गए हैं और उनमें से 480 ने 'क्रांतिकारी ड्यूटी' देनी शुरू कर दी है।

'केवल एक तिहाई म्यांमार में ही सैनिक शासन प्रभावी: एनयूजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल 315 अधिकारी युद्ध के दौरान मारे गए तथा 127 घायल हुए। इसी समय कर्नल से मेजर जनरल स्तर तक के 53 वरिष्ठ अधिकारी भी मारे गए, घायल हुए या बंदी बनाए गए। इसके साथ ही 14,093 सैनिक और सीमा सुरक्षा पुलिसकर्मी भी मारे गए तथा 7,363 घायल हुए। सरकार-विरोधी समूहों ने सैनिक शासन के 741 ठिकानों पर कब्जा कर लिया। इनमें से अधिकांश पर नस्ली सेनाओं ने कब्जा किया, पर सैगांग, माग्वे, मांडले, बागो और टनथियारी क्षेत्रों में 162 पर पीडीएफ व पीपुल्स डिफेंस टीमों ने कब्जे किए।

सेना को 2024 में 140 बटालियनों और दो क्षेत्रीय कमांडों से हाथ धोने पड़े। राखीन प्रांत में वेस्टर्न कमांड तथा शान प्रांत में नार्थईस्टर्न कमांड के साथ्ज्ञ ही एक क्षेत्रीय आपरेशन कमांड, पांच सैनिक आपरेशन कमांडों, 6 आपरेशनल अड्डों, दो हवाईअड्डों, 17 सीमा सुरक्षा पुलिस अड्डों तथा अनेक तोपखाना, लाइट इन्फ्रैंट्री बटालियनों तथा आर्टिलरी, लाजिस्टिक, सिग्नल व सैनिक इंजीनियरिंग इकाइयों से भी सेना को हाथ धोने पड़े हैं।

हालांकि, एनयूजी के दावों को पूर्ण सत्य नहीं कहा जा सकता है, पर जमीन से मिलने वाली रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सैनिक शासक की सेना-'सिटटैट' को पिछले साल भयानक धक्का लगा है। 27 अक्टूबर, 2023 को 'आपरेशन 1027' शुरू करने के बाद से थ्री ब्रदरहुड एलायंस को काफी सफलतायें मिली हैं। एए ने लगभग पूरे राखीन प्रांत पर अप्रैल, 2024 में नियंत्रण स्थापित कर लिया था। एक बड़े घटनाक्रम में एमएनडीएए ने 31 जुलाई, 2024 को दावा किया था कि उसने लाशियो में सिटटैट के सैनिक अड्डे पर कब्जा कर लिया है। यह चीन से लगी सीमा के शान राज्य में एक शहर है। इसके हवाईअड्डे पर भी विद्रोहियों द्वारा कब्जा सैनिक शासक के लिए बड़ा धक्का है। विवेक शंकर ने 'द न्यूयार्क टाइम्स' में 5 अगस्त, 2024 को लिखा, 'लाशियो शहर और उसका हवाईअड्डा चीन के यूनान प्रांत के साथ महत्वपूर्ण व्यापार कारीडोर पर स्थित है। चीन ने सीमा के दोनों ओर रेल व अन्य ढांचागत परियोजनाओं पर करोड़ों मिलियन डालर खर्च किए हैं।' उत्तर में सफलताओं के साथ ही जुंटा-विरोधी बलों ने उत्तरी मांडले में चार कस्बों पर कब्जा किया। 'अल जजीरा' में 23 सितंबर, 2024 को प्रकाशित एंड्रयू नाकीमेसन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कब्जे से मांडले शहर मार के दायरे में आ गया है जो म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहरी केन्द्र है और जहां लगभग 2 मिलियन लोग रहते हैं।

8 अक्टूबर, 2024 को सिटटैट को क ।चीन इंडिपेंडेंस आर्मी-किया द्वारा पिनलेबू कस्बे पर कब्जे से भारी नुकसान उठाना पड़ा जो सैनिक शासन से लड़ने वाली गठबंधन सेनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सैगांग क्षेत्र और काचिन राज्य की सीमा पर स्थित कावलिन कस्बे और निकटवर्ती क्षेत्रों पर भी विपक्षी बलों ने कब्जा कर लिया है। अपनी भू-रणनीतिक स्थिति के साथ ही इस कस्बे के पतन से सिटटैट की स्थिति स्पष्ट होती है। खबरिया वेबसाइट 'द इरावडी' में 14 अक्टूबर, 2024 को प्रकाशित सालिन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एनयूजी का दावा है कि 670 हवाई हमलों तथा 5,000 से ज्यादा बम गिराने के बावजूद जुंटा के 800 सैनिकों को पराजित किया गया। इस युद्ध में जुंटा के 70 सैनिक मारे गए, 275 गायब हैं, 225 घायल हैं, 48 ने आत्मसमर्पण कर दिया तथा 102 पकड़े गए। इसके साथ ही लगभग 400 हथियार व अन्य सैनिक उपकरण जब्त किए गए।

नस्ली अराकान सेना द्वारा पश्चिमी राज्य के 17 कस्बों में से 14 पर कब्जे के बाद दिसंबर, 2024 में राखीन राज्य में जुंटा के पश्चिमी कमांड मुख्यालय के तीन कस्बे छीन लिए गए। 1 जनवरी, 2025 को सिटटैट को सैगांग में एक मजबूत पुलिस स्टेशन से पीछे हटना पड़ा जिसे क्षेत्रीय प्रतिरोधी बलों ने लगभग एक साल से अपने घेरे में ले रखा था। इससे उनको क्षेत्र में कार्रवाई में सहायता मिली। माउंग कावी की उपरोक्त रिपोर्ट के अनुसार, जुंटा को राखीन, चिन, काचिन और करेन राज्यों में कस्बों और अड्डों से हाथ धोना पड़ा है और वह 2024 में उत्तरी शान राज्य में खोए हुए स्थानों पर पुन: कब्जे के लिए कोई अभियान चलाने में अक्षम है। इससे पता चलता है कि सिटटैट की हालत बहुत खराब है। इससे उसमें आंतरिक असंतोष पैदा हो गया है। अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। अनेक युवा अधिकारी इस बात से दु:खी हैं कि लगभग पूरा देश उनके खिलाफ हो गया है। 'ये मायो हेन' में 4 मई, 2023 को प्रकाशित फीचर युनाइटेड इंस्टीट्यूट आफ पीस में पेश किया गाय था। इसके अनुसार सिटटैट की संख्या जो विद्रोह के पहले कुल 300,000-400,000 थी अब घट कर केवल 150,000 रह गई है।

इस घटी हुई शक्ति के कारण सिटटैट एक लड़ाकू शक्ति नहीं बना रह सकता है और उसकी सरकार बने रहना और भी कठिन है। हालांकि, सैनिक शासक के पास अभी टैंक, बख्तरबंद वाहन, तोपखाना और वायुसेना है, पर टैंकों व बख्तरबंद वाहनों से नस्ली बलों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में कार्रवाई करना बहुत कठिन है।

अत्यधिक घने जंगलों, पहाड़ी क्षेत्र, गहरी खाइयों तथा खड़ी चढ़ाइयों वाले क्षेत्र छापामार युद्ध के सर्वाधिक उपयुक्त हैं। इसके साथ ही हवाईहमलों और तोपखानों से युद्ध नहीं जीते जाते हैं, भले ही उनको हथियारबंद और प्रशिक्षित इन्फैंट्री का समर्थन प्राप्त हो। यदि ऐसा न होता तो अमेरिका वियतनाम में विजय प्राप्त कर लेता।

## आप की बात

### बढ़ता पारिवारिक असमंजस

**विवाह** को सात जन्मों का बंधन कहा जाता है दंपत्ति एक-दूसरे के साथ अपनी जिम्मेदारियों और वचनों को स्वीकार करते हैं, एक शाश्वत संबंध का निर्माण करते हैं। लेकिन विडम्बना है कि वर्तमान में लगातार बढ़ते तलाक और पारिवारिक कलह के मामले निश्चित तौर पर एक प्रमुख सामाजिक समस्या बन चुके हैं बदलते दौर में जहाँ एक ओर आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत पसंद को अधिक महत्व दिया जा रहा है, रिश्तों में अक्सर उम्मीदें और आवश्यकताएँ बदल रहीं हैं इसके दुष्परिणाम रिश्तों में कड़वाहट के रूप में सामने आ रहे हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता , करियर की प्राथमिकताएँ ,बदलती सामाजिक मान्यताएँ इत्यादि वो प्रमुख कारण हैं जो इन दिनों सामने आ रहे हैं जिन पर अक्सर दम्पत्ति अलग अलग राय रखते हैं। आज आवश्यकता है कि विवाह जैसे पवित्र बंधन को इस प्रकार अपमानित न किया जाए। एक दूसरे को ठीक प्रकार से समझकर और खुद से आगे अपने जीवनसाथी की खुशियों को रखकर सोचना चाहिए। संवाद की कमी जैसी समस्या को संवाद द्वारा ही सुलझाया जा सकता है। विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं अपितु दो परिवारों का मिलन होता है । अलगाव होने पर दो परिवार टूटते हैं इस बात को समझना चाहिए। दाम्पत्य जीवन मे गलतफहमियां हमारे रिश्ते की डोर को कमजोर न कर दें ये समझना होगा।

– **नितिन रावत**, फ़िरोज़ाबाद

### उपराष्ट्रपति का कथन

**उच्च** स्तरीय परीक्षाओं के बार-बार लीक होते पेपरों पर उप राष्ट्रपति के बेबाक विचार पठनीय है। पेपर लीक को गंभीर राष्ट्रीय चिंता बताते हुए जगदीप धनखड़ ने इसे एक व्यापार की संज्ञा दी है। उनका मानना है कि पेपर लीक होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष नहीं रह जाती है। दिन रात एक कर छात्र तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक होते ही उनकी मेहनत पर पानी फिरना एक बड़ा झटका होता है। आए दिन लीक होते पेपरों से त्रस्त विद्यार्थी इन मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने लगे हैं। धनखड़ की यह चिंता भी जायज ही है कि छात्रों को अब परीक्षा के साथ-साथ पेपर लीक का भी डर सता रहा है। आज हर बड़ी परीक्षा किसी न किसी मिलीभगत का शिकार होती ही है। कड़ी मेहनत के बावजूद विद्यार्थियों को सफलता न मिलना उन्हें गहरे अवसाद में ले जाता है। समय और पैसा खर्च करने के बावजूद अगर योग्य विद्यार्थी वंचित रहते हैं तो यह अन्याय ही है। हालांकि केंद्र सरकार सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 लाई है जिससे विद्यार्थियों को थोड़ा संबल मिला है इससे निष्पक्षता और पारदर्शिता की उम्मीद जगी है। इन हालातों में अगर विपक्ष परीक्षा प्रणाली पर उंगली उठाता है तो यह जायज है। सरकार पेपर लीक की समस्या पर कड़ी कार्रवाई और सख्त कानून बनाकर विद्यार्थियों के साथ हो रहे अन्याय को रोके।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### पीएम मोदी की सादगी

**एक** खबर के अनुसार पॉस्टकॉस्ट पर दिए एक इंटरव्यूह में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री होते हुए भी अपनी सादगियों को बनाये रखा और कहा कि मैं जैसा सामान्य नागरिक था आज भी वैसा ही हूँ. फैसले लेने में गलतियां हुई है क्योंकि मैं इंसान हूँ भगवान् नहीं पर उसके प्रति नीयत हमेशा साफ़ रही. हमेशा मेरे मन में ग़रीबों के प्रति उनके लिए बेहतर काम करने की इच्छा रही। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों में प्रतिभावान युवाओं के प्रवेश का आह्वान किया और कहा कि वे राजनीति में आएं और देश की उन्नति के लिए काम करें. जरुरी नहीं कि वे पदों पर रहकर ही कार्य करने की इच्छा रखें बल्कि जनभागीदार बनकर भी समाज सेवा के कामों में हाथ बंटाएं. उनकी बात सही है. किन्तु आजकल राजनीति में लोग जाते ही इसीलिए हैं कि पद, पैसा और ख्याति मिले. स्वार्थी राजनीतिक दलों ने राजनीति को भी गंदा कर दिया है. इस वजह से उसमें अपराधबोध भी बढ़ गया है. राजनीति को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए वोटों की राजनीति का त्याग करना जरुरी है. बढ़ते राजनीतिक भ्रष्टाचार पर भी कैसे अंकुश लगाया जा सके व वाणी संयम कैसे रुके उसके लिए भी उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। हमारे प्रधानमंत्री देश व देशवासियों के उत्थान के लिए रातदिन खूब मेहनत कर रहे हैं और दुनिया में भारत को हर तरह से सशक्त बनाने में लगे हुए हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सद्भावना संदेश

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह के 813वे उर्स के अवसर पर पवित्र चादर दरगाह पर चढ़ाई गई. केंद्र में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजुजी ने सूफी संत शेख मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर पवित्र चादर चढ़ाई और बुलंद दरवाजे पर प्रधानमंत्री के संदेश भी बुलंद दरवाजे पर जायरीनों के लिए पढ़ा गया. दिल्ली के उपराज्यपाल एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भी चादर अजमेर शरीफ दरगाह पर सम्मान चढ़ाई गई है राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी सिंह की तरफ से भी अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री इमरान हुसैन के माध्यम से अजमेर शरीफ पर चादर चढ़ाई गई. देश के सभी राष्ट्रीय नेताओं के द्वारा देश में अमन चैन की दुआ की गई. हम सभी देश के प्रधानमंत्री अन्य राष्ट्रीय नेताओं के द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाना सद्भावना बढ़ाने वाला कार्य है जिसके लिए देश के लिए सभी राष्ट्रीय नेताओं को मुबारकबाद देनी चाहिए. हम उम्मीद करते हैं कि देश में अमन चैन एवं शांतिपूर्ण माहौल कायम रहे है, ताकि देश प्रगति करें और विश्व में भारत की साख और मजबूत हो।

– **वीरेंद्र जाटव**, नई दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# यूपी और भारत को जानने का अवसर है प्रयागराज महाकुंभः सीएम योगी



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ देश और दुनिया के लोगों को उत्तर प्रदेश और भारत को जानने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस भव्य और दिव्य आयोजन में भारत की आध्यात्मिक विरासत को संतों के माध्यम से जानने और देखने का अद्भुत अनुभव भी मिलेगा। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन इसलिए भी विशिष्ट है कि इसका शुभ मुहूर्त 144 वर्षों के बाद आया है। महाकुंभ का आयोजन अद्भुत उत्साह के साथ हो रहा है। सीएम योगी रविवार अपराह्न गोरखपुर महोत्सव 2025 के औपचारिक समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन का भव्य आयोजन सोमवार से शुरू हो रहा है। 40 करोड़ आबादी महाकुंभ में आएगी। 40 करोड़ की आबादी दुनिया के अंदर भारत और चीन के अलावा किसी भी देश में नहीं है। मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि पहली बार महाकुंभ को लेकर अक्षय वट कॉरिडोर, मां सरस्वती, बड़े हनुमान मंदिर, महर्षि व्यास और भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर बन गया है। यहां नाग वासुकी और द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम की यात्रा का आनंद विप्रिका के माध्यम श्रद्धालु कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ का आयोजन 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में हो रहा है। शुक्रवार की रात तक ही 35 लाख श्रद्धालु पहुंच गए थे। जनमानस से अपील की कि मकर संक्रांति पर बाबा गोरखनाथ में खिचड़ी चढ़ाइए और फिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को समझने के लिए महाकुंभ जरूर जाइए। उन्होंने कहा कि कि 29 जनवरी को 144 वर्ष बाद विशिष्ट संयोग बन रहा है, जब भगवान सूर्य मकर राशि में होंगे। बृहस्पति वृष राशि में होंगे। विशिष्ट मुहूर्त पर प्रयागराज में मौनी अमावस्या स्नान का शुभारंभ होगा।

सीएम योगी ने कहा कि यह याद रखना होगा कि संस्कृति के अभाव में कोई राष्ट्र लम्बे समय तक अपनी जीवन गाथा को आगे नही बढ़ा सकता। लोक गाथा, लोक परम्परा राष्ट्र की संजीवनी होती है। लोक परम्परा, लोक गाथाओं, लोक गायन, लोक कलाकारों को इस प्रकार के कार्यक्रम और महोत्सव के माध्यम से एक प्लेटफार्म प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय नौजवानों, कलाकारों, कलाकृतियों, किसानों और उद्यमियों तथ समाज के लिए कुछ योगदान किया है उनको प्रोत्साहित करना, उनको मंच उपलब्ध कराना, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है और इस दृष्टिकोण से गोरखपुर महोत्सव नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर महोत्सव के विविध आयामों की सराहना करते हुए सीएम ने कहा कि टेराकोटा, शहद उत्पादन को देखना है तो महोत्सव में जरूर आइएं।

नेशनल बुक फेयर का आयोजन पहली बार इतने बड़े स्तर पर किया गया है। युवा किताबों को जरूर खरीदें और अपने दोस्तों को गिफ्ट करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और साहित्यिक विरासत से समृद्ध है। गोरखपुर नाम से ही पता लग जाता है कि महायोगी भगवान गोरखनाथ की पावन साधना स्थली भी है। गोरखपुर भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक परम्परा की एक महत्वपूर्ण भूमि है। गीताप्रेस के माध्यम से भारत की धार्मिक साहित्य का एक प्रमुख केन्द्र भी है। गोरखपुर के पास ही कुशीनगर भगवान बुद्ध की महानिर्वाण स्थली तथा सूफी संत कबीरदास की महानिर्वाण निर्वाण स्थली मगहर भी है। अपनी लेखनी के माध्यम से कथा सम्राट के रूप में विख्यात मुंशी प्रेमचंद ने गोरखपुर को अपनी कर्मस्थली बनाया था। गोरखपुर फिराक गोरखपुर की जन्मभूमि है तो वैश्विक मंच पर भारत की आध्यात्मिक विरासत को स्थापित करने वाले योगानंद परमहंस ने भी इसी गोरखपुर में जन्म लिया था।

# युवाओं को नशे के खिलाफ लड़ना चाहियेः मुख्यमंत्री

● सीएम योगी ने पीआरडी जवानों का बढ़ाया मानदेय 500 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की



**लखनऊ।** स्वामी विवेकानंद भारत माता के ऐसे सपूत थे, जिन्होंने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। उन्होंने 1893 में शिकागो समिट के जरिये दुनिया को भारत के महत्व, यहां की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया था। स्वामी विवेकानंद अक्सर कहा करते थे कि जितनी बड़ी चुनौती हो, जीत उतनी ही शानदार होती है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनकी इसी प्रेरणा को आत्मसात करके युवा आगे बढ़ रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन के सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर कहीं। सीएम योगी ने पीआरडी के 35 हजार से अधिक जवानों का मानदेय प्रतिदिन 500 रुपये करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय महोत्सव में प्रदेश के 63 नौजवानों ने भाग लिया था। इनमें से तीन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रदेश के युवाओं के सामने कभी पहचान का संकट था, लेकिन आज यहां का युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। सीएम ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। सीएम ने प्रांतीय रक्षक दल के मृतक जवानों के चयनित आश्रितों को चयन पत्र भी सौंपा। साथ ही एआई आधारित एकीकृत पोर्टल युवा साथी का शुभारंभ किया, जिसका उपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एकीकृत कर युवाओं को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए किया जाएगा।

सीएम ने युवा पीढ़ी को आगाह करते हुए कहा कि जो युवा अपनी जवानी में नशे की चपेट में आ जाए, उसका कोई भविष्य नहीं हो सकता है। नशा नाश का कारण बनता है। युवाओं को नशे के खिलाफ लड़ना होगा। इसके लिए युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को भी आगे आना होगा। सीएम ने कहा कि देश में टीबी के खिलाफ अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक टीबी को देश से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए मरीजों को चिह्नित करने के साथ फ्री उपचार और दवा दी जा रही है। सीएम ने कहा कि देश वर्ष 2047 में दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। उस दिशा में हम सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिये। सीएम योगी ने पीआरडी के मृतक जवानों के आश्रितों को चयन पत्र वितरित किये। सीएम ने कहा कि 1948 में पीआरडी का गठन किया गया था। सीएम ने पीआरडी के जवानों के विभिन्न प्रशिक्षण पर जोर दिया। बोले-आपदा के समय उनकी बड़ी भूमिका हो सकती है। सीएम ने कार्यक्रम में पीआरडी के जवानों का मानदेय 500 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की।

# वैश्विक पटल पर सनातन संस्कृति को प्रतिष्ठित किया स्वामी विवेकानंद नेः योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस कालखंड में जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, वैश्विक पटल पर सनातन वैदिक संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रतिष्ठित किया। इस युवा सन्यासी ने अपने विचारों और आचरण की साम्यता से राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत करने के बड़ी भूमिका निभाई है। गुलामी के कालखंड में सनातन वैदिक मूल्यों की चर्चा दुरूह होने के बावजूद स्वामी विवेकानंद ने 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' का उद्घोष किया। सीएम योगी रविवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस नगर कॉलोनी में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद विद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। विद्यालय के रज्जू भैया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि महज 42 वर्ष की उम्र में नश्वर काया को छोड़ देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव भारत और भारतीयता की बात की। उनकी जयंती पर आज पूरा देश उन्हें भारत माता के महान सपूत और राष्ट्रीय-आध्यात्मिक गुरु के रूप में याद कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो समिट में जब भारतीय सनातन मूल्यों को वैश्विक मंच पर रखा तो उनके वक्तव्य को सुनकर दुनिया मंत्रमुग्ध और भाव विभोर हो गई। स्वामी जी ने सबको जागरूक करते हुए कहा था कि सनातन धर्म सबसे प्राचीन धर्म है। हर भारतवासी को इस पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। स्वामी जी की शिक्षा है कि हम सबका एक ही धर्म होना चाहिए, राष्ट्रधर्म। उन्होंने कहा कि भारत ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का अनुसरण किया तो देश को आजाद होने में समय नहीं लगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद का नाम सभी लोग लेते हैं लेकिन हिंदुत्व का उद्घोष करने वाले सन्यासी को वामपंथी कैसे स्वीकार करते। स्वामी विवेकानंद के विचारों को सरस्वती शिशु मंदिरों ने हमेशा की अंगीकार किया। स्वामी जी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए देशभर में सरस्वती शिशु मंदिरों की लंबी श्रृंखला है। सीएम योगी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि चुनौती जितनी कठिन होगी, उसके अनुरूप परिश्रम करने पर जीत और शानदार होगी। उनके अनुसार परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गया है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर के नए दौर की शुरुआत होगी।

## मुख्यमंत्री ने रुद्राक्ष के पौधे का किया रोपण

● सीएम ने किया नानाजी देशमुख पार्क का शिलान्यास

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस नगर कॉलोनी में नगर निगम द्वारा 172 लाख रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे भारत रत्न नानाजी देशमुख पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पार्क का शिलान्यास करने के बाद सीएम ने रुद्राक्ष के पौधे का रोपण भी किया। इस पार्क का निर्माण 1800 वर्गमीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा और बन जाने के बाद इसमें नानाजी देशमुख की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित मॉडल की थ्री डी गैलरी का भी अवलोकन किया। सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, संघ के प्रांत प्रचारक रमेश जी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं को बेहतर सहज एवं सस्ती परिवहन सेवाएं मिलेंगीः दयाशंकर

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने प्रदेशवासियों को संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को परिवहन निगम के सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में महाकुम्भ को लेकर यूपी रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। यह निर्देश उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुक्रम में विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, एम डी परिवहन निगम श्री मासूम अली सरवर सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि महाकुम्भ अवधि में सभी जिलों में



प्रयागराज के लिए बसों का संचालन किया जाए। बसों के संचालन से संबंधित समय सारणी का व्यापक प्रभार कराया जाए।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि परिवहन निगम द्वारा संचालित सभी बसों एवं बस स्टेशनों पर साफ सफाई बेहतर रखी जाए, जिससे कि यात्रियों को यात्रा के अच्छे अनुभव मिल सके। साथ ही निर्देश दिए कि सभी चालकों/ परिचालकों की ट्रेनिंग कराई जाए, जिससे कि वह यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार रखें। चालक/परिचालक मादक द्रव्य का सेवन कर गाड़ी ना चलाएं। ब्रेथ एनलाइजर से इसकी नियमित जांच करें। परिवहन निगम के साथ साथ प्राइवेट बस ड्राइवरों के स्वास्थ्य की जांच की जाए, जिससे दुर्घटना रोका जा सकें। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी बस अड्डों पर पेय जल एवं अलाव की व्यवस्था हो। बस अड्डों एवं पार्किंग के जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को महाकुंभ के दौरान अपनी ड्यूटी पर रहने का निर्देश दिया।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई स्वामी विवेकानन्द जयंती



**लखनऊ।** सपा मुख्ययालय में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में रविवार को स्वामी विवेकानन्द की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गयी। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नव वर्ष का कैलेण्डर लांच किया। पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कबीर, विधायक श्री आशू मलिक, बीरेन्द्र यादव समेत अन्य नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी ने पूरी दुनिया को भारत का परिचय जिस रूप में दिया वैसा परिचय और प्रचार उससे पहले किसी नेता या संत ने नहीं दिया था। अमेरिका में पहले ही भाषण में स्वामी विवेकानन्द जी ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि हम उस देश से आते हैं, जिस देश में सिखाया जाता है कि सहनशीलता क्या है? स्वीकार्यता क्या है? हमारा समाज, हमारा धर्म हमें टालरेंस सिखाता है। भारत में कोई भी किसी विचार को लेकर आया, यहां उसे स्वीकार किया गया, सबको अपने में समाहित किया। अखिलेश यादव ने कैलेण्डर बनाने के लिए दीपक कबीर को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री उदय प्रताप सिंह ने स्वामी विवेकानन्द की जयंती यूथ डे की बधाई देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी ने जो संदेश दिया है उस पर चला जाता तो देश बहुत तरक्की कर जाता। स्वामी विवेकानन्द खुद को समाजवादी मानते थे। सरदार भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी अपने को समाजवादी कहते थे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व विधायक रूश्दी मियां, पूर्व एमएलसी सर्वश्री वासुदेव यादव, असलम राईनी, विकास यादव, माविया अली, मणेन्द्र मिश्रा, पवन मनोचा, फखरूल हसन चांद, सोनू कनौजिया, नवीन धवन बंटी, हिमांशु, पियूष, विपिन, केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र, राधेश्याम सिंह, नरेन्द्र शर्मा, राधाकांत यादव, भीष्म नारायण यादव समेत बड़ी संख्या नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कन्नौज हादसा सरकार के महाभ्रष्टाचार का कारणः अखिलेश

● हम चाहते हैं इंडिया गठबंधन और मजबूत होः सपा प्रमुख



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कन्नौज के रेलवे स्टेशन पर निर्माण के दौरान हादसा भाजपा सरकार के महा भ्रष्टाचार के महा लालच के कारण हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब सारे ठेके कमीशन लेकर दिये जाएंगे, ठेकेदार भी किसी और को ठेके पर देकर, अपना लाभ काम किये बिना कमाकर निकल जाएगा तो आधे से भी कम बचे पैसों में ऐसे ही थर्ड क्लास जानलेवा निर्माण कार्य होंगे, जिनमें न तो क्वॉलिटी होगी, न ही सिक्योरिटी का ध्यान रखा जाएगा मतलब गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों की बुरी तरह उपेक्षा होगी, जिसके परिणामस्वरूप ऐसे हादसे होंगे। हमारी माँग है कि भाजपा सरकार इस हादसे का ज़िम्मेदार अपने को मानते हुए घायलों को और मदद की घोशणा करें। घटना की किसी संस्था के स्ट्रक्चरल इंजीनियर से जांच हो और आगे का कार्य इंजीनियर की देख-रेख में हो।

अखिलेश यादव ने आज पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा सरकार में जितना भ्रष्टाचार हो रहा है, ऐसा कभी नहीं हुआ। सरकार का आउटसोर्स होता है फिर उसका आउटसोर्स होता है। उसके बाद उस पर भाजपा नेता का दबाव होता है। ठेकेदार अपने लाभ के लिए तमाम मानको से समझौता करते हैं। मजदूरों की जिस सेफ्टी के साथ काम होना चाहिए वो नहीं हो रहा है। कन्नौज में जिस क्वालिटी के सीमेंट और अन्य चीजों से कार्य होना चाहिए वैसा नहीं हो रहा था। ठेकों को तोड़-तोड़ कर छोटा बनाना और उसमें खेल करना भाजपा की नई संस्कृति है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है। इंडिया गठबंधन जब शुरूआती दौर में बनना शुरू हुआ था तब तय हुआ था कि क्षेत्रीय पार्टी जहां भाजपा से लड़ रही है, मुकाबला कर रही है उसका साथ देना है। सपा उसी रास्ते पर आज है। हम चाहते हैं इंडिया गठबंधन और मजबूत हो। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव जीतेगी। पार्टी की पूरी तैयारी है अयोध्या का चुनाव भाजपा एक बार फिर हारेगी। सभी लोग जानते है समीकरण सपा के पक्ष में है। भाजपा बेईमानी से उपचुनाव में सीटें जीती थी। सात सीटों पर वोटों की लूट की। बात सुप्रीम कोर्ट तक गयी है। उपचुनाव में कई बूथों पर ईवीएम में पुलिस के लोगों ने बार बार बटन दबाया था। अगर मशीनों की बटन की फॉरेंसिक जांच हुई होती तो पता चल जाता एक ही व्यक्ति ने बार-बार बटन दबाई थी। सभी लोगों ने उन तस्वीरों को भी देखा जहां पुलिस के अधिकारी ने महिलाओं को असलहों के बल पर डराया था लेकिन महिलाएं नहीं डरी। महिलाएं वोट डालने के लिए लगातार पुलिस से लड़ी। जो अधिकारी बेईमानी कर रहे थे, उनपर सरकार ने दबाव बनाया था।

# कांग्रेसजनों ने धूमधाम से मनाया सांसद प्रियंका का जन्मदिन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने केक काटकर प्रियंका गांधी को बधाई दी एवं उनकी दीर्घ आयु होने की कामना की। इस अवसर पर प्रभारी महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि देश के लोग प्रियंका गांधी में स्व. इंदिरा गांधी की छवि देखते हैं और उनके जैसा हौसला देखते हैं। जिसको प्रियंका गांधी ने विगत वर्षों में सड़क पर उतरकर संघर्ष कर सिद्ध भी किया है। प्रियंका गांधी को बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रियंका गांधी, राहुल गांधी के साथ देश के लोगों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आई हैं। राहुल गांधी के बाद जिस तरह प्रियंका गांधी जी ने संसद सदस्य निर्वाचित होने के बाद संसद में अपने पहले ही सम्बोधन में अपनी धार और परिपक्वता दिखाई है उससे प्रतीत होता है कि संसद में और सड़क पर आने वाले समय में



प्रधानमंत्री मोदी को बड़ी चुनौती मिलने वाली है। सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिवस के पुनीत अवसर पर राजधानी के मोती नगर स्थित मुंशी लीलावती निराश्रित बाल गृह पहुंचकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने अनाथ बच्चियों को उनकी जरूरतों का सामान, किट, फल, मिठाई इत्यादि भेंट की एवं ठंड से बचने के लिए बुर्जुग महिलाओं को शॉल भी वितरित किया। प्रियंका गांधी के जन्मदिन के अवसर पर 1090 चौराहे पर अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल कोऑर्डिनेटर शमीम खान ने गरीबों को कंबल तथा सामाजिक कार्यकर्ता राजेश जायसवाल ने जरूरतमंद महिलाओं को उपहार स्वरूप 20 सिलाई मशीन भेंट की।

# स्थानीय लोगों को पर्यटकों से मिल रहा सर्वाधिक लाभ

● ऐतिहासिक विरासतों से समृद्ध है उप्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं

**लखनऊ।** उप्र विविधताओं का प्रदेश है। भगवान श्रीराम की अयोध्या, वनवास के दौरान उन्होंने पत्नी सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय गुजारा वह भी उत्तर प्रदेश में है। मथुरा और वृंदावन सहित पूरा ब्रज क्षेत्र राधा, कृष्ण, गोपियों, ग्वालों की याद दिलाता है। ताजमहल के नाते आगरा और शौर्य संस्कार की गवाह रानी लक्ष्मीबाई की धरती बुंदेलखंड का अपना अलग आकर्षण है। तीर्थराज प्रयाग तो खुद में अद्भुत है। कुंभ और महाकुंभ के दौरान तो यह मानवता का वैश्विक समागम बन जाता है। दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध, योग को बिना भेदभाव के लोककल्याण का जरिया बनाने वाले गुरु गोरक्षनाथ, महावीर जैन की भी यही धरती है। सबसे पुराने जीवाश्म के नाते सोनभद्र भी पर्यटकों की पसंद बन सकता है। कुल मिलाकर यूपी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश के लोगों को इन संभावनाओं का अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए सीएम योगी पर्यटन को जन उद्योग बनाना चाहते हैं।

चूंकि आने वाले पर्यटकों से सर्वाधिक लाभ स्थानीय लोगों को ही होता है इसलिए सीएम योगी चाहते हैं हर स्थानीय आदमी अपने यहां आने वाले पर्यटकों के साथ बेहतर व्यवहार व उनको उचित सहयोग देकर ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाए। यह हमारे 'अतिथि देवो भव' परंपरा के भी अनुकूल है। ऐसा होने पर संबंधित जगह पर आने वाला पर्यटक वहां बार-बार आना चाहेगा। हर ऐसे मंच से मुख्यमंत्री योगी लोगों से यह अपील करते हैं।

सरकार अपने स्तर से हर संभावित पर्यटन स्थल को पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त भी कर रही है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या और स्थानीय लोगों की बढ़ती आय के रूप में इसके नतीजे भी मिल रहे हैं। मसलन उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों के आगमन के लिहाज से देश में लगातार तीसरे साल भी नंबर एक पर है। हाल ही में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद कहा था कि 2016 में अयोध्या में औसतन 2.83 लाख पर्यटक आते थे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वर्ष 2024 के अंतिम आंकड़े आने तक यह संख्या 16 करोड़ के आसपास होगी। सितंबर 2024 तक अयोध्या में 13.44 करोड़ पर्यटक आ चुके थे। इसी तरह वाराणसी में साल में औसतन 50 लाख पर्यटक आते थे। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद यह संख्या 6 करोड़ के करीब हो गई। रही स्थानीय लोगों की बात तो किसी जगह आने वाला पर्यटक ट्रांसपोर्टेशन, आवास, भोजन, प्रसाद और स्थानीय उत्पादों की खरीददारी पर औसतन करीब 5000 रुपया खर्च करता है। यह लाभ पहले स्थानीय लोगों को मिलता है। उसके बाद यह प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को भी संपन्न करता है। अयोध्या और वाराणसी को ही ले लीजिए, जिन लोगों की महीने की कमाई कुछ हजार तक थी अब वह लाख या उससे ऊपर तक पहुंच गई है। होटल और होम स्टे अक्सर फुल रहते हैं। पर्यटन के लिहाज से किसी जगह का आकर्षण पास के शहरों को भी प्रभावित करता है। प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले तमाम पर्यटक और श्रद्धालु लगे हाथ अयोध्या और काशी भी जाना चाहेंगे। इससे इन स्थलों को भी लाभ होगा। वाराणसी में रेशमी साड़ियों की कमी पड़ने पर मुबारकपुर (आजमगढ़) के बुनकरों को लाभ हो रहा है। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह कहते हैं कि पर्यटन के क्षेत्र में किया जाने वाले हर निवेश स्थायी और दीर्घकालिक रिटर्न की गारंटी है।

# विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश, थीम पर होगा 'यूपी दिवस'

● 24 से 26 जनवरी तक होगा यूपी दिवस, सभी जनपदों में होंगे आयोजन

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में लखनऊ व नोएडा समेत सूबे के सभी जनपदों में विविध कार्यक्रम होंगे। इस बार यूपी दिवस का थीम %विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश रखा गया है। इस थीम पर ही प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं व रोड शो समेत अनेक आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी दिवस के आयोजन को भव्यतम बनाने का निर्देश दिया है। सीएम ने इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना 24 जनवरी 1950 को हुई थी।। इस दिन प्रदेश का नाम संयुक्त प्रांत से बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था। योगी सरकार 2018 से अनवरत 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन कर रही है। सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जनसहभागिता से यूपी दिवस मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम लखनऊ व नोएडा में होंगे, लेकिन यूपी के सभी 75 जनपदों में यूपी दिवस का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में निर्देश दिया है कि यूपी दिवस से जुड़े कार्यक्रम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, रोड शो समेत सभी आयोजन हो। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा कल्याण की तरफ से होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उत्तर प्रदेश दिवस पर सम्मानित किया जाए।

योगी सरकार के निर्देशन में यूपी दिवस पर अनेक विभाग विविध आयोजन कराएंगे। यूपी दिवस पर एमएसएमई विभाग द्वारा ओडीओपी के अंतर्गत प्रदेश के शिल्पकारों के उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन होगी। उद्योग व अवस्थापना विभाग द्वारा स्टार्टअप व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर आधारित प्रदर्शनी, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी पर आधारित प्रदर्शनी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रगतिमान उत्तर प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी, गृह विभाग द्वारा मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, संसदीय कार्य विभाग द्वारा संविधान गैलरी व संविधान का अमृतकाल, नगर विकास विभाग द्वारा कुम्भ पर आधारित प्रदर्शनी, संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश की कला, संस्कृति व इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी, काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को उत्तर प्रदेश दिवस में सम्मानित भी किया जाएगा।

# पुरातन छात्र परिषद ने धूमधाम से मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**संवाददाता।** फतेहपुर



**सरस्वती** विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में आज पुरातन छात्र परिषद द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गई। युवा दिवस के रूप में मनाई गई जन्म जयन्ती अवसर पर परिषद का नवीन गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी घोषित हुए। परिषद में संरक्षक डॉ0 भूपेन्द्र सिंह व बालिका वर्ग अध्यक्ष दीप्ती को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ईशनारायण, विभाग कार्यवाह ज्ञानेन्द्र सिंह एवं आशीष तिवारी रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह ने की।

अतिथियों ने स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शों पर चलने के साथ साथ उनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में चरितार्थ करने की बात कही। वहीं आये हुए पुरातन छात्रों ने अपने विद्यालयी जीवन के संस्मरण साझा करते हुए सभी को हँसाया एवं भावुक भी किया। पूर्व छात्र 2012 बैच के विद्यार्थियों ने सभी अध्यापकों को भगवान श्रीराम जी का चित्र भेंट स्वरूप दिया। अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी ने कहा कि विद्यालय समय की यादें अपने आपको रोमांचित करती हैं और विद्यालय द्वारा प्राप्त शिक्षा, संस्कार सामाजिक जीवन में आज भी अग्रसित करती हैं। पुरातन छात्र परिषद के नवीन गठन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रसून तिवारी, उपाध्यक्ष देवनारायण मिश्र, महामंत्री विवेक पासवान, मंत्री अभिषेक श्रीवास्तव, हेमन्त यादव सहमंत्री ऋषभ गुप्ता, कोषाध्यक्ष रजत शिवहरे, दीपक मौर्या, लखन सिंह, अभिषेक सिंह गौतम आदि को मनोनीत किया गया। इसके अलावा अंग्रेजी माध्यम में अध्यक्ष यश प्रताप सिंह को बनाया गया। इस अवसर पर अभिलाष गुप्ता, कृष्ण चन्द्र वर्मा, विनोद कुमार द्विवेदी, महेश सिंह, राजेश सिंह, राजनारायण शुक्ल, योगेन्द्र शुक्ल, अरविन्द त्रिपाठी, अनुज मिश्र, मुकुल सिंह, बाल कृष्ण गुप्ता, सौरभ मणि, बादल सोनी, नीरज गुप्ता, अदीप सिंह, आदित्यांश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गंगा बचाओ सेवा समिति की ओर से महाकुंभ का बांटा गया न्यौता



**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति द्वारा आयोजित महाकुंभ आमंत्रण गंगा जल कलश यात्रा को राधा वाटिका से पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता और भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा राधा वाटिका से प्रारंभ होकर बाकरगंज, रोडवेज बस स्टॉप, कटरा अब्दुल गनी, कोतवाली रोड होते हुए चौक पीलू तले चौराहा, मुराइन टोला, पटेल नगर, आईटीआई, शिव मंदिर कलेक्टर गंज, हरिहरगंज होते हुए देवीगंज, राधा नगर मार्ग में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र के साथ गंगाजल अक्षत देकर महाकुंभ में जाने का न्यौता दिया। इस मौके पर पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म में महाकुंभ का विशेष महत्व है। हम सभी को महाकुंभ में अपनी सहभागिता निभानी होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि महाकुंभ 144 वर्षो के बाद प्रयागराज में हो रहा है, यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है।

नगर के प्रमुख मार्गो में यात्रा के प्रति विशेष आकर्षण दिखाई दिया। लोगों ने कलश यात्रा को जगह-जगह रोककर पूजन अर्चना किया एवं यात्रा में चल रहे भक्तों को प्रसाद देकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# 3.85 करोड़ के गांजे के साथ तस्कर ड्राइवर व हेल्पर पुलिस के हत्थे चढ़े

**संवाददाता।** खागा, फतेहपुर



**कोतवाली** प्रभारी ने पुलिस बल व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स गोरखपुर की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित गौरैया माता मंदिर के पास से चेकिंग अभियान के तहत घेराबंदी करके ट्रक से 07 कुन्तल 70 किलोग्राम कीमत लगभग 3 करोड़ 85 लाख के साथ में पुलिस ने गांजा तस्कर ड्राइवर व हेल्पर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। वहीं पर लगभग 60 लाख कीमत का ट्रक भी बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व परिवहन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक बृज मोहन राय के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ गौरैया माता नेशनल हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान ट्रकों को रुकवा कर तलाशी ले रहे थे तभी शंका पर ड्राइवर तथा हेल्पर को कब्जे में ले लिया उसमे भूसे के बोरी के बीच में 26 बोरियों में 154 पैकेट गांजा बरामद हुआ जो 07 कुंतल 70 किलोग्राम था। जिसकी बाजारु कीमत 03 करोड़ 85 लाख बताई जा रही है।

पूंछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त रचपाल सिंह पुत्र लखबीर सिंह उम्र करीब 42 वर्ष, सोनू पुत्र कश्मीर मसीह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी गण बरीला खुर्द थाना कलानौर जनपद गुरुदासपुर पंजाब द्वारा बताया। अभियुक्त गणों ने बताया कि बरामद गांजा विशाखापट्टनम से हरियाणा के लिए ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रक स्वामी विजय कुमार पांडेय के कहने पर उक्त बरामद गांजा को लोड करके ले जा रहे थे। इसके पहले भी इस ट्रक से अवैध गांजा विशाखापट्टनम से हरियाणा ले जाया गया है। हम लोगों को प्रति चक्कर वाहन स्वामी द्वारा 50 हजार रुपया दिया जाता है। अभियुक्तों ने बताया कि गांजे का बाजारु मूल्य करीब 3 करोड़ 85 लाख रुपए हैं व ट्रक की कीमत 60 लाख रुपए है।

# अवैध शस्त्र बरामदगी अभियान के तहत अभियुक्त गिरफ्तार



**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, रविवार को थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 01 व्यक्ति मोहब्बत शाह बाबा मजार के पास कल्ला रोड पर खड़ा हुआ है जिसके पास अवैध असलाह है। उक्त सूचना पर तत्काल भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर खड़े हुए व्यक्ति की तरफ बढ़ी तो उस व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिस पर थाना भोगनीपुर पुलिस टीम ने घेरकर उस व्यक्ति को मोहब्बत शाह बाबा मजार से लगभग 150 कदम की दूरी पर ग्राम कल्ला की ओर रोड पर थाना भगोनीपुर जनपद कानपुर देहात से समय 00.26 बजे पकड़ लिया। पकडे गये व्यक्ति की जामातलाशी लेते हुए पूछताछ करने पर उसने अपना नाम कफील अहमद निवासी अहरौली शेख थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात उम्र लगभग 38 वर्ष बताया तथा उसके कब्जे से 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 1 अदद मिस कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ।

# सेंट थेरेसा बाईपास अत्यंत जर्जर, लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में आक्रोश

**संवाददाता।** संडीला, हरदोई



**लखनऊ** हरदोई रोड से संडीला मिश्रिख रोड को जोड़ने वाला सेंट थेरेसा बाईपास अत्यंत जर्जर हो चुका है, जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और अब तक कई लोग अकाल मृत्यु का ग्रास बन चुके हैं।

संडीला नगर में इमलियाबाग चौराहे पर आ कर मिलने वाला बाईपास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण 2011 में तत्कालीन स्थानीय विधायक एवं काबिना मंत्री अब्दुल मन्नान ने काफ़ी प्रयास करके स्वीकृत कराया था।

इस बाईपास के बन जाने से हरदोई की ओर से आकर इस बाईपास के द्वारा मिश्रिख रोड तक जाया जा सकता था और नगर के गुज़रने वाला भारी यातायात नगर से बाहर ही बिना अवरोध के सीधा निकल जाया करता था। इसी रोड पर नगर का पहला कॉन्वेंट कॉलेज सेंट थेरेसा पब्लिक स्कूल भी स्थित है। देखते देखते यह मार्ग अत्यंज जर्जर हो चुका है। इस संपर्क मार्ग पर आंसू तिराहे से शीतला मंदिर और गौशाला तक स्थिति यह है कि यह पता नहीं चलता की सड़क पर गड्ढे हैं या गडढों में सड़क है।

वर्षा होने पर इन गड्ढों में जब पानी भर जाता है तो पूरी की पूरी बाइक इसके अंदर समा जाती है। इन गड्ढों के कारण अब तक दर्जनों हादसे हो चुके हैं और कई दो पहिया और छोटे चौ पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए तथा दर्जनों लोग अकाल मृत्यु का ग्रास बन चुके हैं।

इस बेहद महत्वपूर्ण लेकिन अत्यंज जर्जर संपर्क मार्ग का हाल पूछने वाला कोई नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि स्थानीय जन प्रतिनिधियों की निगाहें इस ओर जाती ही नहीं हैं। नगर के प्रबुद्ध लोगों ने इस संपर्क मार्ग से तत्काल जीणोद्धार की मांग प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री को तत्काल पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## मुख्यालय को जाने वाली सड़क दुर्दशा की शिकार



**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में स्थित एक सड़क की दुर्दशा का शिकार है। यह सड़क असालतगंज, कुशलपुरवा, पितानपुरवा होते हुए जिला मुख्यालय माती को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन अब इसकी हालत बहुत खराब हो गई है। सड़क पर डामर और महीन गिट्टी गायब हो गए हैं, और गड्ढे इतने हो गए हैं कि अब सड़क से बोल्डर भी उखड़कर बाहर आने लगे हैं। सड़क करीब 7 वर्ष पूर्व पिछली सपा सरकार में बनाई गई थी, लेकिन तत्कालीन सरकार के बाद दोबारा सुध नहीं ली गई। अब जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में मुंह फेर रहे हैं और सड़क की मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

# लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर संघ ने मुख्य अभियंता को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता।** लखीमपुर, खीरी



**लखीमपुर** सिविल कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग ने अपनी विभिन्न मांगों के सम्बंध में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग लखनऊ व अधिशाषी अभियंता लखीमपुर को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि लखीमपुर के सभी ठेकेदारों के प्रपत्रों की जांच का एक नियत समय तय किया जाए और उनकी प्रहरी का अप्रूवल जारी किया जाए जिससे सभी ठेकेदार निविदाओं में भाग ले सकें।

जिले के लिए जारी सीआरसी ही विभाग द्वारा स्वीकार की जाए।अन्य जनपदो की नहीं। टीएस की कापी अनुबंध के गठन तक जारी होनी चाहिये।निविदाओं की एल वन को छोड़कर सभी की सिक्योरिटी तत्काल वापस की जाए। कार्य समाप्ति के बाद तत्काल फाइनल बिल भुगतान किया जाए।न कि बाद में निल का बिल देकर लटकाया जाए। विभाग सभी ठेकेदारों के अनुबंध के साथ दी गयी धरोहर धनराशि को गोपनीय रूप से ऑनलाइन परीक्षण कराएं एवं सम्बंधित सहायक अभियंता द्वारा एफडीआर का सत्यापन की सत्यता अंकित की जाए।

सीआरसी की मूल दोनों प्रतियां ठेकेदार से ली जाएं।एक प्रति को अमान्य माना जाए।इसके साथ ही ज्ञापन में डीएलपी की स्थिति भी स्पष्ट करने की मांग की गई है। ज्ञापन पर अध्यक्ष नीरज वर्मा,संरक्षक दिनेश वर्मा,उपाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी,अरुण कुमार सिंह,महामंत्री भुवन कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष मो. शफीक, मंत्री संजय गुप्ता,संयुक्त मंत्री विपिन कुमार,संगठन मंत्री परवेज अहमद व सौरभ पांडे,मीडिया प्रभारी चमन सिंह राणा व मो. मोनिस सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

## डामर में जल भराव कीचड़ से लोगों का आना जाना बंद

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में गांव के अंदर जाने आने वाले रास्ते में कीचड़ व जल भराव रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा। जल भराव से ग्रामीण परेशान है। क्षेत्र के डामर गांव में राजू के मकान से रतिराम यादव के दरवाजे तक मुख्य रास्ते में जलभराव रहने से ग्रामीणों को इस रास्ते से निकलने में परेशानी होती है इसमें हमेशा प्रत्येक मौसम में जलभराव बना रहता है। गांव निवासी दृगपालए मुन्ना लालए राकेश कुमार, देव सिंह, रज्जनए राजू प्रसाद, शारदा प्रसादए आदि लोगो ने बताया कि इस रास्ते से गांव के अंदर जाने के लिए निकलने के लिए आवागमन करना पड़ता है। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण पूरे रास्ते में जल भराव बना रहता है। तथा विद्यालय जाने वाले बच्चो को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस रास्ते को जल्द ठीक कराए जाने की मांग की है।

# एनसीसी की संग्राम साइक्लोथेन का हुआ जोरदार स्वागत



**फतेहपुर।** एनसीसी के 15 सदस्यीय साइक्लोथेन दल का 60 यूपी बटालियन एनसीसी शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। शहीद सैनिक विजय पाल की पत्नी कुसमा देवी ने झंडी दिखाकर स्वागत किया। कैडेट्स ने रंगारंग कार्यक्रम किया।

यह दल 1857 की क्रांति के प्रमुख स्थानों पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ऐतिहासिक घटना की पूरी जानकारी युवा पीढ़ी को देगा। कार्यक्रम का आयोजन वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में किया गया। साइक्लोथेन दल प्रयागराज से चलकर रविवार को जनपद पहुंचा। 60 यूपी बटालियन के कर्नल बृजेश पठानिया के नेतृत्व में साइक्लोथेन दल कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां शहीद सैनिक विजय पाल की पत्नी कुसमा देवी ने झंडी दिखाकर स्वागत किया। 60 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कर्नल बृजेश पठानिया ने बताया कि पांच छात्राओं सहित यह दल प्रदेश में 1857 की क्रांति के प्रमुख स्थानों पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नगरवासियों को इस ऐतिहासिक घटना की पूरी जानकारी देगा और युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों के बलिदानों की याद दिलाते हुए खुद को सशक्त भारत बनाने को प्रतिबद्ध करेगा।

# आरएसएस की साइकिल यात्रा ने स्वयंसेवकों में भरा जोश



**कन्नौज।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में रविवार को छिबरामऊ में जिला प्रचारक ने हरी झंडी दिखाकर साहसिक साइकिल यात्रा रवाना की गयी। जिसमें कस्वा भ्रमण के दौरान सैकड़ों युवकों ने भारत माता की जय, जय श्री राम व वन्देमातरम के जयकारे लगाए। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की साहसिक साइकिल यात्रा सरस्वती विद्यालय से शुरू होकर छिबरामऊ कस्बे में भ्रमण करते हुए डाइट के पास स्थित मंदिर प्रांगण में समापन हुआ। यात्रा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यात्रा समापन पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक अंकित ने बताया कि आरएसएस विगत 100 वर्षों से लगातार सनातन समाज के लिए कार्य कर रहा है। संघ का उद्देश्य शिक्षा प्रदान करना, राष्ट्र समर्पित भाव से नौजवानो को प्रोत्साहित करना और राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना को जागृति करना है। इन सारे कार्यो के लिए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना है। उन्होंने कहा युवाओं में परिवर्तन लाने की शक्ति होती है। शताब्दी वर्ष के मौके पर ही गांव-गांव स्वयंसेवको में जोश भरने के लिए यात्रा का आयोजन किया गया।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन



**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**उत्तर** प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों के हित में भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करनें के उपरान्त नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता द्वारा नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। रविवार को नगर के जीटीरोड स्थित गोपाल जी गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामजी अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे ने की। उन्होंने व्यापारियों को संगठन की एकता और मजबूती पर बल दिया। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता द्वारा नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें नगर महामंत्री अजीत सिंह वर्मा एवं नसीर अहमद, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल बनें।

जिलाध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर बधाई दी और उम्मीद जताई कि यह कार्यकारिणी व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। इसके बाद बैठक में व्यापारियों ने स्थानीय बाजार की समस्याओं, बढ़ते टैक्स, सुरक्षा व्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा की। नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने सभी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि संगठन उनके हितों के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। बैठक का संचालन नगर महामंत्री राकेश कौशल ने किया। इस दौरान जिला संयुक्त महामंत्री संजीव कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष यतीश स्वरूप सक्सेना, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम कुमार पाठक, जिला उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## मंदिर दर्शन करने जा रहे युवकों पर चले पत्थर

**मौदहा, हमीरपुर।** बीती शाम नगर की बड़ी देवी मंदिर दर्शन करने जा रहे कुछ युवकों पर अराजक तत्वों द्वारा पथराव कर गाली गलौज मारपीट करने का कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। नगर के नेशनल चौराहा स्थित निवासी गोविंदा गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ बीती शाम नगर की बड़ी देवी मंदिर दर्शन करने जा रहा था तभी नगर के युवक शिवा गोश्वामी सत्यम गोस्वामी कार्तिक लखेरा संस्कार गोश्वामी वहां आ गए और ने उसके साथ दर्शन करने गए साहिल शिवहरे को गाली गलौज शुरू कर दी जिनको मना करने के बाद उक्त चारों युवकों ने एक राय होकर ईटा पत्थर चलाना शुरु कर दिया और लाठी डंडे लेकर आ गए और उनके साथ मारपीट की है जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं साथ ही साहिल शिवहरे के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है।मारपीट के दौरान पत्थर मारने वाले युवक संस्कार गोस्वामी को मौजूद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

# क्विक न्यूज

## प्रोजेक्ट नई किरण में आये 37 मामले, 4 में हुआ समझौता

**कानपुर देहात।** प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 37 मामले आये, जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 4 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये, शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी । प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सुषमा, म0का0 190 प्रियंका गुप्ता, म0का0 785 स्फूर्ति, म0का0 1282 आरती व म0का0 111 ज्योती शिखा (महिला सहायता प्रकोष्ठ) तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्री रामप्रकाश, श्रीमती कंचन मिश्रा व डॉ0 पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे तथा सबका विशेष सहयोग रहा।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का सपा जिला उपाध्यक्ष ने किया शुभारम्भ

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** खेलकूद में प्रतिस्पर्धा के साथ आपसी सदभाव भी बढ़ता है। इसके साथ ही खेलकूद में युवा अपना भविष्य भी बना रहे हैं। खेलों के बढ़ावा के साथ आपसी भाईचारा भी आवश्यक है। खेलों में विवाद का कहीं कोई स्थान नहीं होता है। यह बात समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए कही। रविवार को रसूलाबाद क्षेत्र के असालतगंज में स्थित बजरंग ग्राउंड में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी टाइटन क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।आयोजन के प्रथम मैच का शुभारंभ फीता काटकर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के नेता हाजी फैजान खान ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित किया और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

## महाकुंभ को लेकर पुलिस ने स्टेशन में की चेकिंग

**फतेहपुर।** महाकुंभ मेले के दृष्टिगत पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार दुबे के नेतृत्व में कोतवाल तारकेश्वर राय, जीआरपी, एलआईयू और आरपीएफकी संयुक्त टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चेकिंग और फ्रिस्किंग की। यात्रियों व जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस ने यात्रियों से अपील किया कि वे अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। महाकुंभ मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस ने मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। सीओ सिटी का कहना रहा कि कुंभ मेला के दृष्टिगत पुलिस बेहद सतर्क है। किसी भी यात्री व श्रद्धालु को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। कहीं भी कोई संदिग्ध नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

**संडीला, हरदोई।** घर से राशन लेने के लिए गए बाइक सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बाद में सीएचसी में उनकी मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आलमपुर निवासी 23 वर्षीय अनूप पुत्र रामपाल तथा 30 वर्षीय मनोहर लाल पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम नयाखेड़ा जो कि करीबी रिश्तेदार थे, बाइक से राशन लेने के लिए गए थे। वापस लौटते समय ग्राम बाकीनगर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक सिर के बल सड़क पर गिर गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस इनको सीएचसी भरावन ले गयी। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्ज़े में लेकर उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। दूसरी ओर स्थानीय पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## समाजसेवी रीता सिंह ने आयोजित किया नेत्र चिकित्सा शिविर

**संडीला, हरदोई।** पूर्व विधायक कुंवर महावीर सिंह की पत्नी एवं समाजसेवी रानी रीता सिंह ने नेत्र चिकित्सा शिविर में रोगियों का नेत्र परीक्षण कराने के साथ 500 गरीबों को कंबल भी वितरित किए। स्थानीय शीतला मंदिर में आयोजित इस नेत्र चिकित्सा शिविर में सीतापुर से आए डॉक्टरों की टीम ने 500 रोगियों का नेत्र परीक्षण करके उन्हें दवाएं वितरित कीं तथा 190 रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया। रानी रीता सिंह ने शिविर में आए 500 गरीबों को कंबल भी वितरित किए। इस अवसर पर कुंवर आनंद सिंह, गजेन्द्र सिंह, अमीन अली, जगत द्विवेदी तथा अश्विनी आदि भी मौजूद रहे।

## सफाई कर्मियों के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**फतेहपुर।** विकास खण्ड भिटौरा में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ भिटौरा में ब्लाक कार्यकारिणी के सौजन्य से सफाई कर्मचारियों के मेधावी छात्र-छात्रा सम्मेलन समारोह विकास खण्ड प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश कुमार सैनी पूर्व सहायक विकास अधिकारी (पं0) विशिष्ट अतिथि अमित कुमार तिवारी ब्लाक प्रमुख भिटौरा, श्वेता सिह उप जिलाधिकारी (प्रशिक्षु)/खण्ड विकास अधिकारी भिटौरा एवं शान्ति शरण सिहं सहायक विकास अधिकारी (पं0) भिटौरा, जियाउर रहमान वरिष्ठ सहायक, देवेन्द्र सिंह, मनीष शुक्ला, अक्षय सिहं एवं श्यामू ग्राम पंचायत सचिव भिटौरा व उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल पाल ब्लाक अध्यक्ष सुरेश चन्द्र जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार पाल, अनिल कुमार पाल, धर्मेन्द्र सिहं, अरविन्द पाल, मोतीलाल, गोरेलाल, विश्वनाथ, आदित्य कुमार, उमेश चन्द्र, मनोज कुमार पाल, अरविन्द पाल ब्लाक संगठन मंत्री सियाराम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिहं, उपाध्यक्ष सुनील कुमार बाल्मीकि, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिहं, ऑडीटर देवेन्द्र पाल, ब्लाक सदस्य शैलेन्द्र पाल उपस्थित रहे।

## पालिका चेयरमैन ने पदयात्री संत का किया स्वागत

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद (फतेहपुर) द्वारा शहर के दो स्थानों पर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने के लिए स्वागत शिविर एवं विश्रामालय की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 03 अस्थाई रैन बसेरा व 01 शेल्टर होम भी संचालित है जिसमें भी श्रद्धालु रूक सकते हैं। पेयजल की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था आदि की गई है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने उज्जैन से रिक्शा ट्राली में अपनी माता सहित पैदल यात्रा कर आए हुए संत का बांके बिहारी मंदिर में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उनके लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस मौके पर सभासद शादाब अहमद ने कहा आज के दौर में यह अतुलनीय कार्य है जो अपनी माता को लेकर इस महाकुंभ जा रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। सभासद आफताब अहमद ने कहा कि ठंड के मौसम में भी पैदल चल कर आना कठिन कार्य है। इस मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह, मो0 हबीब अहमद, महफूज अहमद, राहुल व मंदिर के पुजारी भी उपस्थित रहे।

## कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न, लिये गये फैसले

**कुरारा हमीरपुर।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार बाल्मीकि ने की। खंड क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार बाल्मीकि ने कहा कि कर्मचारियों की दितीय ए सी पी लगाने हेतु तथा चरित्र प्रविष्टियां भरवाने के लिए सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे तथा सूची बनाई गई। जिससे ए डी ओ पंचायत की आख्या लगाने के बाद कर्मचारियों को एसीपी का लाभ जल्द मिल सकेगा। कर्मचारियों को संगठन की तरफसे अपने कार्य को ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक अपना दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया।

# महाकुंभ से पहले संगम तट पर हुआ नमामि गंगे यज्ञ

**महाकुंभनगर।** (भाषा) प्रयागराज में महाकुंभ पर अमृत स्नानों से ठीक एक दिन पहले रविवार को संगम तट पर नमामि गंगे टीम द्वारा भव्य नमामि गंगे यज्ञ का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य गंगा की पवित्रता, स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक संकल्प लेना था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, यज्ञ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और गंगा सेवा दूतों ने गंगा के निर्मल प्रवाह के लिए आहुतियां अर्पित कीं। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया गया। बयान के अनुसार हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता वाले इस आयोजन में 200 से ज्यादा गंगा सेवा दूतों ने खासतौर से भाग लिया और गंगा की अविरलता-पवित्रता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। युवा शक्ति के जोश और संकल्प से ओतप्रोत यह आयोजन आध्यात्मिकता और पर्यावरणीय चेतना का अनूठा संगम बना। नमामि गंगे टीम के साथ ही युवाओं ने गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए आहुतियां अर्पित कीं। गंगा सेवा दूतों ने जल की पवित्रता बनाए रखने और स्वच्छता अभियान को सतत जारी रखने का संकल्प लिया। बयान के अनुसार गंगा स्वच्छता अभियान में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत में 40 239ीसदी से अधिक जनसंख्या युवा है तथा आने वाली पीढ़ी पर ही गंगा स्वच्छता की जिम्मेदारी है। उनके मुताबिक, गंगा का संरक्षण केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दायित्व भी है। युवाओं ने गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के इस पावन प्रयास में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गंगा को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखने का संकल्प लिया।



## महाकुंभ इस राष्ट्र व श्रद्धालुओं को अधिक शक्ति देगा

**महाकुम्भ नगर,।** (भाषा) महाकुम्भ में पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान शुरू होने से पहले अध्यात्म से जुड़े संतों और लोगों का मानना है कि अन्य कुम्भ की तुलना में यह महाकुम्भ राष्ट्र और लोगों को अधिक शक्ति प्रदान करेगा। संतों का यह भी विश्वास है कि प्रयागराज में कुम्भ के दौरान किए गए यज्ञ का अन्य स्थानों पर किए गए यज्ञ की तुलना में अधिक प्रभाव होगा। गोवर्धन पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने बताया, इसे इसलिए महाकुम्भ कहा जा रहा क्योंकि यह 12 पूर्ण कुम्भों के बाद हो रहा है। हालांकि हमारे लिए प्रत्येक कुम्भ शुभ और शक्तिवर्धक है। हालांकि यह महाकुम्भ इस राष्ट्र, भक्तों और तीर्थयात्रियों को अन्य कुम्भ की तुलना में अधिक शक्ति प्रदान करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां संतों के बीच विचार विमर्श, यज्ञ और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियों से एक शक्ति उत्पन्न होती है जिससे यह राष्ट्र और मजबूत, समृद्ध होगा और पूरी दुनिया और मानवता के लिए एक सकारात्मक संदेश देगा। देवतीर्थ ने कहा, कुम्भ मेले के दौरान यज्ञ भी किए जाएंगे और माना जाता है कि प्रयागराज में कुम्भ के दौरान किए गए यज्ञ का अन्य स्थानों पर किए गए यज्ञ की तुलना में अधिक प्रभाव होता है। महाकुम्भ मेले के आध्यात्मिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए राम नाम बैंक के संयोजक आशुतोष वार्ष्णेय ने पीटीआई-भाषा को बताया, हिंदुओं के सबसे पवित्र उत्सवों में से एक कुम्भ मेला का उद्गम पौराणिक, ऐतिहासिक और ज्योतिष से है। पवित्र अमृत कलश से कुम्भ शब्द निकला है। उन्होंने कहा कि देवों और असुरों के बीच युद्ध के बाद दोनों अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन करने को राजी हुए। इस समुद्र मंथन से 14 बहुमूल्य चीजें निकलीं और नागवासुकी का उपयोग रस्सी के तौर पर किया गया था और जब देवों के चिकित्सक धनवन्तरि ने अमृत कलश देवों को सौंपा तो देव और असुर में टकराव पैदा हो गया।उन्होंने बताया कि मोहिनी के वेश में भगवान विष्णु ने हस्तक्षेप किया और कहा कि हर किसी को अमृत का रसपान करना चाहिए। उन्होंने अमृत कलश इंद्र के पुत्र जयंत को दे दिया और जैसे ही जयंत असुरों से इसकी रक्षा करने के लिए वहां से भागे, अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर चार स्थानों- हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज में गिर गईं और ए स्थान कुम्भ मेले के लिए पवित्र हो गए।पौष पूर्णिमा के महत्व के बारे में लखनऊस्थित ज्योतिष त्रिलोकी नाथ सिंह ने कहा कि पौष पूर्णिमा, पौष माह में शुक्ल पक्ष के 15वें दिवस पर पड़ता है और इसी दिन से कल्पवास की शुरुआत की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुताबिक, महाकुम्भ मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा जहां भारत की प्राचीन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के दर्शन होंगे। महाकुम्भ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण है।

### कुंभ पहुंचे इटली के एमा ने कहा

## लगता है मैं पिछले जन्म में भारतीय था

**महाकुम्भ नगर।** भारतीय संस्कृति व परंपरा से प्रभावित पहली बार महाकुम्भ पहुंचे इटली के रहने वाले एमा ने कहा कि उन्हें लगता है कि वे पिछले जन्म में भारतीय था। महाकुम्भ मेला सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू हो रहा है, जिसमें देश और दुनिया से करीब 40 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। एमा उन तीन दोस्तों में से एक है, जो दुनिया के सबसे बड़े मेले को देखने के लिए पहली बार इटली से प्रयागराज आए है। गंगा के तट पर एक शिविर में ठहरे एमा ने कहा, मैं योग प्रशिक्षक हूं। मुझे भारतीय संस्कृति के बारे में थोड़ी बहुत जानकारी है। कुम्भ मेला सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन है। यह पहला अवसर है जब मैं कुम्भ मेला घूमने आया हूं। उन्होंने कहा, मेरे दोस्त यहां आने की योजना बना रहे थे, तो मैं भी उनके साथ शामिल हो गया। एमा के दोस्त स्टीफेनो ने कहा, मैं पहली बार कुम्भ आया हूं। रूस के रहने वाले मेरे कुछ साधु मित्रों ने मुझे कुम्भ के बारे में बताया। वे भारत में आकर नागा साधु बन चुके है। एमा महाकुम्भ के आयोजन से काफी प्रभावित दिखाई दिए। एमा ने कहा, मैं यहां पहली बार आया हूं, कई भारतीय मेरे मित्र है। मुझे भारतीय संस्कृति पसंद है। मुझे लगता है कि इससे पहले के जन्म में मैं भारतीय था। भारत का संगीत, भजन, कीर्तन, सब कुछ मुझे काफी पसंद है। यहां महाकुम्भ मेले की व्यवस्थाएं काफी अच्छी है।

## कुंभ मेले के पहलुओं को बयां करती किताब

**नई दिल्ली।** महाकुम्भ पर एक नई सचित्र पुस्तक इस विशाल आयोजन की पौराणिक कथाओं, जीवंत अनुष्ठानों और गहन आध्यात्मिकता पर प्रकाश डालती है। प्रयागराज में सोमवार से महाकुम्भ की शुरुआत होगी। दीपक कुमार सेन द्वारा लिखित व डिजाइन 'कुम्भ: इवोक ऑफ इटर्निटी : गंगा, शिप्रा, गोदावरी एंड संगम' किताब मेले के शाश्वत सार पर प्रकाश डालती है, साथ ही उन आधुनिक नवाचारों की खोज करती है, जिन्होंने इस आयोजन को एक वैश्विक आकर्षण में बदल दिया है। इस साल यह आयोजन और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि महाकुम्भ हर 12 साल में एक बार होता है और इसे सभी कुम्भ मेलों में सबसे पवित्र माना जाता है। कुम्भ मेला बारी-बारी से हर तीन साल में हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में आयोजित किया जाता है। कुम्भ मेले को धरती पर लोगों के सबसे बड़े जमावड़े में से एक माना जाता है। नियोगी बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक में कहा गया है कि लाखों लोग बिना किसी औपचारिक निमंत्रण के प्रयागराज में संगम (गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों का संगम) और हरिद्वार में गंगा, उज्जैन में शिप्रा और नासिक में गोदावरी के तट पर एकत्रित होते हैं। सेन के अनुसार, भारत में नदियों को देवी के रूप में पूजा जाता है और हर भारतीय के जीवन में उनका अपना महत्व है। आयोजन के कार्यक्रम के बारे में लेखक कहते हैं कि ग्रहो की दशा-दिशा के आधार पर पूर्ण कुंभ मेला हर 12 साल मे एक बार चार स्थानो-प्रयाग (इलाहाबाद), हरिद्वार, उज्जैन और नासिक मे नदी के तट पर आयोजित किया जाता है। अर्ध कुंभ मेला हर छह साल में हरिद्वार और प्रयाग में आयोजित किया जाता है। सेन लिखते है, इन स्थानों पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रह की विशिष्ट राशि स्थिति के आधार पर कुंभ का आयोजन किया जाता है। अगले कुंभ मेले के लिए स्थल का चयन सबसे पवित्र समय पर किया जाता है, जो ठीक उसी क्षण होता है जब ए राशि स्थितियां पूरी होती है। उन्होंने अन्य संबंधित विषयों के अलावा अखाड़ों या साधु संतो के मठो, नागा साधुओ, शाही स्नान और मोक्ष या मुक्ति पर भी चर्चा की है।

## प्रयागराज में होगा वैश्विक हस्तियों का भारी जमावड़ा

**प्रयागराज।** परोपकारी और एप्पल के सह संस्थापक स्टीव जॉब्स की विधवा लॉरेन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ मेले के दौरान प्रयागराज में इस्कॉन द्वारका की महत्वाकांक्षी पहल में भाग लेंगी। इस पहल का उद्देश्य तीर्थयात्रियों और स्वच्छता कार्यकर्ताओं को बड़े पैमाने पर भोजन और सहायता प्रदान करना है। अदानी समूह के सहयोग से इस्कॉन द्वारका तीन पवित्र स्नान दिनों में प्रतिदिन दो लाख और बाकी दिनों में 60 हजार भोजन वितरित करेगा। लॉरेन की भागीदारी उनके दिवंगत पति स्टीव जॉब्स की हरे कृष्ण आंदोलन के प्रति गहरी कृतज्ञता का प्रतीक है। जॉब्स ने अपने संघर्ष के दिनों में इस्कॉन मंदिर में मिले भोजन और सांत्वना को याद करते हुए दो हजार पांच के स्टैनफोर्ड भाषण में इसे अपनी सफलता की प्रेरणा बताया था। हाल ही में वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर की यात्रा के दौरान निरंजनी अखाड़े के कैलाशानंद गिरि महाराज ने उन्हें कमला नाम दिया जो उनकी भारतीय आध्यात्मिकता से जुड़ाव को दर्शाता है। महाकुंभ न केवल भारत बल्कि दुनिया भर से आध्यात्मिक साधकों और वैश्विक हस्तियों को आकर्षित करेगा।

## विद्युत टीम पर हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**गाजीपुर।** जनपद के नगसर स्थानीय थाना क्षेत्र के नगसर गौरा राय गांव में बीते शनिवार को विद्युत टीम और अधिकारियों पर हमले के पांच आरोपियों में से पुलिस ने चार को उनके गांव के समीप से रविवार को दबोच लियाएजो कहीं भागने की फिराक में थे। पुलिस ने विद्युत टीम के अधिकारियों और कर्मियों पर हमले के मामले में दबोचे गये सभी चारो को थाने लेकर चली आईजहाँ उनसे कड़ी पूछताछ के बाद उनका रेवतीपुर सीएचसी अस्पताल पर मेडिकल मुआयना कराने के बाद पुलिस ने चारों आरोपितों का सम्बन्धित धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस ने विद्युत टीम पर हमले के चार आरोपितों को दबोचा है उनमें मदन रायएरोहित कुमार रायएपरशुराम राय और राम औतार राय आरोपी शामिल हैएपुलिस ने इस मामलें में फरार एक अन्य की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।



## कन्नौज रेलवे स्टेशन का लिंटर गिरने के मामले में ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ मुकदमा

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत का लिंटर ढहने के मामले मे ठेकेदार और अभियंता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रेलवे गतिशक्ति निदेशालय के अधीक्षण अभियंता विपुल माथुर ने मैसर्स आशुतोष एंटरप्राइजेज के ठेकेदार रामविलास राय व अभियंता सूरज प्रकाश मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। फर्रुखाबाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में रेलवे अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई और निर्माण कार्य मे लापरवाही व श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर नियमों का उल्लंघन भी किया गया। कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत का लिंटर ढहने से 28 मजदूर मलबे में दबकर घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे ने निर्माण कार्य में लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर किया है। रेलवे प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अधीक्षण अभियंता विपुल माथुर ने बताया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए निर्माण प्रक्रिया की निगरानी और सुरक्षा मानकों को और सख्त किया जाएगा। इस बीच, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि हादसे के घायलों को रेलवे द्वारा मुआवजा दिया गया है। शुक्ल ने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को ढाई-ढाई लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मामूली रूप से 16 घायलों को भी 50-50 हजार रुपए का मुआवजा दिया गया है।अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत का लिंटर ढहने से हुए हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य करीब 16 घंटे तक चला और रविवार सुबह इस अभियान में जुटी टीमें वापस लौट गई। पुलिस के अनुसार, शनिवार को अमृत भारत योजना के तहत निर्माणाधीन कन्नौज रेलवे स्टेशन के दो मंजिला एक इमारत का लिंटर ढहने से मलबे में करीब दो दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। हालांकि किसी के हताहत होने की कोई खबर नही है। पुलिस ने बताया कि 16 घंटे तक चले राहत-बचाव अभियान में 28 मजदूरों को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।एनडीआरएफ टीम, एसडीआरएफ टीम व रेलवे टीम शनिवार को रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही और पूरे मलबे को हटाया।

# महाराष्ट्र में भाजपा की जीत से शरद पवार की विश्वासघाती राजनीति का हुआ अंत

**शिरडी।** (भाषा) केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने 1978 से महाराष्ट्र में विश्वासघात और छल-कपट की राजनीति की, जिसका अंत विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत और स्थिर सरकार बनाने के संकल्प के साथ हुआ। शाह ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य-स्तरीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने पिछले साल के चुनाव में



वंशवाद और विश्वासघात की राजनीति को खारिज करके शरद पवार और शिवसेना (उबाठा) नेता उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा, राकांपा और शिवसेना के महायुति गठबंधन ने राज्य की 288 सीट में से 230 पर जीत दर्ज की। भाजपा 132 सीट के साथ पहले स्थान पर रही। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) महज 46 सीट पर सिमट गई, इनमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उबाठा) को क्रमश: 10 और 20 सीट ही मिलीं। शाह ने कहा, शरद पवार ने 1978 में महाराष्ट्र में दगा-फटका (छल-कपट) की राजनीति शुरू की, जिसे 2024 (चुनाव) में लोगों ने नकार दिया। इसी तरह वंशवाद की राजनीति और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को भी नकार दिया गया। जनता ने 2024 के चुनाव में पवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी। शाह ने कहा कि चुनाव ने महाराष्ट्र में अस्थिरता की राजनीति को भी समाप्त कर दिया, जो 1978 में शुरू हुई थी। वर्ष 1978 में, शरद पवार, जिन्होंने बाद में राकांपा की स्थापना की, 40 विधायकों के साथ वसंतदादा पाटिल सरकार से बाहर निकल गए और मुख्यमंत्री बन गए।शिवसेना (अविभाजित) और भाजपा ने 2019 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद को लेकर गठबंधन तोड़ दिया। भाजपा ने इस कदम को लेकर बार-बार उनका मजाक उड़ाया है।

# पेज 1 का शेष

## भाजपा...

वाले नाटकों में एक लड़की भी शामिल है। नाटक में दिखाया जाएगा कि कैसे उसका पति शराब पीकर उसके साथ झगड़ा करता है और आप संयोजक पर आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले के आरोप में हमला करने की कोशिश करता है। नाटक में पूर्व मुख्यमंत्री पर प्रदूषण, यमुना नदी की सफाई न होने, पानी की कमी, मोहल्ला क्लीनिक, विज्ञापन पर खर्च और शीशमहल जैसे मुद्दों पर भी हमला किया गया है। वे जिले से पार्टी के उम्मीदवार के लिए वोट अपील करते हुए उन्हें 'फर्जीवाला' भी कहते हैं। लगभग 140 टीमें, प्रत्येक जिले में दो, जनता को लुभाने के लिए कई प्रदर्शन करेंगी। यह 15 जनवरी को होने वाली नामांकन प्रक्रिया के बाद शुरू होगा। इसके अलावा, यह व्यापक पैमाने पर जनता से जुड़ने के लिए आकर्षक तरीकों का भी इस्तेमाल करेगा और पार्टी भीड़-भाड़ वाली जगहों जैसे मॉल, बाजार और ऐसी ही अन्य जगहों पर फ्लैश मॉब का आयोजन भी करेगी। फ्लैश मॉब करने वाले एक प्रतिभागी ने कहा, हम पांच से छह गानों को मिक्स कर रहे हैं जो देश के प्रति हमारे प्यार को दर्शाते हैं और साथ ही भाजपा का चुनावी गाना 'बहाने नहीं बदलाव चाहिए, दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए' भी शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि वे पार्टी के नैरेटिव को फैलाने के लिए अलग-अलग जगहों पर यह नृत्य प्रस्तुत करेंगे। संगीतमय प्रदर्शनों में टीमें आप सरकार की विफलताओं को सामने लाने और उन्हें यह बताने के विषय पर केंद्रित अलग-अलग गाने लेकर आई हैं कि भाजपा सबसे अच्छा विकल्प है। टीमों द्वारा प्रस्तुत गीतों में से एक में, पंक्तियां थीं 'कहते थे कि यमुना जी में गोते सब लगाएंगे, साफ पानी दिल्ली को नालों से पिलाएंगे, कीचड़ कर दिया यमुना को' के माध्यम से जनता को सच्चाई भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में नहीं रहने के दो दशकों से अधिक के अपने सूखे को खत्म करने की होड़ में है, जबकि आप दिल्ली में तीसरी पूर्ण अवधि की सरकार बनाना चाहती है। चुनावों की मतगणना 8 फरवरी को होनी है।

## कांग्रेस...

औद्योगिक इंकाईयों सहित मल्टी नेशनल कम्पनियों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को उनके कौशल और कार्य कुशलता के अनुसार वहां अप्रेंटिसशिप का मौका देकर उन्हें प्रतिमाह 8500 देंगे। उन्होंने कहा यह कोई ऐसी योजना नहीं है, जिसके तहत घर बैठे पैसा मिल जाएगा। यह मदद सिर्फ आर्थिक नहीं होगी। वह कोशिश करेंगे कि लोगों को उन क्षेत्रों में शामिल किया जाए, जहां उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, ताकि वे अपने कौशल को बेहतर बना सकें। दिल्ली की राजनीति को आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करार देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, रोजगार पैदा करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और राज्य दोनों सरकारों ने बेरोजगारों की अनदेखी की। कांग्रेस ने हमेशा लोगों के लिए काम किया है। कांग्रेस सरकार ने आईटी के क्षेत्र में बेहतरीन काम किया, जिसमें वह खुद मंत्री थे। आज दिल्ली की राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले चुनाव में लोग कांग्रेस को चुनेंगे और सरकार बनाएंगे। हां, यह गारंटी है कि अगर कोई ऐसा व्यक्ति है जो किसी फैक्ट्री या कंपनी में नहीं रह सकता है, तो वह उसे वहन करने के लिए तैयार हैं। यह एक साल के लिए प्रोत्साहन है, ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली के प्रभारी काजी निजामुद्दीन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के अध्यक्ष वरुण चौधरी भी मौजूद थे। बादली से कांग्रेस उम्मीदवार यादव ने कहा, बहुत सोच-समझकर युवा उड़ान योजना शुरू की है। यह योजना उन शिक्षित युवाओं के लिए है जो बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं, क्योंकि आज दिल्ली में नशा एक बड़ी समस्या है। युवा उड़ान योजना के जरिए युवाओं को दिशा देना चाहते हैं। इस योजना के तहत पंजीकृत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को हर महीने 8,500 रुपये मिलेंगे। हमारी सरकार युवाओं का कौशल विकास सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी ताकि उन्हें उनके कौशल के अनुसार रोजगार मिल सके। नेताओं ने प्रेस इस दौरान योजना का पोस्टर भी जारी किया। पायलट ने कहा, उनहें पूरा विश्वास है कि 5 फरवरी को लोग कांग्रेस को अच्छे बहुमत के साथ राष्ट्रीय राजधानी में सेवा करने का मौका देंगे। 6 जनवरी को, कांग्रेस ने प्यारी दीदी योजना की घोषणा की, जिसमें सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता देने का वादा किया गया। 8 जनवरी को, पार्टी ने जीवन रक्षा योजना की घोषणा की, जिसके तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया।

## ढाका...

बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद सामने आया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। बयान के अनुसार विदेश सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी गतिविधियों, विशेषकर कांटेदार तार की बाड़ लगाने के अनधिकृत प्रयास और बीएसएफ द्वारा संबंधित परिचालन कार्रवाईयों के कारण सीमा पर तनाव और अशांति पैदा हुई है। इसमें कहा गया है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उचित अनुमति के बिना कांटेदार तार की बाड़ का निर्माण दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों की भावना को कमतर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी बीजीबी-बीएसएफ महानिदेशक स्तर की वार्ता में इस मामले पर विस्तार से चर्चा हो सकेगी। हाल में सुनामगंज में बीएसएफ की कथित कार्रवाई में एक बांग्लादेशी नागरिक के मारे जाने का जिक्र करते हुए विदेश सचिव ने सीमा पर इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति पर गहरी चिंता और निराशा व्यक्त की। इसके अनुसार उन्होंने हत्या की इन घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और भारतीय अधिकारियों से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्वाई करने का आह्वान किया। जशीम उद्दीन ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह भारत में सभी संबंधित अधिकारियों को सलाह दे कि वे किसी भी भड़काऊ कार्वाई से बचें, क्योंकि इससे साझा सीमा पर तनाव बढ़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश का मानना है कि ऐसे मुद्दों को रचनात्मक बातचीत के जरिए, मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार और इस तरह से सुलझाया जाना चाहिए जिससे सीमा पर शांति और सौहार्द कायम रहे। इससे पहले दिन में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि भारत ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण सीमा पर कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम रोक दिया है। चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान हस्ताक्षरित कुछ समझौतों के कारण, बांग्लादेश-भारत सीमा पर कई मुद्दे पैदा हो गए हैं। हालांकि, हमारे लोगों और बीजीबी के प्रयासों ने भारत को कांटेदार तार की बाड़ लगाने समेत कुछ गतिविधियों को रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच सीमा गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए चार समझौता ज्ञापन (एमओयू) हैं। उन्होंने कहा, इनमें से 1975 के एमओयू में यह स्पष्ट किया गया है कि रक्षा क्षमता वाला कोई भी विकास कार्य जीरो लाइन के 150 गज के भीतर नहीं किया जा सकता। दूसरे एमओयू में कहा गया है कि आपसी सहमति के बिना इस सीमा के भीतर कोई भी विकास कार्य नहीं किया जा सकता। ऐसे किसी भी कार्य के लिए दोनों देशों के बीच पूर्व सहमति की आवश्यकता होती है। सलाहकार ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश के साथ 4,156 किलोमीटर लंबी सीमा में से 3,271 किलोमीटर पर पहले ही बाड़ लगा दी है और लगभग 885 किलोमीटर सीमा बिना बाड़ के रह गई है। उन्होंने दावा किया कि 1974 के समझौते के तहत बांग्लादेश ने संसदीय अनुमोदन के बाद बेरुबारी को भारत को सौंप दिया था। उन्होंने कहा कि इसके बदले में भारत को बांग्लादेश को तीन बीघा कॉरिडोर तक पहुंच प्रदान करनी थी, लेकिन वह इस प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहा। उन्होंने कहा, वे एक घंटे के लिए इस गलियारे को खोलते थे और फिर एक घंटे के लिए बंद कर देते थे। आखिरकार 2010 में गलियारा 24 घंटे खुला रखने के लिए समझौता हुआ। हालांकि, इस समझौते के तहत भारत को 150 गज के नियम का उल्लंघन करते हुए अंगारपोटा में जीरो लाइन पर सीमा बाड़ लगाने की भी अनुमति दी गई। अब, जबकि हम इस निर्माण का विरोध कर रहे हैं, हमें चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बांग्लादेश 2010 के समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता है।

## जयशंकर...

प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ ही समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठकें करेंगे। ट्रंप प्रशासन की शुल्क, जलवायु परिवर्तन और रूस-यूक्रेन संघर्ष एवं पश्चिम एशिया की स्थिति की पृष्ठभूमि में समग्र विदेश नीति प्राथमिकताओं सहित कई संवेदनशील मुद्दों पर नीति को लेकर कई देशों में चिंताएं हैं। ट्रंप अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे। वह जनवरी, 2017 से जनवरी 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर चुके हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति की पृष्ठभूमि में टैरिफ, जलवायु परिवर्तन और समग्र विदेश नीति प्राथमिकताओं सहित कई संवेदनशील मुद्दों पर नए ट्रम्प प्रशासन की संभावित नीति दृष्टिकोण को लेकर कई देशों में चिंताएँ हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इससे पहले जयशंकर 13-14 जनवरी को स्पेन का दौरा करेंगे। इस दौरान वह स्पेन के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और अपने स्पेनिश समकक्ष मैनुअल अल्बेरेस के साथ द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की यह पहली स्पेन यात्रा होगी। विदेश मंत्री के रूप में यह उनकी पहली स्पेन यात्रा होगी। बयान में कहा गया है कि जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान स्पेन के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष विदेश मंत्री मैनुअल अल्बेरेस के साथ द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं और आपसी हितों के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि उनका स्पेनिश राजदूतों के 9वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करने और भारतीय समुदाय से मिलने का भी कार्यक्रम है।

## विदेशी निवेशकों..

10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल 4.6 प्रतिशत से ऊपर है, जिसकी वजह से निवेशक उभरते बाजारों से निकासी कर रहे हैं। बीते साल यानी 2024 में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। वहीं 2023 में उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में बड़ी राशि यानी 1.71 लाख करोड़ रुपए डाले थे।

## एसकेएम...

का अधिकार) अधिनियम, 2013 को लागू करना आदि शामिल हैं। एसकेएम की सभी राज्य समन्वय समितियां (एससीसी) एनपीएफएएम की प्रतियां जलाकर इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान करेंगी। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा, एसकेएम किसान संगठनों के साथ चर्चा करने और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन की रक्षा करने के लिए तैयार नहीं होने को लेकर प्रधानमंत्री के असंवेदनशील रवैए की कड़ी निंदा करता है। विभिन्न किसान संगठनों के साझा मंच एसकेएम ने रद्द किए जा चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 के किसानों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। उसने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रपति तक किसान नेता के आमरण अनशन के 48वें दिन भी जारी रहने के बावजूद उनके जीवन को बचाने के लिए हस्तक्षेप नहीं कर पा रहे हैं। एसकेएम ने कहा, यह मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अड़यिल रुख के कारण है, जो लोभी कॉरपोरेट ताकतों के समक्ष झुक गए हैं। ये ताकतें किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी देने से इनकार करके और युवाओं के लिए उत्पादक रोजगार को नष्ट करके कृषि, उद्योग और सेवाओं पर अपना प्रभुत्व थोपने पर तुली हुई हैं। एसकेएम ने कहा, कॉरपोरेट समर्थक सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से कॉरपोरेट हमले के कारण लोगों की आजीविका दांव पर है।

## बीसीसीआई...

बाद पत्रकारों से कहा कि चुनाव के अलावा बैठक में कुछ भी पेश नहीं किया गया। शुक्ला ने कहा, इस बैठक का एक ही एजेंडा (कोषाध्यक्ष और सचिव पद के चुनाव) था। इसलिए एसजीएम में किसी और मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई। एसजीएम के बाद शुक्ला महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) समिति की बैठक का भी हिस्सा थे। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा, डब्ल्यूपीएल स्थलों को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्हें जल्द ही घोषित किया जाएगा। शुक्ला ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन बैठक 18 या 19 जनवरी को होगी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चयनकर्ताओं ने शनिवार को भारतीय टीम की घोषणा की थी। टी20 के बाद खेली जाने वाली तीन मैचों की तीन वनडे श्रृंखला और 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा नहीं की गई है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा जबकि अन्य टीमों के मैच मेजबान देश पाकिस्तान में खेले जाएंगे।

## सड़क...

अगर यह नीति उन्हें सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने के लिए मजबूर करती है, तो यह एक जीत है। आगरा की दो बच्चों की माँ रेणु मिश्रा को लगता है कि इस नियम से परिवारों को असुविधा हो सकती है। उनका क्या होगा जो कोई कुछ दूरी के लिए अपना हेलमेट लगाना भूल जाए। परिवहन विभाग को बड़े पैमाने पर लोगों में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है। राज्य भर के पेट्रोल पंपों को हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं, लिखे साइनबोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया अभियान, सार्वजनिक नोटिस और टीवी विज्ञापन इस संदेश को और बढ़ाएँगे। सिंह ने कहा, वह चाहते हैं कि लोग हेलमेट को सिर्फ कानूनी जरूरत नहीं बल्कि जीवन रक्षक उपकरण के रूप में देखें। जब हेलमेट दुर्घटना में चालकों सिर की रक्षा कर सकता है, तो इसे आदत क्यों न बना लेंञ लखनऊ के बाइकर प्रकाश यादव ने अपना निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले साल, उनके चचेरे भाई का एक्सीडेंट हुआ था। वह हेलमेट नहीं पहने हुए थे और उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। तब से, वह कभी भी बिना हेलमेट के बाहर नहीं निकले। यह नीति दूसरों को इसी तरह के दर्द से बचा सकती है। यह पहल नई नहीं है। इसे वर्ष 2019 में गौतम बुद्ध नगर में आजमाया गया था, लेकिन इसे सख्ती से लागू नहीं किया गया था। इस बार, अधिकारी सभी 75 जिलों में अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं। नियमित समीक्षा की जाएगी और जानबूझ कर उल्लंघन करने वालों को जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। सिंह ने कहा, पेट्रोल पंप कर्मचारियों को बार-बार उल्लंघन की रिपोर्ट करनी चाहिए। हम नीति के प्रभाव की निगरानी के लिए पुलिस और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों के साथ मिलकर काम करेंगे। नीति सही दिशा में एक कदम है, लेकिन इसे एक बड़ी सड़क सुरक्षा रणनीति का हिस्सा होना चाहिए।

## दुनियाभर...

अन्य संकेतक किसी शहर में भीड़भाड़ के स्तर को मापते हैं। मेक्सिको सिटी में रिकॉर्ड 52 प्रतिशत की भीड़भाड़ दर है। इसका मतलब यह है कि पूरे सड़क नेटवर्क पर पूरे साल सर्वेक्षण किए गए सभी मार्गों पर, यात्रा का समय शहर में यातायात के मुक्त प्रवाह की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक है। मेक्सिको सिटी के बाद बैंकॉक है, जहां भीड़भाड़ की दर 50 प्रतिशत है। यूरोप में, बुखारेस्ट की भीड़भाड़ की दर 48 प्रतिशत है, जो इसे पांचवें स्थान पर रखती है जबकि डबलिन 10वें स्थान पर और लॉस एंजिल्स 20वें स्थान पर है। अंत में लीमा, पेरू और डबलिन, आयरलैंड वे स्थान थे जहां मोटर चालकों ने भीड़भाड़ में सबसे अधिक समय बर्बाद किया, जहां सुबह और शाम के व्यस्त घंटों में हर कार्य दिवस में 10 किलोमीटर की यात्रा में कम से कम 155 घंटे ट्रैफिक जाम में बिताए। तुलनात्मक रूप से, न्यूयॉर्क में ड्राइवर भीड़भाड़ वाले घंटों में प्रति वर्ष औसतन 98 घंटे खोते हैं, पेरिस में 101 घंटे, टोक्यो में 82 घंटे, रियो डी जेनेरो में 78, सिडनी में 75 और हांगकांग में 71 घंटे लगे। टॉमटॉम ट्रैफ़िक इंडेक्स 2024 में 62 देशों के कुल 500 शहरों को शामिल किया गया है। डेटा 600 मिलियन से अधिक कनेक्टेड डिवाइस से आता है, जिसमें इन-कार नेविगेशन सिस्टम और टॉमटॉम एप्लिकेशन का उपयोग करने वाले स्मार्टफ़ोन शामिल हैं।

पायनियर
नई दिल्ली , सोमवार, 13 जनवरी, 2025



# युवा शक्ति ही भारत को बनाएगा विकसित राष्ट्र : मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को कहा कि देश के नौजवानों के साथ उनका परम मित्र वाला नाता है और साथ ही विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ लोगों को भारत का लक्ष्य मुश्किल लग सकता है लेकिन यह असंभव नहीं है।उन्होंने कहा, बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है। उन्होंने कहा, किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय हैउ लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी।उन्होंने कहा, जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा। उन्होंने कहा कि भारत की युवा आबादी की क्षमताएं देश को विकसित होने में मदद करेंगी। युवा आबादी की ताकत और संख्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर विकसित भारत की भावना उसके हर कदम, नीति और निर्णय का मार्गदर्शन करती है तो कोई भी ताकत भारत को विकसित देश बनने से नहीं रोक सकती।उन्होंने कहा, किसी देश को आगे बढ़ने के लिए बड़े लक्ष्य तय करने होते हैं... आज भारत यही कर रहा है। देश विभिन्न क्षेत्रों में समय से पहले ही कई लक्ष्यों को हासिल कर रहा है।मोदी ने कहा कि भारत ने 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा है और इसे हासिल कर लिया जाएगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार अकेले देश को आगे नहीं बढ़ा सकती और उन्होंने देश भर से आए युवाओं से कहा कि विकसित भारत में स्वामित्व अकेले मोदी का नहीं है, बल्कि उनका भी है।उन्होंने कहा, आपके विचार देश की नीतियों का हिस्सा होंगे और इसे दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राष्ट्र के प्रत्एक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होती है।प्रधानमंत्री ने 1930 के दशक में आर्थिक संकट के बाद अमेरिका के उदय और एक पिछड़े क्षेत्र से सिंगापुर के उदय का हवाला देते हुए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उनके लिए ईमानदारी से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने उल्लेख किया कि कैसे भारत एक खुले में शौच मुक्त देश बन गया, कैसे उसने कोविड टीकों का निर्माण किया और वायरस के खिलाफ अपनी आबादी का टीकाकरण किया।यह कहते हुए कि 2047 तक की यात्रा के 25 साल भारत का अमृत काल है, मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि युवा आबादी विकसित भारत के सपने को साकार करेगी।

# बांग्लादेशी का अवैध रूप से दस्तावेज प्राप्त करना वोट जिहाद भाग-2 है : फडणवीस

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि बांग्लादेशी प्रवासियों का भारत में मतदान का अधिकार हासिल करने के वास्ते राज्य में अवैध रूप से जन्म प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करना वोट जिहाद भाग 2 है। पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान फडणवीस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एक समुदाय विशेष के भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ सामूहिक मतदान करने की घटनाओं का जिक्र किया था और इसे वोट जिहाद करार दिया था। अहिल्यानगर के शिरडी में प्रदेश भाजपा के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा, बांग्लादेशी घुसपैठिए वोट जिहाद भाग 2 के तहत महाराष्ट्र में जन्म प्रमाणपत्र के लिए आवेदन कर रहे हैं। नासिक के मालेगांव तहसील और अमरावती में ऐसे लगभग 100 मामले सामने आए हैं। ए लोग, जिनमें से कई की उम्र 50 साल के आसपास है, अवैध रूप से दस्तावेज हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एक भी घुसपैठिए को रहने नहीं दिया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार जाति और संप्रदाय आधारित विभाजन पैदा करने की कोशिश करने वाली अराजकतावादी ताकतों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यह संकल्प मजबूत हो। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव में मिले झटके के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तारीफ की। फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र में पिछले 30 वर्षों में भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने लगातार तीन चुनावों (2014, 2019 और 2024) में 100 सीट का आंकड़ा पार किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने हममें आत्मविश्वास जगाया और भाजपा को 89 फीसदी की स्ट्राइक रेट के साथ 132 सीट हासिल हुईं। कौरवों पर पांडवों की जीत किसने सुनिश्चित की, इसके बारे में महाभारत का एक उपाख्यान सुनाते हुए फडणवीस ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत में पार्टी कार्यकर्ता केशव थे और मोदी माधव। केशव और माधव भगवान कृष्ण के नाम हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद आत्मसंतुष्टि के भाव के प्रति आगाह करते हुए फडणवीस ने कहा कि कार्यकर्ताओं को जन कल्याण के लिए ठोस प्रयास जारी रखने चाहिए। राज्य में अगले कुछ महीनों में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, हमें तैयार और एकजुट रहना चाहिए।

## महाराष्ट्र के नासिक में ट्रक और टेम्पो की टक्कर में आठ लोगों की मौत,कई घायल

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के द्वारका सर्किल में रविवार को एक टेम्पो और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शाम साढ़े सात बजे अयप्पा मंदिर के निकट हुई। उन्होंने बताया, टेम्पो में 16 यात्री सवार थे, जो यहां सिडको क्षेत्र जा रहे थे। वे निफाड में एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। टेम्पो चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और लोहे की छड़ों से लदे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ घायलों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि पुलिस और दमकलकर्मियों ने भीड़भाड़ वाले इलाके में निवासियों और राहगीरों के साथ मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया।

## ग्रेट रिपब्लिक डे 13 से

**बेंगलुरु।** अमेज़न इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 13 जनवरी को लाइव होगी। जिसमें प्राइम सदस्यों के लिए 12 घंटे का विशेष अर्ली एक्सेस मिलेगा। नए साल की खरीदारी स्मार्टफोन, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े उपकरण, किराना सामानए रोजमर्रा की ज़रूरतें और अन्य कई कैटेगरी में उपलब्ध लाखों प्रोडक्ट्स पर कर सकते हैं। शॉपर्स वनप्लस, एप्पल,बोट,सैमसंग, सोनी, एलजी, क्रॉक्स, टाइटन, लॉरियलए लैक्मेए पैम्पर्स और अन्य प्रमुख ब्रांड्स के बेहतरीन प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज का पता लगा सकते हैं। एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10प्रतिशत तक की तत्काल छूट प्राप्त करेंए अमेजन पे लैटर के साथ 60,000 तक का इंस्टेंट क्रेडिट और 600 तक के वेलकम रिवॉर्ड्स पाएं।

## पौड़ी में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, 17 घायल

**देहरादून।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में रविवार को एक बस के खाई में गिरने से उसमें सवार पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 17 अन्य घायल हो गए। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना दहलचौरी के पास हुई जहां बस अनियंत्रित होकर सड़क से 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे के समय बस पौड़ी से दहलचौरी जा रही थी और उसमें कुल 22 लोग सवार थे। दुर्घटना में चार व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य ने बाद में दम तोड़ा। दुर्घटना के बाद बचाव अभियान संचालित करने में स्थानीय लोगों ने भी मदद की और घायलों को निकाल कर पौड़ी के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में से आठ की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर के लिए रेफर किया गया है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर गोष्ठी आयोजित

**लखनऊ।** पुरातन छात्र परिषद कार्यक्रम' सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में पुरातन छात्र परिषद की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कई पुरातन छात्रों ने सहभागिता दिखाई और अपने सकारात्मक विचार रखें इस अवसर पर मुख्य वक्ता रामकृष्ण चतुर्वेदी जीने विवेकानंद की धार्मिक निष्ठा स्वाभिमान और सामाजिक समरसता की बात को बहुत ही मुख्य रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरेंद्र श्रीवास्तव, सुधांशु चतुर्वेदी विद्यालय के कोषाध्यक्ष, अमित अग्रवाल उपस्थित रहे। परिचय और स्वागत विद्यालय केप्रधानाचार्य रामतीर्थ वर्मा ने किया। आभार कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने किया इस अवसर पर तहरी भोज का भी आयोजन किया गया।

## असम में अतीत के हिंसक आंदोलनों की जगह किताबों, संस्कृति, खेल गतिविधियों ने ले ली है: हिमंत

भाषा। गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में अतीत के हिंसक आंदोलनों की जगह अब पुस्तकों, संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों ने ले ली है। शर्मा ने कहा कि हाल के वर्षों में राज्य को विभिन्न मंचों पर मिल रही मान्यता इसकी प्रगति का साक्ष्य है। इन मंचों में एक चर्चित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन द्वारा इसे शीर्ष स्थलों में सूचीबद्ध किया जाना भी शामिल है। उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में कहा, वर्ष 2021 में हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद से, हम अपने राज्य को देश में शीर्ष पर लाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। हमारे लिए खुशी की बात है कि हमारे राज्य को न्यूयॉर्क टाइम्स की प्रतिष्ठित सूची में इस वर्ष के शीर्ष 52 वैश्विक स्थलों में जगह मिली है। उन्होंने कहा, हम आशा और सपनों का असम बना रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे युवा राज्य को वैश्विक स्तर पर और अधिक पहचान दिलाएंगे। शर्मा ने कहा कि पहले के आंदोलनों में हड़ताल, धरना और हिंसा शामिल थी, लेकिन अब उनकी जगह राज्य में पुस्तकों, संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के लिहो रही गतिविधियों ने ले ली है। मुख्यमंत्री ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले लोगों पर भी निशाना साधा और दावा किया कि उनका यह दावा कि लाखों अवैध बांग्लादेशियों को इस कानून से लाभ मिलेगा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

# पांच हजार युवा नक्सलवाद छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हुए: गडकरी

भाषा। मुंबई



**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलवाद की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि लगभग पांच हजार युवा नक्सलवाद के रास्ते को छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं और उनमें से कई को रोजगार भी मिला है।

अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भाजपा के राज्य स्तरीय अधिवेशन में उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में गढ़चिरौली महाराष्ट्र में सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला जिला बन जाएगा। गडकरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से पार्टी की चुनावी सफलता को सार्थक सामाजिक बदलाव में बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष राज्य विधानसभा चुनावों में मिली जीत से सुराज्य की स्थापना होगी।

नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब जिले के कुछ क्षेत्रों का दौरा करना जनप्रतिनिधियों के लिए भी कठिन था।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा, आज लगभग पांच हजार युवा नक्सलवाद छोड़कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। कई लोगों को चालक, फिटर आदि जैसी नौकरियां मिल गई हैं। उन्होंने कहा कि जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित किए गए हैं और निर्यात के लिए परिधान निर्माण का काम शुरू हो गया है। गडकरी ने कहा कि कभी पिछड़ा रहा यह क्षेत्र अब 10,000 आदिवासी युवकों के लिए रोजगार पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, अगले पांच वर्षों में गढ़चिरौली सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला जिला बन जाएगा।उन्होंने बेरोजगारी, कुपोषण और शिक्षा की कमी के मुद्दों के समाधान के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन तथा मजदूरों और गरीबों के उत्थान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।गडकरी ने कहा, शिवाजी महाराज की तरह यह दिखाना हमारी जिम्मेदारी है कि राज्य को कैसे बदला जाए। कई लोग मंत्री बनते हैं, लेकिन सभी को याद नहीं रखा जाता। बाबासाहेब आंबेडकर लोकसभा चुनाव हार गए थे, फिर भी उनका नाम विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। केवल चुनावी जीत ही महानता को परिभाषित नहीं करती। केंद्रीय मंत्री ने राजनीतिक फायदे के लिए सांप्रदायिक विवाद पैदा करने का प्रयास करने वालों की आलोचना की। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति, नस्ल या आस्था के कारण महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उन मूल्यों के कारण महत्वपूर्ण है, जिन्हें वह अपनाता है।

## भारत से कुछ डेयरी उत्पादों के आयात के अनुरोध पर विचार करेगा नेपाल: वाणिज्य मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल में अपने दूध निर्यातकों के समक्ष आ रही समस्याओं पर चिंता जताई है और पड़ोसी देश ने मट्ठा और पनीर जैसे विशिष्ट उत्पादों के आयात को सुविधाजनक बनाने की संभावना तलाशने पर सहमति जताई है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।यह मामला व्यापार, पारगमन और अनधिकृत व्यापार से निपटने के लिए सहयोग पर 10-11 जनवरी को काठमांडू में आयोजित भारत-नेपाल अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठक के दौरान चर्चा में आया।वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारतीय पक्ष ने नेपाल को दूध निर्यात में आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। नेपाली पक्ष ने वहां पर्याप्त मात्रा में उत्पादित न होने वाले दूध उत्पादों जैसे मट्ठा और पनीर के लिए भारतीय पक्ष के अनुरोध पर सकारात्मक रूप से विचार करने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने पारगमन संधि और व्यापार संधि की समीक्षा तथा मौजूदा समझौतों में प्रस्तावित संशोधन, मानकों के सामंजस्य और रक्सौल-बीरगंज रेल लाइन के विद्युतीकरण सहित व्यापार बुनियादी ढांचे के विकास पर भी चर्चा की।इसमें कहा गया कि विचार-विमर्श में पारस्परिक बाजार पहुंच, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और सीमा शुल्क से संबंधित मुद्दे शामिल थे। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि नेपाल के अनुरोध पर भारत ने काकरभिट्टा (नेपाल) बंग्लाबंधा (बांग्लादेश) मार्ग से फूलबाड़ी (भारत) के माध्यम से पारगमन में नेपाली मालवाहक वाहनों के लिए अधिकतम धुरा भार सीमा लागू करने पर सहमति व्यक्त की।भारतीय सड़क परिवहन नियमों के अनुसार, दो-धुरी वाले वाहनों के लिए धुरा भार सीमा 18.5 टन और तीन-धुरी वाले वाहनों के लिए 28 टन होगी। भारत ने नेपाल को यह भी सूचित किया कि साल के बीज और चायोटे को उसके प्लांट क्वारंटीन ऑर्डर में शामिल किया गया है।

## पश्चिम बंगाल में एक्सपायर दवा चढ़ाने पर तीन महिलाओं की हालत और बिगड़ी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद कथित तौर पर नसों के जरिए एक्सपायर दवा (इंट्रावीनस फ्लूइड) चढ़ाए जाने के कारण गंभीर रूप से बीमार तीन महिलाओं की हालत और नाजुक हो गई है, जिसके चलते प्राधिकारियों ने उन्हें रविवार को कोलकाता के एक अस्पताल में स्थानांतरित करने का फैसला किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में पांच महिलाओं को प्रसव के बाद जो दवा चढ़ाई गई थी, वह कथित तौर पर एक्सपायर (इस्तेमाल करने की अवधि समाप्त हो गई थी) हो चुकी थी। इनमें से एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच के लिए 13 सदस्ईय समिति का गठन किया है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीन महिलाओं की तबीयत और बिगड़ गई है, जबकि एक अन्य की हालत में सुधार हुआ है और उसे मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ही रखा जाएगा। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, तीन महिलाएं, जो अभी जीवन-रक्षक प्रणाली पर हैं, उनमें स्वास्थ्य संबंधी कई जटिलताएं उत्पन्न हो गई हैं और उनकी हालत बेहद नाजुक है। हमने उन्हें कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल के आईसीसीयू (इंटेंसिव कोरोनरी केयर यूनिट) में भर्ती करने का फैसला किया है। तीनों को आज शाम तक कोलकाता लाया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक, तीनों महिलाओं को पश्चिम मेदिनीपुर से कोलकाता ले आने के लिए राज्य सरकार ने एक ग्रीन कॉरिडोर बनाने का आदेश दिया है और सभी टोल प्लाजा को सूचित कर दिया गया है।

## तमिलों ने कई देशों के विकास में अहम योगदान दिया है : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को कहा कि सदियों पहले राज्य से दुनिया के कई देशों में गए तमिलों ने उन देशों के विकास में काफी अहम योगदान दिया है। स्टालिन ने यहां विश्व तमिल प्रवासी दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि तमिल भाषा सभी को जोड़ने वाली नाभि-रज्जु है। उन्होंने कहा, यहां एकत्रित हुए अनेक लोगों के पूर्वज लगभग 100, 200 वर्ष पहले मातृभूमि (भारत-तमिलनाडु) छोड़कर चले गए होंगे। अपने अथक परिश्रम, पसीने और त्याग से उन्होंने उन देशों का विकास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल उन्हीं के कारण रेगिस्तान हरे-भरे हो गए, बंजर जमीन पर काली सड़कें बन गईं, अनेक बंदरगाहों का निर्माण हुआ और मजदूरों ने रबड़ तथा गन्ने के बागानों में काम किया और परिणामस्वरूप दुनिया के वे देश समृद्ध हुए। स्टालिन ने आश्वासन दिया कि तमिलनाडु उन तमिल लोगों की आने वाली पीढ़ियों को गले लगाने के लिए तैयार है, जो बहुत पहले पलायन कर गए थे और उन्होंने प्रवासी समुदाय के लिए विभिन्न कल्याणकारी पहलों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से वेरगालाई थेडी (जड़ों की खोज में) नामक पहल पर प्रकाश डाला। यह पहल प्रवासी सदस्यों को राज्य में अपने पूर्वजों के स्थानों और अपने रिश्तेदारों से जुड़ने में मदद करती है।

## बिहार सरकार ने हमें निजी जमीन पर शिविर लगाने से रोका: जन सुराज पार्टी

पटना। जन सुराज पार्टी ने रविवार को दावा किया कि पटना जिला प्रशासन ने कथित तौर पर बिहार सरकार के आदेश पर उसे निजी भूमि पर शिविर लगाने से रोक दिया, क्योंकि सरकार पार्टी संस्थापक प्रशांत किशोर के विरोध से घबरा गई है। जिला प्रशासन ने आरोप से इनकार करते हुए दावा किया कि उसने पार्टी को बिना सर्वेक्षण वाली सरकारी जमीन पर पांडाल लगाने से रोक दिया। सोशल मीडिया पर एक बयान में पार्टी ने नीतीश कुमार सरकार पर कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में किशोर के वर्तमान आमरण अनशन से राज्य सरकार घबरा गई है और प्रशासन ने उसे मरीन ड्राइव के पास निजी भूमि पर शिविर नहीं लगाने दिया। पार्टी के आरोप पर जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा, यह कोई निजी जमीन नहीं है। यह गंगा के किनारे की बिना सर्वे वाली सरकारी जमीन है। इसलिए इस जमीन पर ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जा सकेगी। किशोर (47) को शनिवार को पटना के एक अस्पताल से उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के बाद छुट्टी दे दी गई। वह पिछले महीने आयोजित बीपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में दो जनवरी से आमरण अनशन पर हैं। किशोर को मंगलवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## उत्तराखंड को निवेश गंतव्य बनाने के लिए नीतिगत व ढांचागत स्तरों पर बड़े सुधार किए गए: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि उत्तराखंड में निवेश की व्यापक संभावना है और राज्य को निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए उनकी सरकार ने नीतिगत और ढांचागत दोनों स्तरों पर बड़े सुधार किए हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे उत्तराखंड में निवेश की व्यापक संभावना है। इस संबंध में उन्होंने साहसिक पर्यटन, ऊर्जा उत्पादन, संगध पौधों, विनिर्माण, कृषि, उद्यान, जड़ी-बूटी, आयुष और वेलनेस आदि क्षेत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि इन सभी में निवेश की आभार संभावनाएं हैं। धामी ने कहा, हमने राज्य को निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए नीतिगत और ढांचागत दोनों स्तर पर बड़े सुधार किए हैं और काम शुरू करने में आसानी हो, इसके लिए नियमावली में भी उसी के अनुरूप सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अपराधमुक्त और भयमुक्त समाज के लिए अनेक सख्त वैधानिक प्रावधान किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, सड़क, रेल, हवाई अड्डा, रोपवे व संचार नेटवर्क की बेहतर आधारभूत ढांचा तैयार किया है जिससे राज्य एक सुरक्षित, सुगम और आकर्षक निवेश स्थल के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। उन्होंने विदेशों में रह रहे प्रवासियों का मातृभूमि के किसी गांव या कस्बे को गोद लेकर उसे विकसित और संरक्षित करने का प्रण लेने का भी आह्वान किया।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं सहित पांच नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी. ने बताया कि मद्देड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदेपाड़ा-कोरंजेड गांव के जंगल में सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिलने के बाद जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला बल के जवानों ने शनिवार को अभियान शुरू किया।पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ने बताया, अपराह्न तीन-चार बजे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। घटनास्थल से वर्दी पहने दो महिलाओं समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए। हमने एक एसएलआर, एक राइफल, दो सिंगल शॉट राइफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल), एक मजल लोडिंग गन और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। इसके साथ ही 2025 में राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 14 नक्सली मारे जा चुके हैं।नारायणपुर-दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों की सीमा पर अबूझमाड़ में सुरक्षा बलों द्वारा छह जनवरी से चलाए गए तीन दिवसीय नक्सल विरोधी अभियान के दौरान दो महिलाओं सहित पांच नक्सली मारे गए।सुकमा जिले में नौ जनवरी को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए थे। इससे पहले तीन जनवरी को रायपुर संभाग के गरियाबंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था।पुलिस के अनुसार, पिछले वर्ष राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को मार गिराया। इस वर्ष छह जनवरी को नक्सलियों ने बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के काफिले को निशाना बनाकर आईईडी विस्फोट किया था, जिसकी चपेट में आए एक वाहन में सवार आठ पुलिस कर्मी और वाहन चालक मारे गए थे।

# शिवकुमार ने वोक्कालिगा संघ से जाति जनगणना बैठक स्थगित करने को कहा

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक के** उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रविवार को कहा कि उन्होंने वोक्कालिगा संघ के पदाधिकारियों से जाति जनगणना पर बैठक स्थगित करने को कहा है। उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि अगर उन्होंने झगड़ना बंद नहीं किया तो वह संघ में प्रशासक नियुक्त कर देंगे। शिवकुमार ने कहा, हमारे नए पदाधिकारियों की एक टीम मुझसे मिलने आई थी। वे सभी सुलह के बाद एक साथ आए। मैंने उन्हें चेताया कि अगर झगड़ा जारी रहा तो मैं संघ में एक प्रशासक नियुक्त करूंगा। वे इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे मिलकर काम करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने न तो कोई बैठक की और न ही इसकी आवश्यकता महसूस की। उन्होंने यहां कहा, संघ के पदाधिकारियों ने जाति जनगणना के संबंध में बैठक करने का निर्णय लिया था। मैंने उनसे बैठक स्थगित करने को कहा, क्योंकि इससे अनावश्यक भ्रम पैदा होगा। मैंने उनसे यह भी कहा कि मैं इस बारे में आदि चुनचनगिरी मठ के महंत निर्मलानंदन स्वामी से बात करूंगा। वोक्कालिगा कर्नाटक के प्रमुख कृषक समुदायों में से एक है, जिससे शिवकुमार ताल्लुक रखते हैं। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के जयप्रकाश हेगड़े ने 29 फरवरी, 2024 को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी थी जिसे आमतौर पर जाति जनगणना रिपोर्ट के रूप में जाना जाता है। इसने विभिन्न पिछड़े समुदायों के बीच बहस छेड़ दी है क्योंकि कुछ ने इसका विरोध किया है। राज्य के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल ने दो जनवरी को कहा था कि मंत्रिमंडल अपनी अगली बैठक में जाति जनगणना पर चर्चा करेगा। सी टी रवि से संबंधित मामले को स्थानांतरित करने के बारे में विधान परिषद के सभापति बसवराज होरट्टी द्वारा गृह मंत्री को लिखे गए पत्र के बारे में पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री इसका जवाब देंगे।

### सिद्धरमैया ने जाति जनगणना रिपोर्ट कैबिनेट की अगली बैठक में पेश किए जाने के संकेत दिए



**विजयनगर (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को संकेत दिया कि जाति जनगणना रिपोर्ट को अगली कैबिनेट बैठक में पेश किया जाएगा।सिद्धरमैया ने यहां संवाददाताओं को बताया, हमें पिछले साल रिपोर्ट मिली थी। रिपोर्ट को कैबिनेट के सामने रखा जाना है। इस पर हमने 160 करोड़ रुपए खर्च किए है। देखते है कैबिनेट में इस पर क्या चर्चा और फैसला होता है। जाति जनगणना का विरोध करने वाले लोगों के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, जाति जनगणना और आरक्षण का या तो समर्थन होगा या विरोध होगा। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के. जयप्रकाश हेगड़े ने 29 फरवरी, 2024 को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी। इसे आमतौर पर जाति जनगणना रिपोर्ट के रूप में जाना जाता है। इसने विभिन्न पिछड़े समुदायों के बीच बहस छेड़ दी है तथा कुछ ने इसका विरोध किया है। राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने 2 जनवरी को कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान कहा कि मंत्रिमंडल की अगली बैठक में जाति जनगणना पर चर्चा होगी।

# हम बिना कोई सवाल पूछे बहुत जल्दी किसी को आदर्श मान लेते हैं: धनखड़

भाषा। नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने रविवार को इस बात पर अफसोस जताया कि भारतीय बहुत जल्दी किसी व्यक्ति को अपना आदर्श मान लेते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को सवाल पूछने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। धनखड़ ने कहा, यह विचार कि आपके बिना चीजें काम नहीं कर सकतीं सत्य नहीं है। ईश्वर ने आपकी दीर्घायु की सीमा पहले ही निर्धारित कर दी है। इसलिए, उन्होंने यह भी तय कर दिया है कि आप अपरिहार्य नहीं हो सकते। गुरुग्राम में मास्टर्स यूनियन के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, हमारे देश में यह बहुत ही सरल सी बात है। हम बहुत जल्दी किसी को आदर्श बना लेते हैं और उसे प्रतीक मान लेते हैं। हम कभी नहीं पूछते कि वह एक महान वकील क्यों हैं, महान नेता क्यों हैं, महान डॉक्टर क्यों हैं, महान पत्रकार क्यों हैं। हम बस यह मान लेते हैं कि ऐसा है...आपको सवाल पूछना चाहिए। उन्होंने युवाओं से खुद पर विश्वास करने का आग्रह करते हुए कहा, कोई भी जीवित व्यक्ति तब तक आपका सम्मान पाने का हकदार नहीं है, जब तक आप उसमें कोई गुण नहीं देखते हैं। उन्होंने कहा, चापलूस या पाखंडी बनने की इच्छा कभी नहीं होनी चाहिए। देश की नौकरशाही की क्षमता को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत के पास सर्वोत्तम मानव संसाधन, नौकरशाही है, जो सही ढांचे में सही कार्यपालिका के नेतृत्व में कोई भी परिवर्तन ला सकती है।

# अमेरिका आग: मरने वालों की संख्या 16 हुई

**भाषा।** लॉस एंजिलिस



**अमेरिका के लॉस एंजिलिस** शहर के चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 होने की पुष्टि की है। कार्यालय ने शनिवार शाम को एक बयान में कहा कि कुल 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से पांच की मौत पैलिसेड्स जबकि 11 की मौत ईटॉन इलाके में हुई। इससे पहले 11 लोगों की मौत होने की पुष्टि की गई थी, लेकिन अधिकारियों ने कहा था कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अधिकारियों ने एक केंद्र स्थापित किया है, जहां लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इस बीच, दमकल कर्मियों ने फिर से तेज हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए आग को काबू करने के प्रयास और तेज कर दिए हैं। दमकल कर्मी प्रयास कर रहे हैं कि आग विश्व प्रसिद्ध जे. पॉल गेटी संग्रहालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय तक न फैले। मैन्डेविल कैनयन में आग बुझाने के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। पैसिफिक कोस्ट के निकट स्थित मैन्डेविल कैनयन में प्रसिद्ध अभिनेता अर्नोल्ड श्वार्जनेगर समेत कई हस्तियों के घर हैं। कैलफायर ऑपरेशन्स के प्रमुख क्रिश्चियन लिट्ज ने एक ब्रीफिंग में कहा कि आग बुझाने के अभियान के दौरान विशेष ध्यान कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के निकट घाटी क्षेत्र पैलिसेड्स में लगी भीषण आग पर रहेगा। फिलहाल आग प्रभावित इलाकों में हल्की हवाएं चल रही हैं, लेकिन राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी दी कि अग्निशामकों के लिए मुश्किलें खड़ी करने वालीं तेज सेंटा ऐना हवाएं जल्द ही लौट सकती हैं। बताया जा रहा है कि इन हवाओं के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिसने लॉस एंजिलिस तथा आसपास के पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में लेकर नष्ट कर दिया है। लॉस एंजिलिस में आठ महीनों से अधिक समय से कोई खास बारिश नहीं हुई है। आग के कारण अंतरराज्ईय राजमार्ग 405 पर भी खतरा मंडरा रहा है जो इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाला मुख्य यातायात मार्ग है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने बताया कि विनाश को रोकने का काम शनिवार को भी जारी रहा और टीमें शवों को खोजने वाले कुत्तों की मदद से खोजी अभियान चला रही हैं। लूना ने बताया कि पासाडेना में एक परिवार सहायता केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने निवासियों से कर्फ्यू का पालन करने का आग्रह किया। आग ने करीब 145 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। हजारों लोगों को अब भी आग प्रभावित इलाकों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। शहर के उत्तर में घनी आबादी वाले 40 किलोमीटर के क्षेत्र में लगी आग ने 12,000 से ज्यादा इमारतों को जलाकर राखकर दिया है, जिसमें घर, अपार्टमेंट इमारतें, व्यवसायिक इमारतें आदि शामिल हैं। हालांकि अब तक आग लगने का मुख्य कारण नहीं पता चल पाया है। आग अब भी जल रही है और शुरुआती अनुमानों के अनुसार यह संपत्ति के नुकसान के लिहाज से सबसे बड़ी आग है। एक्यूवेदर के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार अब तक 135 अरब अमेरिकी डॉलर से लेकर 150 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच नुकसान हो चुका है। अल्टाडेना के निवासी जोस लुइस गोडिनेज ने बताया कि उनके परिवार के 10 से ज्यादा सदस्यों के तीन घर नष्ट हो गए। उन्होंने कहा, सब कुछ खत्म हो गया है। मेरा पूरा परिवार उन तीन घरों में रहता था और अब हमारे पास कुछ भी नहीं है। जले हुए घरों में लौट रहे लोगों को अधिकारियों ने आगाह किया है। कुछ निवासी मलबे से अपनी यादगार चीजें ढूंढने के लिए वापस आ रहे हैं। शनिवार को अधिकारियों ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि राख में सीसा, आर्सेनिक, एस्बेस्टस और अन्य हानिकारक पदार्थ हो सकते हैं। थॉमस ने कहा कि क्षतिग्रस्त संपत्तियों के मूल्यांकन के बाद निवासियों को सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए लौटने की अनुमति दी जाएगी।

## लॉस एंजिलिस में तबाही मचाने वाली तेज हवाओं के लौटने से पहले आग पर काबू पाने के प्रयास और तेज

**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**अमेरिका के** कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस शहर में दमकल कर्मियों ने फिर से तेज हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए जंगल में लगी भीषण आग को काबू करने के प्रयास और तेज कर दिए हैं। दमकल कर्मी प्रयास कर रहे हैं कि आग विश्व प्रसिद्ध जे. पॉल गेटी संग्रहालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय तक न फैले। मैन्डेविल कैनयन में आग बुझाने के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। पैसिफिक कोस्ट के निकट स्थित मैन्डेविल कैनयन में प्रसिद्ध अभिनेता अर्नोल्ड श्वार्जनेगर समेत कई हस्तियों के घर हैं। कैलफायर ऑपरेशन्स के प्रमुख क्रिश्चियन लिट्ज ने एक ब्रीफिंग में कहा कि आग बुझाने के अभियान के दौरान विशेष ध्यान कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के निकट घाटी क्षेत्र पैलिसेड्स में जल रही भीषण आग पर रहेगा। फिलहाल आग प्रभावित इलाकों में हल्की हवाएं चल रही हैं, लेकिन राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी दी कि अग्निशामकों के लिए मुश्किलें खड़ी करने वालीं तेज सेंटा ऐना हवाएं जल्द ही लौट सकती हैं। बताया जा रहा है कि इन हवाओं के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिसने लॉस एंजिलिस तथा आसपास के पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में लेकर नष्ट कर दिया है। लॉस एंजिलिस में आठ महीनों से अधिक समय से कोई खास बारिश नहीं हुई है। आग के कारण अंतरराज्ईय राजमार्ग 405 पर भी खतरा मंडरा रहा है जो इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाला मुख्य यातायात मार्ग है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने बताया कि विनाश को रोकने का काम शनिवार को भी जारी रहा और टीमें शवों को खोजने वाले कुत्तों की मदद से खोजी अभियान चला रही हैं।

## भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में सिंगापुर को दिख रहे हैं अवसर : ली

**सिंगापुर।** सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग ने कहा है कि भारत आगे बढ़ रहा है और सिंगापुर को दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले इस देश के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के कई अवसर दिखाई दे रहे हैं। ली ने शनिवार को भारतीय व्यापारिक समुदाय को संबोधित करते हुए यह बात कही। बीस वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री रहे ली ने कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। सिंगापुर की भारत में छवि अच्छी है और भारत की विभिन्न सरकारों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार, कौशल प्रशिक्षण और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के कई अवसर हैं और साथ ही स्वास्थ्य, डिजिटल समेत कई क्षेत्रों में भी सहयोग के अवसर तलाशे जा सकते हैं। उन्होंने भारतीय व्यापार समुदाय से इन अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।

## पंजाब की सीएम की फर्जी तस्वीरें साझा करने पर इमरान के समर्थक गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की फर्जी तस्वीरें और वीडियो साझा करने के मामले में संलिप्तता के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पांच समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की लाहौर स्थित साइबर अपराध इकाई ने मरियम और शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की फर्जी तस्वीरें और वीडियो अपलोड करने के आरोप में पंजाब प्रांत के विभिन्न इलाकों से इमरान के समर्थक माने जाने वाले पांच लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया। शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान पिछले रविवार को रहीम यार खान स्थित शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे थे, जहां प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनका स्वागत किया था। इस अवसर पर मरियम भी वहां मौजूद थी और उन्होंने हाथ मिलाकर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का अभिवादन किया था। विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने मरियम की कड़ी आलोचना करते हुए यूएई के राष्ट्रपति से हाथ मिलाने के उनके कदम को बेहद अनुचित करार दिया था।


## श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय राष्ट्र (श्रीलंका) के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ ही मछली पकड़ने वाली दो नौकाओ को जब्त कर लिया है। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना द्वारा रविवार को जारी एक विज्ञप्ति से मिली।श्रीलंका की नौसेना ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ए गिरफ्तारियां शनिवार रात को मन्नार के उत्तर के समुद्री क्षेत्र में शुरू किए गए एक विशेष अभियान के दौरान हुईं। बयान में कहा गया है कि इन गिरफ्तारियों के साथ ही इस वर्ष अब तक 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन नौकाएं जब्त की जा चुकी हैं। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि 11 जनवरी की रात को उसकी उत्तर-मध्य कमान ने भारतीय मछुआरों की कुछ नौकाओं को देखा जो श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ रहे थे। उसने कहा कि कमान ने मन्नार के उत्तर समुद्री क्षेत्र से भारतीय मछुआरों की नौकाओ खदेड़ने के लिए अपने गश्ती जहाजों को भेजा। उसने बताया, इस अभियान के तहत मछली पकड़ने वाली दो भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया तथा आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया। भारतीय मछुआरों के साथ जब्त की गई नौकाओं को इरानतिवु द्वीप लाया गया और उन्हें कानूनी कार्यवाही के लिए किलिनोच्ची के सहायक मत्स्य निदेशालय को सौंप दिया जाएगा।

## पाकिस्तान: कोयला खदान में विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मीथेन गैस से हुए विस्फोट के कारण एक कोयला खदान ढहने की घटना में मरने वालो की संख्या बढ़कर 11 हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।क्वेटा से लगभग 40 किलोमीटर दूर संजदी इलाके में बुधवार शाम को कोयला खदान ढहने से 12 मजदूर फंस गए थे।प्रांत के खनन विभाग के प्रमुख अब्दुल्ला शावानी ने बताया कि तीन दिनो के बचाव कार्य में शनिवार रात तक 11 शव बरामद किए गए और बचावकर्मी अब भी खदान के अंदर अंतिम मजदूर की तलाश कर रहे है। अब कर्मचारी के जीवित रहने की संभावना बहुत कम है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा, यह घटना गैस इकट्ठा होने के कारण हुई।

# नेतन्याहू की गाजा संघर्षविराम वार्ता के लिए मोसाद के निदेशक को कतर भेजने की योजना



**भाषा।** गाजा पट्टी

**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा संघर्ष विराम वार्ता के लिए देश की खुफिया एजेंसी मोसाद के निदेशक को कतर भेज रहे हैं। नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया इजराइल और आतंकवादी समूह हमास के बीच नई दौर की वार्ता के लिए कतर की राजधानी दोहा कब जाएंगे लेकिन अमेरिका इस बात का दबाव बना रहा है कि 20 जनवरी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले एक समझौता हो जाए। बार्निया की उपस्थिति का मतलब यह है कि इसमें इजराइल के वे उच्च अधिकारी इस प्रक्रिया में शामिल हैं, जिन्हें इस समझौते पर हस्ताक्षर करना है। इजराइल और हमास के बीच 15 महीने से युद्ध जारी है और तब से दोनों पक्षों में सिर्फ एक बार संक्षिप्त अवधि के लिए संघर्षविराम हुआ है और वह भी लड़ाई के शुरुआती सप्ताह में। इसके बाद अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता में हुई वार्ताएं बेनतीजा रही हैं। इसके अलावा इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख और सैन्य तथा राजनीतिक सलाहकारों को भी कतर भेजा जा रहा है। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह निर्णय इजराइली रक्षा मंत्री, सुरक्षा प्रमुखों और निवर्तमान और नवनियुक्त अमेरिकी प्रशासन की ओर से वार्ताकारों के साथ बैठक के बाद लिया गया। नेतन्याहू के कार्यालय ने एक तस्वीर भी जारी की है जिसमें नेतन्याहू, अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में पश्चिम एशिया के लिए विशेष नियुक्त किए गए स्टीव विटकॉफ के साथ दिखाई दे रहे हैं।

## सीरिया में युद्ध अपराध के संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंध जारी रहें लेकिन लोगों को राहत की जरूरत: जर्मनी

**रियाद।** जर्मनी की विदेश मंत्री ने रविवार को कहा कि युद्ध के दौरान अपराधों के लिए जिम्मेदार सीरियाई अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध जारी रहना चाहिए लेकिन उन्होंने पिछले महीने राष्ट्रपति बशर असद सरकार का तख्तापलट किए जाने के बाद सीरियाई आबादी को राहत प्रदान करने के लिए सही दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। एनालेना बैरबॉक ने सऊदी अरब में आयोजित सीरिया के भविष्य पर एक सम्मेलन में पत्रकारों को संबोधित किया। इस सम्मेलन में यूरोपीय और पश्चिमी एशिया के शीर्ष राजनयिकों ने भाग लिया। जर्मनी उन देशों में से एक है जिन्होंने असहमति पर क्रूर कार्वाई करने के लिए असद सरकार पर प्रतिबंध लगाए हैं।ए प्रतिबंध सीरिया को लगभग 14 साल के गृहयुद्ध से उबरने में बाधा बन सकते हैं। गृह युद्ध में अनुमानित 500,000 लोग मारे गए और 2.30 करोड़ लोग विस्थापित हुए हैं।बैरबॉक ने कहा, गृहयुद्ध के दौरान गंभीर अपराध करने वाले असद के गुर्गों के खिलाफ प्रतिबंध लागू रहना चाहिए। लेकिन जर्मनी प्रतिबंधों के लिए एक सही दृष्टिकोण अपनाने का प्रस्ताव करता है, जिससे सीरियाई आबादी को तेजी से राहत मिल सके। सीरियाई लोगों को अब सत्ता परिवर्तन से त्वरित लाभ की आवश्यकता है। बैरबॉक ने भोजन, आपातकालीन आश्रयों और चिकित्सा देखभाल के लिए जर्मन सहायता में अतिरिक्त 5.12 करोड़ अमेरिकी डॉलर की घोषणा की। अमेरिका, यूरोपीय और कुछ अरब देशों ने 2011 के विद्रोह पर असद द्वारा की गई कार्वाई के बाद प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया और संघर्ष के युद्ध में तब्दील होने पर उन्हें और कड़ा कर दिया। प्रतिबंध न केवल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए गए थे बल्कि देश के तेल उद्योग, अंतरराष्ट्रीय धन हस्तांतरण और असद सरकार से जुड़ी सैकड़ों संस्थाओं व लोगों पर भी लागू किए गए थे।

## मध्य यमन में गैस स्टेशन पर विस्फोट से आग लगी, कम से कम 15 लोगों की मौत



**काहिरा।** मध्य यमन में एक गैस स्टेशन पर हुए विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट शनिवार को बायदा प्रांत के जहेर जिले में हुआ। बयान के अनुसार, कम से कम 67 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। मंत्रालय ने कहा कि बचाव दल लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। विस्फोट का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। ऑनलाइन प्रसारित फुटेज में भीषण आग दिखाई दे रही है। आग के कारण वाहन जलकर राख हो गए और आसमान में धुएं का गुबार उठता नजर आया।

## मलाला ने महिलाओं के खिलाफ लैंगिक रंगभेद की व्यवस्था के लिए अफगान तालिबान की आलोचना की

इस्लामाबाद। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने रविवार को अफगान तालिबान शासन की आलोचना करते हुए कहा कि उसने महिलाओं के अपराधों को संस्कृति और धर्म की आड़ में छिपाकर उनके खिलाफ लैंगिक रंगभेद की व्यवस्था स्थापित की है। इस्लामाबाद में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन मुस्लिम देशों में लड़कियों की शिक्षा के विषय पर उन्होंने कहा, सरल शब्दों में कहें तो तालिबान महिलाओं को इंसान नहीं मानता। वे अपने अपराधों को सांस्कृतिक और धार्मिक औचित्य की आड़ में छिपाते हैं। ए नीतियां मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं और इस्लामी शिक्षाओं में इनका कोई आधार नहीं है। तालिबान ने 2021 में अशरफ गनी की सरकार को गिराकर फिर से सत्ता हासिल कर ली और तब से महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने सहित कई महिला विरोधी नीतियों को वैध बनाकर, अफगानिस्तान पर बेखौफ शासन कर रहा है। नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला (27) ने अफगान सरकार के देश में इस्लामी व्यवस्था लागू करने के दावे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ए मानवाधिकारों का उल्लंघन है और कोई भी सांस्कृतिक या धार्मिक बहाना उन्हें उचित नहीं ठहरा सकता। उन्होंने मुस्लिम नेताओं से आग्रह किया कि वे अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता देने से बचें तथा महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा को सीमित करने वाली उनकी नीतियों के खिलाफ खड़े होकर वास्तविक नेतृत्व का प्रदर्शन करें। उन्होंने मुस्लिम नेताओं से कहा, उन्हें वैध मत बनाइए , क्योंकि उन्होंने तालिबान शासन को लैंगिक रंगभेद के अपराधी करार दिया।

## बांग्लादेश के यूनुस ने ब्रिटेन से शेख हसीना की भतीजी के भ्रष्टाचार कांड की जांच करने को कहा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने ब्रिटिश मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक और उनके परिवार की संपत्तियों की जांच की मांग की है। खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गई। यूनुस ने संकेत दिया है कि सिद्दीक ने अपनी मौसी शेख हसीना के बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान अवैध तरीकों से ए संपत्तियां अर्जित की होंगी। टाइम्स अखबार को दिए एक साक्षात्कार में यूनुस ने सिद्दीक और उनके परिवार को उनकी मौसी की अपदस्थ सरकार के सहयोगियों द्वारा उपहार में दी गई संपत्तियों के उपयोग की निंदा की। उन्होंने मांग की कि यदि यह पाया जाता है कि उन्हें स्पष्ट लाभ मिला है तो उनकी संपत्ति बांग्लादेश को वापस कर दी जाए।यूनुस ने कहा, यह साफ तौर पर डकैती है। उन्होंने पिछली सरकार पर धोखाधड़ी के जरिए धन की हेराफेरी करने का आरोप लगाया, जिसका देश पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ा है।ब्रिटेन के लेबर कैबिनेट की सदस्य सिद्दीक, आर्थिक मामलों की मंत्री के रूप में कार्यरत हैं, जो ब्रिटेन के वित्तीय बाजारों में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए जिम्मेदार हैं। यूनुस के साक्षात्कार को प्रकाशित करने के एक दिन बाद, ब्रिटिश अखबार ने रविवार को एक और खबर छापी, जिसका शीर्षक था बांग्लादेशी नेता की फटकार के बाद (ब्रिटेन के) प्रधानमंत्री से ट्यूलिप सिद्दीक को बर्खास्त करने का आग्रह। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार-निरोधक मंत्री को इस्तीफा देने के लिए दबाव का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बांग्लादेश के नेता ने पूर्व शासन द्वारा उन्हें और उनके परिवार को उपहार में दी गई संपत्तियों के उपयोग की निंदा की है।

## पाकिस्तान: लेवी बल के 140 हथियार और 1.4 लाख गोलियां अनधिकृत व्यक्तियों के पास पाई गईं

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के झोब जिले में संघीय लेवी बल के कम से कम 140 उन्नत हथियार और 1.4 लाख गोलियां अनधिकृत व्यक्तियों के कब्जे में पाई गई हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय लेवी बल पाकिस्तान का प्रांतीय अर्धसैनिक बल (जेंडरमेरी) है, जिसकी मुख्य भूमिका कानून का पालन सुनिश्चित करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नागरिक पुलिस की मदद करना और प्रांतीय स्तर पर आंतरिक सुरक्षा अभियानों का संचालन करना है। पुलिस उपायुक्त की ओर से झोब के नर थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, ए हथियार और गोलियां संघीय लेवी बल के लिए थे, लेकिन इन्हें अनधिकृत व्यक्तियों को वितरित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में संलिप्तता के आरोप में 69 लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिनमें सेवारत और सेवानिवृत्त लेवी बल के कर्मियों के साथ-साथ प्रभावशाली कबायली हस्तियां भी शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अब्दुल सबूर के अनुसार, अधिकारियों ने अभी तक क्लाशिनकोव राइफल और पिस्तौल सहित 44 हथियार व भारी संख्या में गोलियां बरामद की हैं। उन्होंने कहा, अनधिकृत व्यक्तियों के पास मौजूद और हथियार व गोलियां बरामद करने के लिए जांच जारी है। सबूर के मुताबिक, ऐसी चिंताएं हैं कि इनमें से कुछ हथियार और गोलियां क्षेत्र में सक्रिय अलगाववादी समूहों के हाथ लग गए होंगे। उन्होंने बताया कि यह घोटाला इस सप्ताह की शुरुआत में तीन जिलों में बलूचिस्तान पुलिस के साथ लेवी बल की विलय प्रक्रिया के दौरान सामने आया। सबूर के अनुसार, अधिकारियों ने हथियार भंडार की जांच के दौरान पाया कि क्लाशिनकोव राइफल सहित 140 हथियार और।,40,000 गोलियां गायब थीं, जिससे सुरक्षा चूक और हथियारों के संभावित दुरुपयोग के बारे में चिंताएं बढ़ गईं।

## बाइडन ने पोप फ्रांसिस को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम प्रदान किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को पोप फ्रांसिस को राष्ट्रपति की ओर से दिए जाने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया और कहा कि पोप विश्वास, उम्मीद और प्रेम की एक किरण हैं जो पूरी दुनिया को रौशन करती है। बाइडन को शनिवार को रोम जाकर पोप को व्यक्तिगत रूप से पदक प्रदान करना था लेकिन अमेरिका के कैलिफोर्निया के जंगलों में भीषण आग लगने के कारण उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। यह अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन की अंतिम विदेश यात्रा होती। 20 जनवरी को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के साथ ही बाइडन का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। बाइडन ने अपने कार्यकाल में पहली और आखिरी बार किसी को यह सम्मान प्रदान किया है। बाइडन को खुद को भी यह सम्मान मिल चुका है। आठ वर्ष पहले तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने बाइडन के उपराष्ट्रपति रहते हुए उन्हें सम्मानित किया था। ओबामा ने आठ साल के अपने कार्यकाल में दो बार किसी को यह सम्मान दिया था।

# इमरान ने 9 मई के दंगे से जुड़े मामलों में जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया

**भाषा।** लाहौर



**जेल में** बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने नौ मई 2023 की हिंसा से संबंधित आठ मामलों में गिरफ्तारी के बाद जमानत की मांग करते हुए लाहौर उच्च न्यायालय का रुख किया है। इन मामलों में एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के आवास पर हमला भी शामिल है। लाहौर उच्च न्यायालय के समक्ष शनिवार को अलग-अलग जमानत याचिकाएं दायर की गईं। पिछले साल नवंबर में लाहौर की आतंकवाद निरोधक अदालत ने इन मामलों में खान को जमानत देने से इनकार कर दिया था। खान (72) ने अपनी याचिकाओं में तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष उनकी गिरफ्तारी के बाद नौ मई को हुई हिंसा में उनकी संलिप्तता साबित करने में विफल रहा है।इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से 9 मई 2023 को अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। भीड़ ने रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी हमला किया था। खान ने कहा कि नौ मई के मामलों में केवल राजनीतिक कारणों से उन्हें परेशान करने और अपमानित करने की एक सुनियोजित साजिश के परिणामस्वरूप फंसाया गया।

## उत्तरी चीन में एचएमपीवी संक्रमण की दर में कमी आ रही है : चीनी स्वास्थ्य अधिकारी

**बीजिंग।** उत्तरी चीन में फ्लू जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की दर में कमी आ रही है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। एचएमपीवी बुखार, खांसी और नाक बंद होने सहित फ्लू या सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की प्रेसवार्ता के दौरान चीनी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र की शोधकर्ता वांग लिपिंग ने कहा, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस कोई नया वायरस नहीं है, और यह कम से कम कई दशकों से मनुष्यों में मौजूद है। उन्होंने कहा कि इस वायरस का पता पहली बार 2001 में नीदरलैंड में चला था। वांग ने कहा कि बेहतर परीक्षण विधियों के कारण हाल के वर्षों में इस वायरस के संक्रमण का पता लगाने की दर में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, वर्तमान में, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के संक्रमण की पहचान की दर में उतार-चढ़ाव हो रहा है, और उत्तरी प्रांतों में संक्रमण के पुष्ट मामलों की दर में कमी आ रही है। 14 वर्ष और उससे कम आयु के रोगियों में संक्रमण के मामलों की दर में गिरावट शुरू हो गई है। वांग ने कहा कि चीन में वर्तमान में लोगों को प्रभावित करने वाली श्वसन संबंधी बीमारियां ज्ञात रोगाणुओं के कारण होती हैं तथा कोई नई संक्रामक बीमारी सामने नहीं आई है।

# स्वास्थ्य सेवा पर महिलाओं का खर्च अधिक होता है

**भाषा।** एडिलेड

**ऑस्ट्रेलिया** की सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा योजना मेडिकेयर सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कम या बिना किसी लागत के व्यापक स्वास्थ्य एवं अस्पताल सेवाओं तक पहुंच की गारंटी देती है। हालाकि एक विश्लेषण से पता चलता है कि पुरुषों की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं पर महिलाओं को अधिक खर्च करना पड़ता है।

अन्य शोधों में पाया गया है कि पुरुष और महिलाएं स्वास्थ्य सेवा पर समान राशि खर्च करते हैं, या यहां तक कि पुरुष थोड़ा अधिक खर्च करते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं स्वास्थ्य सेवा पर अपने कुल व्यय का अधिक हिस्सा खर्च करती हैं। लागत के कारण उनके चिकित्सा देखभाल को छोड़ने या देरी करने की संभावना भी अधिक होती है। तो फिर महिलाएं स्वास्थ्य देखभाल पर अपना अधिक धन क्यों खर्च करती हैं और हम इस अंतर को कैसे पाट सकते हैं? महिलाओं को गंभीर बीमारियां अधिक होती हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में गंभीर स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका अधिक होती है। कुछ ऐसी स्थितियां भी हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्रभावित करती हैं, जैसे ऑटोइम्यून स्थितियां (उदाहरण के लिए, मल्टीपल स्केलेरोसिस और रुमेटॉइड आर्थराइटिस )। इसके अलावा, चिकित्सा अनुसंधान में पुरुषों पर ध्यान केंद्रित किए जाने के कारण कभी-कभी चिकित्सा उपचार महिलाओं के लिए कम प्रभावी हो सकते हैं। ए असमानताएं संभवत: यह समझने में महत्वपूर्ण हैं कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं आखिर क्यों स्वास्थ्य सेवाओं तक अधिक पहुंचती हैं। उदाहरण के लिए, 2021-22 में 79 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 88 प्रतिशत महिलाओं ने चिकित्सक से मुलाकात की। हालांकि, 2020-21 में, 4.3 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्होंने पिछले 12 महीनों में कम से कम एक बार लागत के कारण चिकित्सक से मुलाकात टाली थी, जबकि पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 2.7 प्रतिशत था। ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से यह भी पता चला है कि महिलाएं लागत के कारण मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से मिलने में देरी करती हैं या उसे टालती हैं। प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य की स्थितियां महिलाएं अपने पूरे जीवनकाल में दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से असमान रूप से प्रभावित होती हैं, लेकिन स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं में अधिकांश असमानता प्रथम मासिक धर्म और रजोनिवृत्ति के बीच केंद्रित होती है।




## रोबोटिक टेलीसर्जरी को दूरी से दिया गया अंजाम

देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की हैए जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पायाए जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया हैए जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक.असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनलए इंक के संस्थापकए चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटलए जयपुर में चीफ़ ऑफकार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35.40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और. दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गयाए इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता हैय उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रहीए यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है।

## केर्च जलडमरूमध्य में तेल रिसाव जारी रहने पर रूस ने बनाया आपात कार्यबल

**मास्को।** केर्च जलडमरूमध्य में तूफान प्रभावित दो टैंकरों से अब भी तेल रिसाव जारी रहने पर रविवार को एक आपात कार्यबल रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में पहुंचा। महीने भर पहले पहली बार इस रिसाव का पता चला था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को अधिकारियों को इस रिसाव से निपटने के लिए कार्वाई तेज करने का निर्देश दिया था जिसके बाद इस कार्यबल का गठन किया गया। इस कार्यबल में आपात स्थिति मंत्री एलेक्जेंडर कुरेनकोव भी हैं। पुतिन ने कहा था, यह हाल के वर्षों में हमारे सामने आई सबसे गंभीर पर्यावरण चुनौतियों में एक है। 155,000 टन से अधिक दूषित रेत और मिट्टी जमा की गई है। यह जलडमरूमध्य रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप को क्रास्नोडार क्षेत्र से अलग करता है। यूक्रेन में आंशिक रूप से रूस के कब्जे वाले ज़ापोरिझिया क्षेत्र में रूस द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि भारी लेकिन कम गुणवत्ता वाला तेल उत्पाद माजुट केर्च जलडमरूमध्य से लगभग 145 किमी उत्तर में बर्डियांस्क स्पिट तक पहुंच गया है।

# भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला पर किया कब्जा

## आयरलैंड को 116 रनों से हराया, जेमिमा की शतकीय पारी



**भाषा।** राजकोट

**जेमिमा रोड्रिग्स** के पहले एकदिवसीय शतक के साथ शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों से भारत ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे में आयरलैंड को 116 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने पांच विकेट पर 370 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 50 ओवर में सात विकेट पर 254 रन पर रोक दिया। कप्तान स्मृति मंधाना ने 54 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी खेलने के अलावा पहले विकेट के लिए प्रतिका रावल (60 गेंद में 67 रन) के साथ 114 गेंद में 156 रन की साझेदारी कर के भारत को तेज शुरुआत दिलाई। जेमिमा ने 91 गेंद में 102 रन की पारी में 12 चौके लगाए। उन्होंने हरलीन देयोल (84 गेंदों पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 168 गेंद में 183 रन की बड़ी साझेदारी कर टीम का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। भारतीय बल्लेबाजों ने आयरलैंड की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए 50 ओवर में 44 चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के बड़े स्कोर के दबाव में आयरलैंड के बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी की जगह पूरे 50 ओवर खेलने पर ध्यान दिया और टीम कभी भी जीत की स्थिति में नहीं थी। क्रिस्टिना कूल्टर रीली ने 80 रन की शानदार पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। दीप्ति शर्मा और प्रिया मिश्रा की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी के सामने आयरलैंड के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया। अनुभवी दीप्ति ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि प्रिया ने 53 रन देकर दो विकेट चटकाए। टिटास साधु और सयाली सातघरे को एक-एक सफलता मिली। जेमिमा को एकदिवसीय में अपना शतक जड़ने के लिए 41 मैचों का इंतजार करना पड़ा। इससे पहले उनके नाम छह अर्धशतक हैं। उन्होंने मध्यम तेज गेंदबाज अर्लीन केली के खिलाफ चौका लगाकर शतक पूरा किया और फिर अपने बल्ले से गिटार बजाने की भाव भंगिमा से इसका जश्न मनाया। उन्होंने इस शतकीय पारी के बाद मैच के प्रसारक (स्पोर्ट्स 18) से कहा, इस शतक को पूरा करने लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। खुशी है कि टीम ने मुझे नंबर चार पर भूमिका दी और मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकी। उन्होंने कहा, आज मेरे लिए 50वें ओवर तक क्रीज पर रहना अहम था। मेरे लिए रन बनाना कोई समस्या नहीं है, मैं इसमें लय में हूं लेकिन अंत तक क्रीज पर बने रहना महत्वपूर्ण था और खुशी है कि मैं ऐसा कर सकी। आयरलैंड के लिए केली और ओर्ला प्रेंडेरगास्ट को दो-दो जबकि जॉर्जीना डेम्पसे को एक सफलता मिली।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारीः** मंधाना का डेम्पसे बो प्रेंडेरगास्ट 73, रावल पगबाधा डेम्पसे 67, देयोल का डेलनी बो केली 89, रोड्रिग्सबो केली 102, घोष का सारजेंट बो प्रेंडेरगास्ट 10, हसबनिस नाबाद 02, सतघरे नाबाद 02, **अतिरिक्तः** 25, कुल योगः 50 ओवर मे पांच विकेट पर 370 रन, **विकेट पतन** : l-156, 2-156, 3-339, 4-358, 5-368।, **गेंदबाजी** : प्रेंडेरगास्ट 8-0-75-2, कैनिंग 10-0-51-0, केली10-0-82-2, सारजेंट 9-0-77-0, डैलजेल 5-0-41-0, डेम्पसे 8-0-42-।

**आयरलैंड पारी**- सारा बो दीप्ति 38, लुईस का रिचा बो सातघरे 12, कूल्टर रीली बो टिटास 80, प्रेंडेरगास्ट का सातघरे बो प्रिया 03, डेलेनी पगबाधा दीप्ति 37, पॉल नाबाद 27, केली बो दीप्ति 19, कैनिंगबो प्रिया 11, डेम्पसेनाबाद 06, **अतिरिक्तः** 21, **कुल योगः** 50 ओवर मे सात विकेट परः 254 रन, विकेट पतनः l-32, 2-87, 3-101, 4-184, 5-188, 6-218, 7-234, गेंदबाजीः टिटास10-0-48-।, सातघरे9-।-40-।, साइमा 9-0-50-0, प्रिया 10-0-53-2, दीप्ति 10-0-37-3, प्रतिका 2-0-12-0

# गावस्कर व कांबली को एमसीए ने सम्मानित किया



**मुंबई।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली समेत मुंबई के कुछ क्रिकेट नायकों को रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) द्वारा वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित जश्न के शुरूआती समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम 19 जनवरी को वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। संजय मांजरेकर, वसीम जाफर, राजू कुलकर्णी, चंद्रकांत पंडित, लालचंद राजपूत, शोभा पंडित और अरुंधति घोष समेत कई अन्य क्रिकेट दिग्गजों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने मुंबई क्रिकेट की समृद्ध विरासत में योगदान दिया है। गावस्कर रविवार को सम्मानित होने वाले मुंबई के पहले कप्तान थे, उन्हें एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने स्मृति चिह्न भेंट किया। गावस्कर ने कहा, इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में यहां आना मेरे लिए वास्तव में बहुत बड़ा सम्मान है जिसने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है और 2011 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन तो सोने पर सुहागा रहा। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के जश्न की शुरुआत का हिस्सा बनना, सम्मानजनक है। उन्होंने कहा, एक सलामी बल्लेबाज के रूप में मैं शुरुआत को मिस नहीं कर सकता था इसलिए मैं यहां उपस्थित हूं। मैं एमसीए को शुभकामनाएं देना चाहता हूं और स्कूल क्रिकेट के बाद से मुझे मौका देने के लिए अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त करना चाहता हूं। गावस्कर ने कहा, मैं जो कुछ भी हूं वह एमसीए के मुझे आगे बढ़ाने की वजह से हूं। मुझे यहां बुलाने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। गावस्कर 1974 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में पहला टेस्ट खेलने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। विनोद कांबली भी इस मौके पर मौजूद थे। स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण 21 दिसंबर को उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था, वह अब भी अपनी बीमारी से उबर रहे हैं, उन्हें अन्य लोगों द्वारा ले जाते हुए देखा गया। सम्मानित किए जाने के बाद कांबली ने प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेलने के दिनों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि मैंने इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला दोहरा शतक यहीं लगाया था और फिर अपने करियर में कई और शतक लगाए। अगर कोई भी मेरे या सचिन (तेंदुलकर) की तरह भारत के लिए खेलना चाहता है तो मैं सलाह दूंगा कि आपको कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए और ऐसा करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि सचिन और मैंने बचपन से ही ऐसा किया था। इस अवसर पर बोलते हुए एमसीए अध्यक्ष नाइक ने कहा, वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ हमारे लिए एक विशेष अवसर है। आज भव्य समारोह की शुरुआत हुई। इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के पीछे हमारा मुख्य उद्देश्य अगली पीढ़ी को मुंबई के क्रिकेट इतिहास और मुंबई के लिए खेलने वाले पुरुष और महिला खिलाड़ियों के योगदान के बारे में बताना तथा युवा पीढ़ी को इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है।

## आज से शुरू होगा खो खो विश्व कप

**नई दिल्ली।** खो खो विश्व कप सोमवार से यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में कुल 23 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें भाग लेने वाले प्रतियोगियों का कहना है कि यह टूर्नामेंट केवल प्रयास के मामले में ही नहीं बल्कि रणनीतिक सोच के मामले में भी उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लाने में अहम होगा।खो खो विश्व कप का फाइनल 19 जनवरी को होगा। पोलिश पुरुष टीम के सदस्य कोनराड ने कहा, खो खो एक बहुत ही सुंदर लेकिन थकाऊ खेल है जिसमें आप अपने दिमाग को व्यस्त रखते हुए भी स्वतंत्र रूप से दौड़ सकते है। भारत सोमवार को नेपाल के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा।

## बांग्लादेश ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम से शाकिब और लिटन दास को बाहर किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने रविवार को पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया जिन्हें अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। शाकिब पिछले महीने इंग्लैंड के लॉफ्बोरो यूनिवर्सिटी में अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल रहे थे और हाल में चेन्नई में हुई दूसरी स्वतंत्र जांच में भी उनका गेंदबाजी एक्शन पॉजिटिव नही पाया गया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके शाकिब को पिछले सितंबर मे काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## शाहीन अफीदी का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में

**कराची।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम मे नही चुना गया है जिससे उनका टेस्ट क्रिकेट मे भविष्य खतरे में पड़ गया है। शाहीन को 2024 की शुरुआत से पाकिस्तान के आखिरी 12 टेस्ट मैचों में से आठ मैच से या तो बाहर कर दिया गया या फिर उन्हे तथाकथित रूप से विश्राम दिया गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक 32 टेस्ट मे 116 विकेट लिए है। उन्हे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी धरती पर खेले गए दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भी टीम में नही चुना गया था। तब चयनकर्ताओ ने स्पष्टीकरण दिया था कि वे उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तरोताजा चाहते है।

## बड्डीज की 7 विकेट से जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच आईसी अग्रवाल नाबाद 74 की अगुवाई में उम्दा बल्लेबाजी से क्रिकेट बड्डीज क्रि केट क्लब ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट में लाइव टीवी एक्सप्रेस को 7 विकेट से शिकस्त दी। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर लाइव टीवी एक्सप्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। टीम से फैसल 34 साकेत मिश्रा 29 व अरविंद वर्मा20 ही टिक कर खेल सके।क्रिकेट बड्डीज से सुमित गुप्ता को 3 विकेट की सफलता मिली। जवाब में क्रिकेट बड्डीज ने 18.5 ओवर में 3 विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। आईसी अग्रवाल ने 55 गेंदों पर 11 चौके से नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। संजय सिंह ने 29 व सूरज ने नाबाद 39 रन का योगदान किया।

# ज्वेरेव जीते, सबालेंका और झेंग दूसरे दौर में

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दिन बारिश ने डाली बाधा

**भाषा।** मेलबर्न

**मौजूदा चैंपियन** आर्यना सबालेंका और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रविवार को यहां बारिश से प्रभावित दिन में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दिन बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए क्योंकि इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही संभव हो पाया था। पुरुष वर्ग में दूसरे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दिन के अंतिम मैच में लुकास पोयूले को 6-4, 6-4, 6-4 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। दो बार की चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2017 की विजेता स्लोएन स्टीफंस पर 6-3, 6-2 की जीत के साथ लगातार तीसरे खिताब के लिए अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। पिछले साल फाइनल में सबालेंका से हारने के बाद मेलबर्न पार्क के मुख्य कोर्ट पर छत के नीचे खेले गए अपने पहले मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग ने रोमानिया की 20 वर्षीय क्वालीफायर एंका टोडोनी को 7-6 (3), 6-। से हराया। एंड्रीवा दूसरे दौर में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी थी। उन्होंने जॉन कैन एरेना में छत के नीचे खेले गए मैच में मैरी बौज़कोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरुष वर्ग में खेले गए पहले तीन मैच में से दो मैच पांच सेट तक खिंचे। केई निशिकोरी ने तीसरे सेट में दो मैच प्वाइंट बचाकर वापसी करते हुए क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो को 4-6, 6-7 (4), 7-5, 6-3, 6-3 से जबकि छठी वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने जाउम मुनार को 6-3, l-6, 7-5, 2-6, 6-। से हराया।



## सुमित नागल पहले दौर में हारे

**मेलबर्न।** सुमित नागल का रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अभियान पुरुष एकल स्पर्धा मे दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस माचाक से सेटो मे मिली हार के साथ खत्म हो गया।भारत का यह शीर्ष एकल खिलाड़ी अपने मौको का फायदा उठाने मे विफल रहा और चेक गणराज्य के अपने प्रतिद्वंद्वी से 3-6, l-6, 5-7 से हार गया। माचाक ने अपनी बेहतरीन निरंतरता और सटीकता से दबदबा बनाया। नागल (91वीं रैंकिंग) मैच के शुरु मे आत्मविश्वास से भरे लग रहे थे और उन्होने अपने पहले तीन सर्विस गेम मे सिर्फ दो अंक गंवाए। हालांकि एक डबल फॉल्ट और लगातार की गई गलतियों के कारण उन्होने सातवें और नौवें गेम मे अपनी सर्विस गंवा दी। इससे माचाक ने पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट मे नागल को शुरू मे माचाक की सर्विस तोड़ने का मौका मिला, लेकिन चेक खिलाड़ी ने मजबूती से खेलते हुए ब्रेकप्वाइंट बचा लिया। इसके बाद माचाक ने नियंत्रण बनाते हुए महज 36 मिनट मे सेट जीत लिया। दो सेट से पिछड़ने के बाद नागल ने तीसरे सेट मे जोरदार वापसी की और शुरुआती ब्रेक हासिल किया।

## हैदराबाद तूफान्स ने वेदांत कलिंगा लांसर्स को 5-1 से हराया

**राउरकेला।** हैदराबाद तूफान्स हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पुरुष वर्ग के मैच में रविवार को यहां वेदांत कलिंगा लांसर्स पर 5-। से शानदार जीत के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। हैदराबाद तूफान्स के लिए गोंजालो पेइलेट ने दो गोल किए, जबकि माइको कैसेला, टिम ब्रांड और अर्शदीप सिंह ने एक-एक गोल किया। लांसर्स के लिए इकलौता गोल अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने किया। हेंड्रिक्स ने मैच के पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर कलिंगा लांसर्स को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन टीम की यह खुशी ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही। पेइलेट ने अगले मिनट ही लांसर्स के गोलकीपर कृष्ण पाठक को छकाकर स्कोर को।-। से बराबर कर दिया। टीम ने 21वें मिनट में कैसेला के गोल से बढ़त हासिल कर मैच पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया। जाचरी वालेच के पास पर अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने मुश्किल कोण से शानदार गोल किया।

### क्विक न्यूज

## अंकिता, रश्मिका आईटीएफ डब्ल्यू-50 स्पर्धा में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय एकल खिलाड़ी अंकिता रैना और रश्मिका श्रीवल्ली भामिदिपति सोमवार से यहां शुरू हो रहे आईटीएफ डब्ल्यू50 टूर्नामेंट में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी, जबकि करमन कौर थांडी एक साल के लंबे अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगी। विश्व रैंकिंग में 286वें स्थान पर काबिज अंकिता को पिछले साल मामूली सफलता मिली थी और उनका लक्ष्य 2025 की शुरुआत जीत से करना होगा। भारत की नंबर तीन एकल खिलाड़ी रश्मिका भी पिछले साल के आखिर में आईटीएफ के दो फाइनल खेलने के बाद अच्छी शुरुआत करना चाहेंगी। करमन को पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन रिया भाटिया के साथ वाइल्ड कार्ड दिया गया है। एकल वर्ग में दुनिया की 119वें नंबर की दारजा सेमेनिस्ताजा मुख्य ड्रॉ में सर्वोच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। शीर्ष 200 रैंकिंग में शामिल हंगरी की पन्ना उडवार्डी (155), ब्राजील की लॉरा पिगोसी (160), ब्रिटेन की लिली युरिको मियाजाकी (182) और इटली की जियोर्जिया पेडोन (194) जैसी खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगी।

## आईपीएल 2025 सत्र से आईसीसी की आचार संहिता के नियमों का पालन करेगा

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद ने रविवार को फैसला किया कि 21 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सत्र से खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता का पालन किया जाएगा, जबकि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आयोजन चार शहरों में होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष और आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष राजीव शुक्ला ने यहां पत्रकारों से कहा कि आईपीएल का आगामी सत्र 23 मार्च से शुरू होगा लेकिन संचालन समिति के एक वरिष्ठ सदस्य ने स्पष्ट किया कि यह 20 या 21 मार्च को ही शुरू होगी।यह पता चला है कि आईसीसी आचार संहिता का पालन करने का निर्णय रविवार की बैठक के दौरान लिया गया। संचालन समिति के एक सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, आईपीएल में अब से लेवल एक, दो और तीन स्तर के उल्लघंन के लिए आईसीसी द्वारा स्वीकृत जुर्माना लगाया जाएगा। इससे पहले आईपीएल की अपनी आचार संहिता थी, लेकिन अब इसे आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेलने की शर्तों का पालन किया जाएगा। इस बीच पता चला है कि डब्ल्यूपीएल के मैचों को लखनऊ मुंबई, बड़ौदा और बेंगलुरु में खेला जाएगा।

## सिवाच और चाहर सहित एसएससीबी के नौ मुक्केबाज राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**बरेली।** सचिन सिवाच और लक्ष्य चाहर सहित सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) के नौ मुक्केबाजों ने आठवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व युवा चैंपियन सिवाच ने लाइटवेट (55-60 किग्रा) वर्ग में हिमाचल प्रदेश के आशीष कुमार पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि एशियाई खेलों में भाग ले चुके चाहर ने भी लाइट हैवीवेट (75-80 किग्रा) वर्ग में आसान जीत के साथ अंतिम चार ने अपनी जगह पक्की की। सचिन और चाहर के अलावा एसएससीबी के जिन अन्य मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई उनमें जदुमणि सिंह मंडेंगब्रम (फ्लाईवेट), पवन बर्त्वाल (बैंटमवेट), हितेश (लाइट मिडिलवेट), दीपक (वेल्टरवेट), जुगनू (क्रूजरवेट), विशाल (हैवीवेट), और गौरव चौहान (सुपर हैवीवेट) शामिल हैं। इससे एसएससीबी लगातार तीसरी बार टीम खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। वेल्टरवेट (60-65 किग्रा) वर्ग में मौजूदा चैंपियन शिव थापा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मणिपुर के हेनथोई माएंगबाम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना हिमाचल प्रदेश के अविनाश जामवाल से होगा।

## युवा तेज गेंदबाज ओ रूर्के, स्मिथ और सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड की टीम में

**वेलिंगटन।** अनुभवी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और बेन सियर्स ने अगले महीने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में वापसी की।फर्ग्यूसन का अब न्यूजीलैंड क्रिकेट से अनुबंध नहीं है और वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने के कारण श्रीलंका के खिलाफ रविवार को समाप्त हुई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे।सियर्स पिछले साल टी20 विश्व कप में यात्रा रिजर्व थे। वह घुटने की चोट के कारण नवंबर में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और फिर घरेलू सत्र में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने गुरुवार को वेलिंगटन प्रांत के लिए टी20 मैच में वापसी की।

## दिल्ली ने राजस्थान यूनाईटेड से ड्रा खेला, चर्चिल ब्रदर्स गोवा ने ऐजल को हराया

**माहिलपुर।** दिल्ली एफसी ने रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले में राजस्थान यूनाईटेड एफसी से।-। से ड्रा खेला जबकि चर्चिल ब्रदर्स एफसी गोवा ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए ऐजल एफसी को 6-0 से शिकस्त दी। दिल्ली एफसी के थोकचोम जेम्स सिंह को 68वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाने से बाहर होना पड़ा। राजस्थान एफसी ने एलेन ओआरजुन के 70वें मिनट में पेनल्टी से किए गए गोल से बढ़त हासिल की। इसके बाद दिल्ली एफसी ने नाईजीरिया के नेल्सन एसोर बुलुनवो ओकवा के 83वें मिनट में हेडर से किए गए गोल से बराबरी हासिल की। राजस्थान एफसी आठ मैच में 11 अंक से तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई जबकि दिल्ली एफसी नौ अंक से सातवें स्थान पर बनी हुई है। पणजी में हुए मैच में चर्चिल ब्रदर्स के लिए दक्षिण अफ्रीका के स्ट्राइकर वायडे लेकी ने तीसरे और पेनल्टी से 53वें मिनट में दो गोल दागे। त्रिजॉय सावियो एडिडास ने भी दो गोल किए।

# नायर का शतक से विदर्भ सेमीफाइनल में

## गुजरात को हराकर हरियाणा भी अंतिम चार में पहुंचा



**भाषा।** वडोदरा

**शानदार लय** में चल रहे करुण नायर की नाबाद शतकीय पारी से विदर्भ ने विजय हजारे ट्रॉफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में रविवार को यहां राजस्थान को आठ विकेट से हराया। अंतिम आठ के एक अन्य मैच में हरियाणा ने गुजरात पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में हरियाणा का सामना कर्नाटक से होगा जबकि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ की टीम महाराष्ट्र से भिड़ेंगी। नायर ने 82 गेंद में 13 चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 112 रन की पारी के साथ पिछले पांच मैचों में अपना चौथा शतक पूरा किया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए टीम के एक अन्य शतकवीर ध्रुव शोरे (नाबाद 122 रन) के साथ 200 रन की अटूट साझेदारी की जिससे विदर्भ ने 43.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत के लिए मिले 292 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। शोरे ने 131 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए। शोरे ने यश राठौड़ (39) के साथ पहले विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी। नायर ने क्रीज पर आते ही आत्मविश्वास से भरे शॉट खेलकर राजस्थान के गेंदबाजों को परेशान किया।

# चौदह साल की इरा का 346 रन अंडर-19 क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड

**अलूर (बेंगलुरु)।** मुंबई की 14 साल की सलामी बल्लेबाज इरा जाधव रविवार को अंडर-19 महिला वनडे ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ 346 रन बनाकर अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं। सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली और अजीत अगरकर के स्कूल शारदाश्रम विद्यामंदिर की छात्रा इरा ने 157 गेंदों में 42 चौकों और 16 छक्कों की मदद से यह पारी खेली। यह किसी भारतीय द्वारा यूथ लिस्ट ए मैचों में बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। लेकिन इस वर्ग का विश्व रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली के नाम है जिन्होंने 2010 में एक घरेलू मैच में 427 रन बनाए थे। इरा पिछली महिला प्रीमियर लीग नीलामी में नहीं बिक पाई थीं। उन्हें हालांकि मलेशिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारत की अंडर-19 टी20 विश्व कप टीम के स्टैंडबाय में शामिल किया गया है। भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स की मुरीद इरा के तिहरे शतक और कप्तान हर्ले गाला (116, 79 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए उनकी 274 रन की साझेदारी की बदौलत मुंबई ने तीन विकेट पर 563 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मेघालय की टीम महज 19 रन पर आउट हो गई और इस पारी में छह खिलाड़ी शून्य पर आउट हुई।

## दक्षिण अफ्रीका ने आलोचना का सामना किया हैः डिविलियर्स

**जोहानिसबर्ग।** एबी डिविलियर्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है तथा उसने कई बदलाव के बावजूद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और वह जून में लॉर्ड्स में प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने घरेलू सरजमीं पर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला ड्रा कराई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी अन्य प्रमुख टेस्ट टीमों से नहीं खेली।डिविलियर्स ने यहां पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका की अनुचित आलोचना हुई है। आपको टीम के बारे में राय देने से पहले पिछले तीन से पांच वर्षों में हुए सभी बदलावों को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा, कई अनुभवी खिलाड़ी संन्यास ले रहे हैं। कोचिंग स्टाफ में काफी बदलाव हुआ है। टीम में कई बदलाव हुए हैं तथा कई नई चेहरे टीम से जुड़े हैं।

# फिटनेस रिकॉर्ड को देखते हुए बुमराह को लंबे समय तक टेस्ट कप्तान के रूप में नहीं देख सकती चयन समिति

**भाषा।** नई दिल्ली

**जसप्रीत बुमराह** भविष्य में रोहित शर्मा की जगह भारत के टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं लेकिन अपनी फिटनेस संबंधी चिंताओं को देखते हुए वह लंबे समय के विकल्प नहीं लगते और हाल में कमर की मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या के कारण उनका अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध है। भारतीय चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी में वह कुछ भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि अब उन्हें सिर्फ सूजन है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उन्हें टेस्ट में स्थाई कप्तान माना जा सकता है क्योंकि अब जबकि रोहित का टेस्ट मैच में भविष्य लगभग तय है। अगर बुमराह इंग्लैंड में टेस्ट टीम की अगुआई करने के लिए फिट और तैयार हैं तो मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और उनके चार साथियों को उप कप्तान के तौर पर एक मजबूत नाम की जरूरत है ताकि किसी भी उत्पन्न हुई स्थिति में उप कप्तान जिम्मेदारी संभालने के लिए सक्षम हो। फिलहाल टेस्ट में केवल दो नाम ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल चर्चा में हैं। इसमें से पंत इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त दिख रहे हैं। समझा जाता है कि शनिवार को अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और रोहित के साथ बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के दौरान बुमराह की कमर के निचले हिस्से की समस्या सामने आई। समीक्षा बैठक के बाद निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि रोहित के पांच टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड जाने की संभावना बहुत कम है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो 31 वर्षीय बुमराह निश्चित रूप से हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में टीम की अगुआई करेंगे। महज 204 मैच में 443 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बुमराह ने हाल में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पर्थ और सिडनी में भारत का नेतृत्व किया तथा 32 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे जो विदेशी धरती पर किसी भारतीय द्वारा झटके सर्वाधिक विकेट हैं। लेकिन अंतिम टेस्ट में पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव उनके लिए अच्छा साबित नहीं हुआ क्योंकि वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। अब वह चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजरने के लिए तैयार हैं।इस चोट ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या बुमराह टेस्ट में तेज गेंदबाज के रूप में अपने कार्यभार को देखते हुए लंबे समय तक फिट रह सकते हैं जिनकी आईसीसी के सफेद गेंद के टूर्नामेंट के लिए भी जरूरत है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जून 2025 से जून 2027 तक अगले डब्लयूटीसी चक्र के दौरान बुमराह को और चोट नहीं लगेगी और अब वह 30 साल की उम्र के पार हो चुके हैं। इसलिए चयनकर्ता दूसरी योजना तैयार करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं जिसमें कप्तानी के लिए एक और समान रूप से मजबूत उम्मीदवार को रखना शामिल हो जिसे उप-कप्तान के रूप में तैयार किया जा सके। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग गांधी ने कहा, मेरे लिए यह बहुत ही सरल बात है। आप डेटा देखें और पता लगाएं कि टेस्ट क्रिकेट में कौन निश्चित रूप से चुना जा सकता है। बुमराह ने 45 टेस्ट खेले हैं और पंत ने 43 टेस्ट। वह (पंत) अभी 27 साल के हैं और जब वह केवल 23 साल के थे तब उन्होंने गाबा में भारत को सबसे बेहतरीन टेस्ट जीत दिलाई थी। वह मैच विजेता हैं और उन्हें उप-कप्तान होना चाहिए।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः011-693425001